बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 अप्रैल 2024
वर्ष 2, अंक 243, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सैन्य खर्च में भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश 16

सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी 2

एक नजर

रेरा ने खरीदार पर जुर्माना लगाया

नोएडा। उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (उप्र रेरा) ने अपनी तरह के एक अनूठे मामले में मंगलवार को एक खरीदार पर कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग के लिए जुर्माना लगाया। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि खरीदार ने संपत्ति की रजिस्ट्री में देरी के लिए मुआवजे की मांग करते हुए चौथी बार याचिका दायर की थी। नोएडा एक्सटेंशन में स्थित एक वाणिज्यिक परियोजना में आवंटी को कब्जा पहले ही मिल चुका है। उत्तर प्रदेश रेरा के एक अधिकारी ने कहा कि यह पहला मामला है जिसमें किसी खरीदार को कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के लिए दंडित किया गया है।

भारत को मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति करेगा रूस

नयी दिल्ली। रूस नयी समयसीमा के तहत अगले साल तक भारत को सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली एस-400 ट्रायम्फ की शेष दो रेजिमेंट की आपूर्ति करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूस 5.5 अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत भारत को लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों की तीन इकाइयों की आपूर्ति पहले ही कर चुका है।

गाजा युद्ध के मुद्दे पर घर में घिरे बाइडन

वाशिंगटन। गाजा में जारी युद्ध को लेकर अब अमेरिकी सरकार पर भी दबाव बढ़ रहा है और राष्ट्रपति जो बाइडन घर में ही घिरते जा रहे हैं। दरअसल गाजा युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये विरोध प्रदर्शन व्यापक पैमाने पर हो रहे हैं और हालात ये हैं कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और हजारों छात्रों के साथ ही अध्यापक और अन्य स्टाफ भी फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं। जिसमें कई छात्रों और अध्यायपकों को गिरफ्तार किया गया है।

बर्ड फ्लू के प्रकोप की खबरों के बीच हाई अलर्ट

मंगलुरु। केरल के कुछ जिलों में एवियन फ्लू का मामला सामने आने बाद मंगलुरु समेत कर्नाटक के सीमावर्ती इलाकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। कर्नाटक पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल कोई भी कदम उठाने से पहले केरल की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। केरल के हमारे समकक्षों ने हमें आश्वासन दिया है कि अलप्पुझा जिले में एवियन फ्लू पर काबू पा लिया गया है।

यूजीसी : भ्रामक संक्षेपणों के खिलाफ चेतावनी

नई दिल्ली। यूजीसी ने मान्यता प्राप्त डिग्री नामों के समान संक्षिप्ताक्षर वाले फर्जी ऑनलाइन कार्यक्रमों के खिलाफ जनता को चेतावनी दी है। विशेष रूप से '10-डेज एमबीए' पाठ्यक्रम का उल्लेख करते हुए यह बात कही। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा कुछ व्यक्ति या संगठन उच्च शिक्षा प्रणाली के मान्यता प्राप्त डिग्री कार्यक्रमों के समान संक्षिप्त रूपों के साथ ऑनलाइन कार्यक्रम और पाठ्यक्रम पेश कर रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम जिसकी ओर आयोग का ध्यान आकर्षित किया गया है वह है '10 डेज एमबीए'।

केजरीवाल को दी गई इंसुलिन

नयी दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ने के बाद उन्हें इंसुलिन दी गई। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तिहाड़ के एक अधिकारी ने कहा कि एम्स के चिकित्सकों की सलाह पर केजरीवाल को सोमवार शाम को कम डोज वाली इंसुलिन की दो यूनिट दी गईं।

शाम करीब सात बजे उनके रक्त में शर्करा की मात्रा 217 पाई गयी, जिसके बाद तिहाड़ में देखभाल कर रहे चिकित्सकों ने उन्हें इंसुलिन देने का फैसला किया। एम्स के विशेषज्ञों ने 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान तिहाड़ के चिकित्सकों को सलाह दी थी कि अगर केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा एक निश्चित स्तर से ऊपर चली जाती है तो उन्हें इंसुलिन दिया जा सकता है। आप नेता संजय सिंह ने कहा कि भगवान हनुमान का आशीर्वाद है कि लगभग 23 दिनों तक जेल में रहने और कथित दुर्व्यवहार के बावजूद आखिर उन्हें इंसुलिन मिल ही गया।

केजरीवाल और कविता अब 7 मई तक न्यायिक हिरासत में

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। हिरासत अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किए जाने के बाद सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत बढ़ाई।

मुंबई पुलिस ने तापी नदी से बरामद की दो पिस्तौल

मुंबई, एजेंसी

सलमान गोलीबारी मामला

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी में इस्तेमाल की गई पिस्तौल व गोलियां गुजरात में तापी नदी से बरामद की हैं।

सोमवार को शुरू हुई तलाशी के दौरान अपराध शाखा ने दो पिस्तौल, तीन मैगजीन और 13 गोलियां बरामद की हैं। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर दया नायक समेत 12 अधिकारियों की टीम मौके पर डटी हुई है और गोताखोरों की मदद से तलाश जारी है। गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों, विक्की गुप्ता और सागर पाल ने 14 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के घर के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी की थी और फिर मोटरसाइकिल पर मौके से भाग गए थे। तकनीकी निगरानी के आधार पर, उन्हें 16 अप्रैल को मुंबई और कच्छ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गुजरात के भुज शहर के पास माता नो मढ में एक मंदिर के परिसर से पकड़ा गया था।

नूडल्स के पैकेट में छुपाए थे साढ़े छह करोड़ के हीरे और सोना

मुंबई, एजेंसी

- अंत: वस्त्र में छुपाया था 321 ग्राम सोना चार लोग गिरफ्तार

सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गए हीरे और यात्रियों के शरीर के अंगों और उनके सामान में छिपाया गया सोना जब्त किया है, जिनकी कुल कीमत 6.46 करोड़ रुपये है। एयरपोर्ट जांच अधिकारी ने बताया कि चार यात्रियों के पास से 4.44 करोड़ रुपये मूल्य का 6.815 किलोग्राम से अधिक सोना और 2.02 करोड़ रुपये के हीरे जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों द्वारा मुंबई से बैंकॉक की ओर जा रहे एक भारतीय नागरिक की तलाशी लेने पर उसके ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गये हीरे बरामद हुए थे। वह हीरे की तस्करी करने के प्रयास में था। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इसी तरह कोलंबो से मुंबई की यात्रा कर रहे एक विदेशी नागरिक को मुंबई हवाई अड्डे पर रोका गया। उसने अपने अंतः वस्त्र में कुल 321 ग्राम सोना छुपाया हुआ था। इसी तरह दस भारतीय नागरिकों को भी रोका गया था और उनके पास से कुल 6.199 किलोग्राम सोना बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत 4.04 करोड़ रुपये थी। उन्होंने सोने को अपने अंगों के भीतर और सामान में छुपाया हुआ था।

पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई का दायरा बढ़ाया, सुप्रीम कोर्ट सख्त

जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- उपभोक्ता कानूनों के दुरुपयोग को रोकने को मंत्रालयों से जवाब मांगा
- महंगी दवाएं लिखने वाले डाक्टरों का भी दी नसीहत

उपभोक्ताओं से धोखा कर रही हैं एफएमसीजी कंपनियां

> यह एक जनहित याचिका है और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में जनता को पता होना चाहिए कि वह किस रास्ते पर जा रही है और उसे कैसे तथा क्यों गुमराह किया जा सकता है तथा अधिकारी इसे रोकने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

पतंजलि आयुर्वेद मामले में अपनी सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एफएमसीजी कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों पर कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने कहा कि जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्र के तीन मंत्रालयों से जनता के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले झूठे विज्ञापनों को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी।

सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ को बताया कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापनों पर 67 समाचार पत्रों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगी है और वे अपनी गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करना चाहते हैं। अदालत ने जब यह पूछा कि प्रतिवादियों ने सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने से पहले पूरे एक सप्ताह तक इंतजार क्यों किया, पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, इसकी भाषा बदलनी पड़ी। अदालत ने रोहतगी से पूछा, क्या यह उसी आकार का विज्ञापन है जो आप आम तौर पर अखबारों में जारी करते हैं? अधिवक्ता ने कहा, इसकी कीमत लाखों रुपये है। पीठ ने कहा कि अखबारों में प्रकाशित सार्वजनिक माफी रिकॉर्ड पर नहीं है और यह दो दिन के भीतर दाखिल की जाए। इसने मामले में अगली सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तारीख निर्धारित की।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के कार्यान्वयन और संबंधित नियमों की भी बारीकी से पड़ताल की जरूरत है। यह मुद्दा केवल पतंजलि तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) सभी कंपनियों तक फैला हुआ है, जो भ्रामक विज्ञापन जारी कर रही हैं और जनता को धोखा दे रही हैं। इस तरह की कंपनियां खासकर शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं जो झूठे विज्ञापनों के प्रभाव में आकर पर उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं। पीठ ने कहा, हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि हम यहां किसी विशेष पार्टी या किसी विशेष एजेंसी या किसी विशेष प्राधिकारी के लिए बंदूक चलाने के लिए नहीं आए हैं। यह एक जनहित याचिका है और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में जनता को पता होना चाहिए कि वह किस रास्ते पर जा रही है और उसे कैसे तथा क्यों गुमराह किया जा सकता है तथा अधिकारी इसे रोकने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

अदालत ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, सूचना एवं प्रसारण और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों से यह बताने को कहा कि उन्होंने उपभोक्ता कानूनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की है। इसने आयुष मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों तथा आयुष के दवा नियंत्रकों को अगस्त 2023 में जारी किए गए उस पत्र पर केंद्र से स्पष्टीकरण भी मांगा जिसमें उनसे औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियम 1945 के नियम 170 के तहत कोई कार्रवाई न करने को कहा गया था। पीठ ने पतंजलि विज्ञापन मामले में याचिकाकर्ता आईएमए से भी अपना घर व्यवस्थित करने को कहा। इसने कहा कि आईएमए के सदस्यों के बारे में कई शिकायतें की गई हैं जो अत्यधिक महंगी दवाएं और उपचार लिखते हैं। पीठ ने अदालत को प्रभावी सहायता के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) को भी प्रतिवादी बनाने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों को भी सह-प्रतिवादी के रूप में शामिल किया जाएगा। न्यायालय ने आईएमए के वकील से कहा कि जब वे पतंजलि पर उंगलियां उठा रहे हैं, तो अन्य चार उंगलियां आप पर भी उठ रही हैं।

कर्ज न चुकानों वालों के खिलाफ सरकारी बैंक नहीं जारी कर सकते एलओसी

मुंबई, एजेंसी

- अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनाया फैसला

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार अपने एक आदेश में यह बात कही। अदालत के फैसले के बाद सरकारी बैंकों की ओर से चूककर्ताओं के खिलाफ जारी किए गए सभी एलओसी रद हो जाएंगे।

न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील आदित्य ठक्कर ने अदालत से अपने आदेश पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन पीठ ने इनकार कर दिया। अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि आव्रजन ब्यूरो ऐसे एलओसी (चूककर्ताओं के खिलाफ बैंकों द्वारा जारी) पर कार्रवाई नहीं करेगा। अदालत ने यह भी कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था। इसके तहत अगर किसी व्यक्ति का विदेश जाना देश के आर्थिक हित के लिए हानिकारक हो सकता है, तो उसे ऐसा करने से रोका जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि भारत के आर्थिक हित वाक्यांश की तुलना किसी भी बैंक के वित्तीय हितों से नहीं की जा सकती है।

पत्नी फंदे पर लटकी तो पति ने खुद को गोली मार दी जान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- चित्रकूट के रैपुरा थानांतर्गत देवकली गांव में हुई घटना

अमृत विचार : रैपुरा थानांतर्गत देवकली गांव में सोमवार देर रात पत्नी के फांसी लगाने के बाद पुलिसकर्मी ने सरकारी रायफल से खुद को गोली मारकर जान दे दी। सिपाही चुनावी ड्यूटी से लौटा था। बताया गया कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और इसके बाद पहले पत्नी और फिर पति ने आत्महत्या कर ली।

देवकली निवासी जौहरी लाल पटेल का बड़ा बेटा मयंक पटेल (32) जीआरपी झांसी में तैनात था। कुछ दिन पहले वह पत्नी कुसुम (27) और डेढ़ साल के बेटे आर्यन उर्फ दादू के साथ गांव आया था। मयंक प्रथम चरण के चुनाव में बिजनौर ड्यूटी पर गया था और 21 अप्रैल को गांव लौटा था। 22 अप्रैल की रात उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। रात में ही कुसुम का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार लगभग एक घंटे बाद मयंक चुनाव ड्यूटी में नोयडा जाने की बात कहकर सरकारी रायफल लेकर घर से निकल गया था। घर से कुछ दूरी पर रायफल को ठुड्डी से लगाकर फायर कर दिया।

दूसरे चरण में आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

लखनऊ। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के चुनाव के लिए 24 अप्रैल की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना करने के लिए निर्देश दिये हैं। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव मैदान में 91 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिये हैं। मतदाताओं को गर्मी बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं।

डिवाइडर तोड़कर ट्रक से टकराई बस, 4 की मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

- कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तड़के भीषण हादसा
- 36 यात्री घायल, 10 गंभीर घायलों को कानपुर रेफर किया

अमृत विचार : ठठिया थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के एक स्लीपर बस डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी साइड पर जाकर ट्रक से टकरा गई। इससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 36 यात्री घायल हो गए। घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, घायल 10 यात्रियों को कानपुर रेफर कर दिया गया।

गोरखपुर से यात्रियों को लेकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए दिल्ली जा रही स्लीपर बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। मंगलवार तड़के करीब सवा चार बजे ठठिया थाना के बीरमपुर गांव के पास चालक को झपकी आ गई थी जिससे दुर्घटना हुई।

मृतकों में नवीन (22) पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी मीना पाढा थाना महावन जिला मथुरा, कु. अदिति श्रीवास्तव (24) पुत्री हेमंत श्रीवास्तव निवासी हनुमंत नगर थाना पिपराइच जिला गोरखपुर, राम कंठ (33) पुत्र श्याम लाल गौतम निवासी हुसेनाबाद थाना सुलेहा जिला बाराबंकी, मनीष (09) पुत्र राम कंठ निवासी हुसेनावाद थाना सुलेहा जिला बाराबंकी शामिल हैं।

पेड़ से टकराने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

खरगूपुर, गोंडा। एक ही बाइक पर सवार होकर निकले चार युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई और बगल में ही खाई में जा गिरी। इसमें तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक मेडिकल कालेज गोंडा में भर्ती है। घटना थाना इटियाथोक के बेंदुली गांव मोड़ के पास की है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के नौशहरा गांव निवासी मोहम्मद बिलाल(22) पुत्र मोहम्मद मुंसरीफ, मोहम्मद अहमद (21) पुत्र सिद्दीक, मोहम्मद रिजवान(20) पुत्र वली मोहम्मद व शाहिद (22) पुत्र दद्दू एक ही बाइक पर सवार बिना हेलमेट लगाए खरगूपुर की ओर से अपने घर इटियाथोक की ओर जाते समय हादसा हुआ। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को खरगूपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां अधीक्षक डॉ अजय यादव ने मोहम्मद बिलाल, मोहम्मद अहमद को मृत घोषित कर दिया। मोहम्मद सईद व मोहम्मद रिजवान को मेडिकल कालेज गोंडा मुख्यालय पर भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मोहम्मद सईद को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रिजवान का इलाज चल रहा है।

देश शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

- कांग्रेस शासन में आतंकवाद को मिलता था बढ़ावा
- सपा सरकार ने हमेशा अपराधियों का साथ दिया

अमरोहा में जनसभा को संबोधित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था, गरीबी तो नहीं मिटी, लेकिन एक परिवार को देश के संसाधनों को लूटने की पूरी आजादी मिल गई।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधानों पर पहला हक मुसलमानों का है, तो दलित व पिछड़े कहां जाएंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में शरिया कानून लागू करने की बात कही गई है। यह देश शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा। उन्होंने कहा कि एक गलत वोट आतंकवाद को फिर से बढ़ावा दे सकता है। अब भाजपा सरकार में आतंकवादियों की आरती नहीं उतारी जाती।

मुख्यमंत्री मंगलवार को रहरा के प्रकाशवीर शास्त्री इंटर कॉलेज के मैदान में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में आतंकवाद को बढ़ावा मिलता था, लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर आतंकवाद का खात्मा कर दिया है। अब देश में कही पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसका इसमें कोई हाथ नहीं है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार ने हमेशा अपराधियों का साथ दिया। उन्होंने अयोध्या और काशी मंदिर को तोड़ने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का काम किया। कहा कि सपा सरकार में गुंडागर्दी का बोलबाला था। भाजपा सरकार में सुशासन है।आज कांवड़ यात्रा शान के साथ निकलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सपना कल्याण सिंह ने देखा, वह पूरा हो रहा है। उनकी भावनाओं के अनुरूप अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। सपा और बसपा ने प्रदेश में बंदरबांट शुरू की। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली का नाम लिए बिना कहा कि जो संसद भवन में भारत माता की जय नहीं बोल सकता, उसे क्या आप संसद में भेजेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हनुमान जयंती पर घर-घर जाकर सबको राम-राम करें।

स्क्रैप माफिया रवि काना थाईलैंड में गिरफ्तार

लखनऊ। काफी समय से फरार चल रहा स्क्रैप माफिया गैंगस्टर रवि नागर उर्फ रवि काना को मंगलवार को थाईलैंड में उसकी गर्लफ्रेंड के साथ गिरफ्तार किया गया है। नोएडा में महिला के साथ गैंगरेप की घटना में नाम आने के बाद पुलिस रवि काना के ठिकानों पर लगातार दबिश डाल रही थी। उसके दादूपुर स्थित घर पर कुर्की का नोटिस भी चस्पा किया गया था। पुलिस ने रवि और उसकी गर्लफ्रेंड काजल झा को लेकर लुकआउट नोटिस भी जारी कर रखा था। बता दें कि काजल झा रवि की राइट हैंड है। पुलिस ने कुछ दिन पूर्व काजल की साउथ दिल्ली स्थित 70 करोड़ का बंगला भी सील कर दिया था।

विमान में बच्चों को माता पिता के साथ मिलेगी सीट

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीजीसीए ने एयरलाइनों को जारी किए निर्देश

विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइनों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उड़ान के दौरान 12 वर्ष तक के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए। बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आए थे, जहां 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को उड़ान के दौरान उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट आवंटित नहीं की गई थी। यह निर्देश ऐसे मामले सामने आने के बाद जारी किए गए।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता/ अभिभावकों में कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए और इसका रिकॉर्ड रखा जाए। इस संबंध में नियामक ने अनुसूचित एयरलाइनों के सेवाओं और शुल्क को अनियंत्रित करने के संबंध में जारी अपने परिपत्र को संशोधित किया है। मानदंडों के अनुसार तरजीही सीट आवंटन, भोजन/नाश्ता/पेय शुल्क और संगीत वाद्ययंत्र ले जाने के लिए शुल्क लेने जैसी कुछ सेवाओं की अनुमति है।

नोवाक साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी स्पेन की टीम को भी लॉरियस पुरस्कार

मैड्रिड। पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को 'ब्रेकथ्रू पुरस्कार' मिला जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड से नवाजा गया। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में खिताब जीतने के साथ रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांचवीं बार लॉरियस पुरस्कार जीता। लॉरियस के अनुसार नडाल के फाउंडेशन को स्पेन और भारत में 1,000 से अधिक कमजोर युवाओं की मदद करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

> 2012 को याद करता हूं, जब मैंने 24 साल की उम्र में पहली बार इसे जीता था। 12 साल बाद यहां आकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं अपने पीछे एक अविश्वसनीय टीम और प्रेरणादायक प्रतिद्वंद्वियों के बिना ये सफलता हासिल नहीं कर पाता।
>
> **- नोवाक जोकोविच**

भारतीय ट्रैप निशानेबाजों को ड्रॉ में मिली हार

दोहा, एजेंसी

आईएसएसएफ ओलंपिक शॉटगन क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे छह भारतीय ट्रैप निशानेबाजों में से कोई भी फाइनल में जगह बनाने में कामयाब नहीं हुआ। कतर के दोहा में आयोजित चैंपियनशिप की पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में तीन भारतीय निशानेबाज विवान कपूर, जोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन में से कोई भी क्वालीफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए। इसके अलावा मनीषा कीर, नीरू और श्रेयसी सिंह का महिला टीम भी अपने स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में असफल रही।

पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में, पृथ्वीराज टोंडिमान 119 के स्कोर के साथ

क्वालिफिकेशन राउंड में 23वें स्थान पर रहते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे। विवान कपूर 116 स्कोर के साथ 56वें स्थान पर रहे, जबकि जोरावर सिंह संधू 114 के स्कोर के साथ 140 में 82वें स्थान पर रहे। इस दौरान केवल शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। मनीषा कीर 111 के स्कोर के साथ 37वें स्थान पर रहते हुए महिलाओं के ट्रैप क्वालीफायर में शीर्ष स्थान पर रहीं।

दिल्ली कैपिटल्स को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी। पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा। सनराइजर्स ने दिल्ली के गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ नोर्किया बिलकुल भी लय में नजर नहीं हैं। वहीं, पीठ में जकड़न से बाहर चल रहे इशांत शर्मा के वापसी की उम्मीद होगी।

मुकाबला आज

दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटंस

समय : शाम 7:30 बजे

वहीं, नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टाइटंस के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट की जीत की बदौलत यह पूर्व चैंपियन टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। टाइटंस की नजरें भी लय को बरकार रखने पर टिकी होंगी।

खेल डायरी

चमारी अटापट्टू महिला बल्लेबाजी वनडे रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंची

दुबई। पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रनों रिकार्डो वाली पारी खेलने वाली श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू आईसीसी की महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। चमारी की इस पारी ने महिला क्रिकेट के कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए थे, जिसमें एकदिवसीय में सफल लक्ष्य हासिल के दौरान सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था।

भारतीय एथलीट एशियाई अंडर 20 प्रतियोगिता के लिए तैयार

दुबई। प्रतिभाशाली एथलीट सिद्धार्थ चौधरी और मध्यम दूरी की धाविका लक्षिता सैंडिलिया बुधवार से शुरू हो रही एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में अपने गोला फेंक और 1500 मीटर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने एशियाई अंडर-20 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 31 पुरुषों सहित 60 सदस्यीय टीम का चयन किया है।

आशी और स्वप्निल को थ्रीपी ट्रायल में शीर्ष स्थान

नई दिल्ली। आशी चौकसी और स्वप्निल कुसाले मंगलवार को राइफल/पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) के क्वालीफिकेशन में क्रमश: महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहले स्थान पर रहे। आशी ने महिलाओं की थ्रीपी ओएसटी में विश्व स्तरीय 590 का स्कोर बनाया और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा (583) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। तोक्यो ओलंपियन अंजुम मोदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं श्रीजा

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं।

ऋतुराज के शतक ने पहुंचाया 200 पार

शिवम दुबे ने खेली 66 रनों की आतिशी पारी, लखनऊ को 211 रनों का दिया लक्ष्य

66 गेंदों में शानदार शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ● एजेंसी

अर्धशतक लगाने के बाद शिवम दुबे। ● एजेंसी

चेन्नई 210/4 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 03

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अजिंक्या रहाणे का राहुल बो हेनरी	1	3	0/0
ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद	108	60	12/3
डेरिल मिचेल का हुड्डा बो यश ठाकुर	11	10	1/0
रविंद्र जडेजा का राहुल बो मोहसिन	16	19	2/0
शिवम दुबे रन आउट	66	27	3/7
महेंद्र सिंह धोनी नाबाद	4	1	1/0

गेंदबाजी : हेनरी 4-0-28-1, मोहसिन 4-0-50-1, बिश्नोई 2-0-19-0, यश ठाकुर 4-0-47-1, स्टोइनिस 4-0-49-0, कृणाल 2-0-15-0

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	08	379
ट्रेविस हेड (हैदाराबाद)	06	324
रियान पराग (राजस्थान)	07	318

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	+0.941
चेन्नई	7	4	3	8	+0.529
लखनऊ	7	4	3	8	+0.123
गुजरात	8	4	4	8	-1.055
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
दिल्ली	8	3	5	6	-0.477
पंजाब	8	2	6	4	-0.292
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

चेन्नई, एजेंसी

ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (108) की शतकीय और शिवम दुबे (66) रनों की अर्धशतकीय आतिशी पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 39वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य दिया है।

एम ए चिदंबरम स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद डैरिल मिचेल ने ऋतुराज के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 45 रन जोड़े।

छठें ओवर में यश ठाकुर ने हुड्डा के हाथों कैच आउट कराकर मिचेल (11) को पवेलियन भेज दिया। 12वें ओवर में रवींद्र जडेजा (16) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि दूसरे छोर से ऋतुराज लगातार रन बनाते रहे। उन्होंने 60 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (108) रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने ऋतुराज चौथे विकेट लिये 104 रनों की साझेदारी की। वह 20वें ओवर की चौथी गेंद पर रनआउट हुए। उन्होंने 27 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए (66) रन बनाए। महेन्द्र सिंह धोनी ने मैच की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर टीम का स्कोर चार विकेट पर 210 रन पहुंचा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से मैट हेनरी, मोहसिन खान और यश ठाकुर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

टी-20 विश्वकप में खेलने की संभावनाओं को सुनील नारायण ने किया खारिज

कोलकाता, एजेंसी

वेस्टइंडीज ऑलराउंडर स्पिनर सुनील नारायण ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप में खेलने की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए कहा कि 'अब दरवाजे बंद' हो चुके है।

बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के नारायण ने कहा कि मुझे इस बात से खुशी है और मैं आभारी भी हूं कि मेरे फॉर्म के कारण लोग चाहते हैं कि मैं संन्यास से वापसी करूं और आगामी टी-20 विश्व कप खेलूं, लेकिन मैंने संन्यास के निर्णय के साथ शांति चुनी थी और अब वे दरवाजे बंद हो चुके हैं। मैं वेस्टइंडीज के लिए खेल रहे लड़कों का समर्थन करूंगा, जिन्होंने टीम में आने के लिए पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है। ये खिलाड़ी एक और टी-20 विश्वकप खिताब जीतने की काबिलियत रखते हैं। नारायण के इस फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान रोवमन पॉवेल ने कहा था कि वह पिछले 12 माह से नारायण से संन्यास से वापसी के बारे में बोल रहे हैं।

धीमी होंगी पिचें, बड़े स्कोर की उम्मीद नहीं

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड मिलर को कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में ज्यादा स्कोर वाले मैचों की उम्मीद नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि वहां की पिचें धीमी होंगी। अनुकूल परिस्थितियों और बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम ने मौजूदा आईपीएल में बल्लेबाजों को दबदबा बनाने में मदद की है। मिलर ने कहा यह कहना मुश्किल होगा कि विश्व कप में अधिक स्कोर वाले मुकाबले होंगे या नहीं क्योंकि परिस्थितियां बहुत अलग होंगी। भारतीय विकेटों की तुलना में कैरेबियाई विकेट धीमे हो सकते हैं। यह उस दिन की परिस्थितियों का आकलन करने और उसके अनुसार खेलने से जुड़ा है।

दिल्ली में आने के बाद परिपक्व हो गया हूं : कुलदीप

नई दिल्ली। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा थे तब उनके प्रदर्शन में काफी गिरावट आई थी लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जुड़ने के बाद इस गेंदबाज ने आईपीएल के साथ राष्ट्रीय टीम के लिए भी शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली की टीम से जुड़ने के बाद कुलदीप ने 33 मैचों में 41 विकेट चटकाए है। कुलदीप बताया कि 2020 में घुटने की ऑपरेशन के बाद कोच कपिल पांडे की देखरेख में अभ्यास करते हुए उन्होंने नए कौशल विकसित किए जिसका फायदा मिला। मैं जब केकेआर में था तब मुझे मार्गदर्शन की जरूरत थी लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। अब मैं अपनी समझ से चीजें नियंत्रित करता हूं। माही भाई ने 2019 के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना छोड़ दिया था और उसके बाद मुझे मार्गदर्शन की जरूरत महसूस हुई।

टोरंटो में भारतीय भूचाल, गुकेश की जीत से आएगा बदलाव : कास्परोव

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि 'टोरंटो में भारतीय भूचाल' आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है।

17 साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूस का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कास्परोव ने 'एक्स' पर लिखा, बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे।

गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 14वें और अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और संभावित 14 में से नौ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

विश्व में छाए हुए हैं विशी आनंद के बच्चे

कास्परोव ने भारतीय शतरंज में आनंद के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा विशी आनंद के बच्चे छाए हुए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कास्परोव ने शतरंज के शक्ति केंद्र में बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, अमेरिका और इंग्लैंड के कई शीर्ष जूनियर खिलाड़ियों के नाम देखें, यह देखने के लिए कि चीन और भारत के प्रवासी शतरंज में उपलब्धि हासिल करने के लिए उतने ही जुनूनी हैं। वर्ष 1985 से 1993 तक निर्विवाद विश्व चैंपियन रहे कास्परोव ने लिखा, कास्परोव शतरंज फाउंडेशन ने इस लहर को बढ़ते देखा है और गुकेश की सफलता इसे और ऊपर उठाएगी।

लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम के घर में होगा फाइनल मैच

मुंबई, एजेंसी

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने कहा कि चार मई को होने वाला 2023-24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी।

मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही। अब कोलकाता, मुंबई और गोवा आईएसएल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की दौड़ में हैं। ओडिशा एफसी और एफसी गोवा ने क्रमशः केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ अपने नॉकआउट मैच जीते और सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत 23 अप्रैल को भुवनेश्वर में मोहन बागान सुपर जाइंट और ओडिशा के बीच होगी। अगले दिन 24 अप्रैल को मुंबई सिटी गोवा में एफसी गोवा के खिलाफ सेमीफाइनल का पहला चरण खेलेगी।

स्पेनिश लीग: बढ़ी मालोर्का की मुश्किलें

सेविले (स्पेन)। सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा (रेलीगेशन) मंडरा रहा है। लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोर्का अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है। दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं। मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है। मालोर्का की टीम सेविला के खिलाफ पहले हाफ में हावी रही लेकिन मेजबान टीम ने दूसरे हाफ में यूसेफ एन नेसरी के हेडर से दागे गोल से बढ़त बनाई और 15 मिनट बाद इसाक रोमेरो ने स्कोर 2-0 कर दिया।

बॉलीवुड हलचल

सलमान की फिल्म सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती है। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म सिकंदर का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। सिकंदर अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करेगे अनिल कपूर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर, अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म ''दे दे प्यार दे'' अजय देवगन, तब्बू और रकुल प्रीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई थी। दे दे प्यार दे बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब इस फिल्म के सेकंड पार्ट में रकुल प्रीत सिंह की फैमिली का इंट्रोडोक्शन हो सकता है। कहा जा रहा है कि दे दे प्यार दे 2 में अनिल कपूर काम करते नजर आ सकते हैं। वह इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह के पिता का रोल कर सकते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

एक नजर

सीओ ने फोर्स के साथ किया बाजार में पैदल गश्त

मूसानगर। क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर देवेंद्र सिंह व मूसानगर थाना प्रभारी दिनेश गौतम ने फोर्स के साथ कस्बे के मुख्य बाजार, मुगल रोड, फतेपुर आदि जगहों में पैदल गश्त कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया। इस दौरान पुलिस ने दुकानदारों को सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण कोलेकर सख्त हिदायत देते हुए हटाने को कहा। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध अतिक्रमण न हटाने पर दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पुत्री की ससुराल जाने को निकले वृद्ध की मौत

सिकंदरा। पुत्री की ससुराल जाने को निकले वृद्ध की मौत हो गई। रसधान कस्बा निवासी राजेश्वरी सविता ने बताया कि दो दिन पूर्व उनका भाई रामकुमार (70) निवासी मंगलपुर झंडा चौराहा औरंगाबाद उसके घर आया था। वह सांस का मरीज था। सोमवार शाम को रामकुमार रसधान से जरौली गांव में ब्याही औरंगाबाद निवासी पुत्री की ससुराल जाने की बात कहकर निकले थे। जरौली चौराहे के समीप उनकी मौत होने की जानकारी मिली। जानकारी चौकी प्रभारी गजेंद्र पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पति समेत सात पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

मंगलपुर। थाना क्षेत्र के मुकबिरपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी कि उसकी शादी 11 दिसंबर 2020 को झींझक कस्बे के आंबेडकर नगर निवासी मुकेश उर्फ मोनू से हुई थी। घर वालों ने भरपूर दान दहेज दिया था। महिला का आरोप है कि चौथी के बाद से ही पति मुकेश सहित ससुराली प्रभा, रामनारायण, कंचन, भारत, सुशीला प्रताड़ित करने लगे और अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। उक्त लोगों ने बीती 12 को उसे घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर पर पति समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गैंगस्टर एक्ट के आरोपी का मकान कुर्क

शिवली। कोतवाली क्षेत्र के बाघपुर गांव निवासी एक युवक हरदोई जिले से गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। मंगलवार को हरदोई जिले के सुरसा से पहुंचे थाना प्रभारी ने शिवली निरीक्षक के साथ मिल कर आरोपी के मकान को सील किया। हरदोई के थाना सुरसा में बाघपुर का राहुल कुमार गैगस्टर एक्ट में वांछित है।

ट्रैक्टर पलटा, अधेड़ की मौत

देवराहट। बम्हरौली घाट निवासी एक अधेड़ की ट्रैक्टर पलटने से मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। बम्हरौली घाट निवासी श्रीकृष्ण (55) गेहूं की कटाई करके ट्रैक्टर से गेहूं लेकर घर जा रहा था तभी रास्ते मे ट्रैक्टर पलट गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी पुखरायां में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

दुधमुंही बच्ची की मौत

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में दुधमुंही बच्ची की हालत बिगड़ने पर सीएचसी लाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। चौबेपुर की अंकिता ने बताया कि, भोगनीपुर क्षेत्र के कस्बा पुखरायां में रिश्तेदारी में आई हुई थी। जहां पर सोमवार देर रात को उसकी बेटी अक्षिता (2 माह) की अचानक हालत बिगड़ने पर सीएचसी लाया गया।

सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

शिवली-कल्याणपुर मार्ग पर स्कूल के पास देर रात हुआ हादसा, मचा कोहराम

संवाददाता शिवली

अमृत विचार। सोमवार की रात अपनी मौसी के यहां से वैवाहिक समारोह से वापस आते समय दो युवकों को शिवली-कल्याणपुर मार्ग पर एक स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों को गंभीर हालत में सीएचसी भेजा गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के ककरदही गांव निवासी कल्लू (25) गांव में ही बाइक मैकेनिक की दुकान खोले था। उसकी दुकान में गांव का ही सूरज (22) भी काम करता था। सोमवार की रात को सूरज की मौसी के यहां वैवाहिक कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए कल्लू व सूरज बाइक से दलेलपुर गए थे। देर रात वापस लौटने के दौरान शिवली-कल्याणपुर मार्ग पर रामजनकी स्कूल के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे बाघपुर चौकी इंचार्ज काली चरण ने दोनों को शिवली सीएचसी भेजा। जहां ईएमओ डॉ. सुरभि ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचे परिजनों को जब मौत की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया।

कल्लू की मां भूरी बदहवास हो गई। जबकि भाई गोरेलाल, बहन नेहा आदि का रो-रोकर बुरा हाल रहा। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के बाद भागे वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

कल्लू।

सूरज।

- वैवाहिक समारोह से वापस लौटते समय अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

अकबरपुर पीएम हाउस में गमगीन खड़े मृतक के परिजन। अमृत विचार

कार की टक्कर से बाइक सवार मां की मौत, बेटा गंभीर

- **सिकंदरा।** डुबकी पुल पर बाइक सवार मां-बेटे को कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार डिवाइडर से भिड़कर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में ईएमओ ने महिला को मृत घोषित कर दिया। औरैया के थाना फफूंद के दखलीपुर निवासी राजेश कुमार की पत्नी मंजू देवी (50) मंगलवार की दोपहर पुत्र कुलदीप के साथ बाइक से अकबरपुर की ओर जा रही थी। तभी डेरापुर क्षेत्र के कानपुर-इटावा हाईवे पर डुबकी ओवरब्रिज पर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक हाईवे के डिवाइडर से भिड़ गई। हादसे में मां-बेटा गंभीर रूप हो गए। दोनों को जिला अस्पताल अकबरपुर भेजा गया। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने मंजू देवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि कुलदीप का इलाज चल रहा है।

पिकअप की टक्कर से दो सगे भाई हुए घायल

संवाददाता सिकंदरा

- ई-रिक्शा में सवार होकर जा रहे थे दोनों भाई

अमृत विचार। पीतमपुर गांव के पास हाईवे पर जा रहे ई-रिक्शा में पीछे से पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा में सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी से गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के गंगापुर निवासी जयचंद ट्रक चालक है। वह ट्रक को खोजाफूल के पास हाईवे किनारे खड़ा कर घर गया था। मंगलवार को महेश अपने भाई जयचंद को हाईवे पर छोड़ने के लिए ई-रिक्शा से जा रहा था। तभी पीतमपुर गांव के पास हाईवे पर पिकअप ने पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और महेश व जयचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी सिकंदरा भेजा गया। जहां डॉ. पूजा गोयल ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां भी हालत गंभीर होने पर कानपुर हैलट भेजा गया है। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पिकअप को पुलिस हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

हादसे में घायल।

पशु तस्करी में दबोचे बिहार के दो शातिर

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। दमनपुर के जंगल में बीती तीन अप्रैल की रात घेराबंदी कर कंटेनर से 35 गोवंश बरामद किए थे। मामले में पुलिस ने दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

राजपुर थाना क्षेत्र के दमनपुर गांव के जंगल में बीती तीन अप्रैल की रात कुछ लोग एक कंटेनर में गोवंश को लाद रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर सिकंदरा तहसीलदार संतोष कुमार सिंह, सीओ संजय वर्मा व राजपुर थानाध्यक्ष प्रभात सिंह ने पुलिस बल के साथ जंगल पहुंचे थे। पुलिस को आता देख पशु तस्कर कंटेनर छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने कंटेनर को खोला तो उसमें क्रूरतापूर्वक लादी गए नौ गाय व 26 सांड बरामद किए थे। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह ने बताया मंगलवार को सिकंदरा के बिरहाना ओवरब्रिज के पास से बिहार के गया थाना शेरघाटी निवासी फिरोज खां व लखीमपुर थाना क्षेत्र के थाना मेलानी निवासी सलमान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस हिरासत में पशु तस्कर।

'स्विफ्ट' चैट एप से पढ़ाई कर छात्र-छात्राएं बनेंगी होशियार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- अच्छी खबर: होम ट्यूशन की नहीं पड़ेगी जरूरत, शनिवार व रविवार को चलेंगी विशेष कक्षा

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से लांच किए गए स्विफ्ट चैट एप का हजारों छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। अब एप के माध्यम से स्कूली बच्चे घर पर ही प्राइवेट ट्यूशन की तरह पढ़ाई कर सकेंगे। फिलहाल इस एप का इस्तेमाल कक्षा चार से आठ तक के बच्चे कर सकेंगे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बताया कि शिक्षा विभाग छात्रों को होम बेस्ड एजुकेशन देने की कवायद कर रहा है। इसी उद्देश्य से स्विफ्ट चैट एप लांच किया गया है। उन्होंने सभी शिक्षकों से अभिभावकों के साथ प्रत्येक सप्ताह इस एप की जानकारी साझा करने के निर्देश दिए। साथ ही एप के माध्यम से बच्चों को घर पर भी अभ्यास करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। बीएसए ने बताया कि इसमें शनिवार और रविवार को विशेष क्लास चलाई जाएगी। छात्र अपने सभी सवाल शिक्षकों से कर सकते हैं। बताते चलें परिषदीय शिक्षकों तथा कक्षा चार से आठवीं में अध्ययनरत बच्चों के उपयोगार्थ अतिरिक्त रोचक एवं उपयोगी शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत स्विफ्ट चैट प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। जिस पर उपलब्ध विभिन्न चैट बॉट के माध्यम से शिक्षण-योजना, कार्य पुस्तिकाएं, रिमीडियल शिक्षण सामग्री एवं वीडियोज आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन वीडियोज के माध्यम से बच्चों को अवधारणाएं स्पष्ट करने में सहायता प्राप्त होगी।

हिंदी व अंग्रेजी में प्राप्त होंगी जानकारियां

- एप से जहां छात्र निपुण लक्ष्य पर आधारित क्विज से अपना मूल्यांकन कर सकते हैं। वहीं वीडियो से छात्र गणित व विज्ञान की विभिन्न अवधारणाओं को समझ पाएंगे। यह एक ज्ञानवर्धक व मनोरंजक एप है। इसमें छात्रों को हिंदी और अंग्रेजी में सभी जानकारियां प्राप्त होंगी।

कृपानपुर के जंगल में फैली आग। अमृत विचार

पांच बीघा जंगल में लगी भीषण आग

संवाददाता मूसानगर

- दमकल ने पुलिस व ग्रामीणों की मदद से आग पर पाया काबू

अमृत विचार। क्षेत्र के कृपालपुर के जंगलों में आग लग गई। धुआं उठता देख लोगों को जानकारी हुई। तेज लपटों के चलते आग करीब पांच बीघा के जंगल में फैल गई। मौके पर पहुंची दमकल ने पुलिस व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

कृपालपुर गांव निवासी अर्जुन सिंह, राम सिंह, बिहारी, सोनेलाल आदि ने बताया कि मंगलवार दोपहर गांव के पास जंगल से अचानक धुआं दिखाई दिया। जब मौके में जाकर देखा तो आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठ रही थी और देखते ही देखते आग ने विकराल रुप ले लिया। जिस ओर हवा चलती आग भी उसी ओर बढ़ने लगती। आग कृपालपुर के जंगलों से शुरु होकर ग्राम पंचायत हलिया के तरफ जंगलों में बढ़ने लगी। जिससे जंगल में उगे खरपतवार, पेड़ आदि जल गए। हालाकि फसलों में किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। सूचना पर पहुंची दमकल ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेखपाल प्रवीन शुक्ला ने बताया कि जंगल में आग लगी थी। जिससे लगभग पांच बीघा जंगल जला है। फसल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

आग बुझाते पुलिसकर्मी व ग्रामीण।

रूरा के दो प्लेटफार्मों पर लगाया गया वाटर कूलर

संवाददाता रूरा

- यात्रियों को मुहैया होने लगा ठंडा पानी, मिली राहत

अमृत विचार। भीषण गर्मी के मौसम में यात्रियों को ठंडा पानी मुहैया कराने के लिए स्टेशन के दो प्लेटफार्मों पर वाटर कूलर लगाया गया है। यात्रियों ने शीतल पानी पीकर राहत की सांस ली।

रूरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए पिछले कई वर्षों से ठंडा पानी पीने के लिए कोई वाटर कूलर नहीं था। ऐसे में यात्री बोतल बंद पानी खरीदने को मजबूर होते थे। गर्मी के मौसम को देखते हुए स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार व स्टेशन मास्टर ज्ञानेंद्र पांडेय ने कई बार रेलवे अधिकारियों से प्लेटफार्मों पर वाटर कूलर लगवाने मांग की थी। महीनों चली कवायद के बाद मंगलवार को उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल की ओर से स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन व चार पर वाटर कूलर लगवाया गया है। जिससे लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध होने लगा है। प्लेटफार्मों पर मौजूद यात्रियों ने अपनी बोतल में ठंडा पानी भरकर प्यास बुझाई और रेल अधिकारियों की सराहना की।

रूरा स्टेशन के प्लेटफार्म पर लगवाए गए वाटर कूलर से प्यास बुझाता युवक।

सार-संक्षेप

शिक्षकों के साथ सम्मानित मेधावी। अमृत विचार

जिले में ग्यारहवां स्थान प्राप्त करने पर हाईस्कूल छात्रा सम्मानित

रूरा। कस्बे के भटौली स्थित सिटी कांवेंट पब्लिक स्कूल की हाईस्कूल छात्रा के जिले में ग्यारहवां स्थान प्राप्त करने पर प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक आलोक यादव ने बताया कि भटौली की रहने वाली छात्रा शबा बानो ने हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले में ग्यारहवां स्थान प्राप्त किया। छात्रा के पिता शमसाद किसान व माता शमशा ग्रहणी हैं। छात्रा शबा ने 94 प्रतिशत अंक लाकर जिले में अपने माता, पिता व शिक्षकों का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा शालिनी ने भी अव्वल नंबर लाकर मान बढ़ाया है। विद्यालय के प्रबंधक श्याम बाबू ने छात्रा को दो हजार रुपये की चेक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षिका काजल, शमा, दीपा, रोहित, राम कुमार पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

जयमाल के लिए माला न लाने पर बारात लौटी

संदलपुर। झींझक में एक शादी समारोह के दौरान विवाद हो गया। इसके बाद दुल्हन ने शादी से ही इनकार कर दिया। दरअसल दूल्हा पक्ष जयमाल के लिए फूल की माला ही नहीं लाया था। पुलिस पहुंची और दोनो पक्षों को थाने ले गई। जहां दोनों पक्ष ने एक दूसरे को दिया सामान वापस करने की बात तय की। समझौते के बाद बारात वापस लौट गई। मंगलपुर के चिरखिरी गांव निवासी युवक की क्षेत्र के ही तेरा गांव निवासी युवती से विवाह तय हुआ था। तय तारीख पर रविवार की रात तेरा गांव में बारात पहुंची। जयमाल के लिए पुष्प माला नहीं लाने पर दोनों पक्ष में विवाद हो गया। जिसके बाद दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। एसएसआई मंगलपुर कमलेश कुमार ने यादव ने बताया कि लड़की विवाह के लिए तैयार नहीं थी। समझौता कर लिया है।

जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट निर्वाचन कार्यालय में देंगे जांच आख्या

कानपुर देहात। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने निर्वाचन में सभी को सतर्क रहने व सभी व्यवस्थाएं दुरस्त रखने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। गर्मी मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैम्प आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय को व्यवस्थित करने से ही पूर्ण निष्पक्ष मतदान कर सकते हैं। इसलिए समय पर सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित करना ही प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र के वल्नरेबल व क्रिटिकल बूथों पर स्वयं जाकर आवश्यक व्यवस्थाएं जांच कर शीघ्र अपनी रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय में प्रेषित करें। इस दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत पांडेय, संबंधित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

कक्षा तीन में पढ़ने वाली आरुषि बनी स्वीप काकी आईकॉन

कानपुर देहात। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सिटुआपुर में अध्यनरत कक्षा तीन की छात्रा आरुषि को आइकॉन के रूप में स्वीप काकी का रूप प्रदान किया गया। मंगलवार को इसका शुभारंभ सीडीओ लक्ष्मी एन. ने बीएसए रिद्धी पांडेय की उपस्थिति में अपने कार्यालय से किया। सीडीओ ने बताया कि स्वीप काकी की अभिनव पहल से जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ेगा व जनता के मध्य स्वीप काकी जाकर मतदाता जागरूकता के संबंध में चर्चा करते हुए गांव-गांव में अभिभावकों, माताओं, बहनों और ग्रामवासियों से अधिक मतदान करने की अपील भी करेंगी। आगामी लोकसभा निर्वाचन समेत समस्त आगामी निर्वाचनों में जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ-साथ जनजागरूकता का भी कार्य खासकर युवा, दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को उनके अमूल्य मत के प्रयोग को बढ़ावा देने में करेंगी।

आईकॉन बनी स्वीप काकी आरुषि को गोद में लिए सीडीओ व मौजूद बीएसए।

इटावा लोकसभा क्षेत्र | बसपा ने एक बार जीता चुनाव, सभी राजनीतिक पार्टियां चुनावी जीतने की रणनीति बनाने में जुटीं

भाजपा को हैट्रिक तो सपा लगा रही वापसी की उम्मीद

मोहम्मद तसलीम मंसूरी, राजपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने ताकत झोकना शुरू कर दी है। चर्चित इटावा लोकसभा सीट से जुड़ी जनपद की एकलौती सिकंदरा विधानसभा में भाजपा, सपा और बसपा ने चुनावी ताने-बाने बुनने शुरू कर दिए हैं। इस चुनाव में जहां भाजपा हैट्रिक लगाने की तैयारी में है वहीं सपा एक बार फिर वापसी के लिए ताकत लगा रही है। खैर 4 जून को स्पष्ट हो जाएगा कि मतदाताओं ने किसे अपनाया।

भाजपा के कब्जे वाली इस सीट पर सियासी समीकरण के लिए विपक्षी पार्टियां लगी हैं। वहीं भाजपा अपनी इस सीट को बचाने के लिए मतदाताओं में मजबूत पकड़ बनाने में लगी है। इटावा लोकसभा सीट से कई दिग्गज चुनाव लड़ चुके हैं। बसपा संस्थापक कांशीराम को पहली बार इटावा लोकसभा सीट से विजय हासिल हुई थी। इसके अलावा प्रदेश सरकार में मंत्री रही सुखदा मिश्रा भी इस सीट से सांसद बन चुकी हैं। अतीत पर नजर डाले तो अर्जुन सिंह भदौरिया को इटावा लोकसभा के मतदाताओं ने तीन बार सांसद चुना। जबकि समाजवादी पार्टी के रघुराम सिंह शाक्य ने लगातार दो बार चुनाव जीतकर इतिहास रचा था। इससे पहले लगातार दो बार चुनाव जीतने में कोई नेता सफल नहीं हुआ।

चार बार सपा तो तीन बार भाजपा को मिली जीत

समाजवादी पार्टी का गढ़ माने जाने वाली इटावा लोकसभा सीट से चार बार सपा प्रत्याशी जीते हैं। वहीं भाजपा ने तीन बार जीत हासिल की है। वर्ष 1991 बसपा भी यहां से खाता खोलने में कामयाब रही थी और बसपा संस्थापक कांशीराम ने जीत हासिल की। 1996 में पहली बार सपा के रामसिंह शाक्य चुनाव जीते थे। 1998 में भाजपा की सुखदा मिश्रा ने चुनाव जीता। वर्ष 1999 और 2004 में लगातार दो बार सपा के रघुराज सिंह चुनाव जीते। इसके बाद 2009 में सपा, 2014 में भाजपा के अशोक दोहरे और 2019 में भाजपा के रामशंकर कठेरिया चुनाव जीते। इस बार जहां भाजपा हैट्रिक लगाने की जुगत में है तो वहीं सपा वापसी करने की उम्मीद में है।

इटावा लोकसभा सीट का जातीय समीकरण

इटावा अनुसूचित जाति बहुल इलाका है। हालाकि यहां पर ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है। इटावा में करीब चार लाख अनुसूचित व ढाई लाख ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या है। क्षत्रिय वोटर करीब डेढ़ लाख हैं। इसके अलावा यादव दो लाख लोधी एक लाख और मुस्लिम मतदाताओं की संख्या भी करीब एक लाख है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार डॉ. रामशंकर कठेरिया को 5,22,119 वोट मिले थे। जबकि समाजवादी पार्टी के कमलेश कठेरिया को 4,57,682 वोट मिले थे। इस तरह से रामशंकर कठेरिया की 64 हजार वोटों से जीत हुई थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी उम्मीदवार की जीत डेढ़ लाख से अधिक वोटों से हुई थी।

राजपुर में 25 को चुनावी जनसभा करेंगे रक्षा मंत्री

राजपुर। भारत सरकार के रक्षा मंत्री के राजपुर स्थित भारतीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज में चुनावी सभा को लेकर तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम को लेकर प्रोटोकाल जारी कर दिया गया। भाजपाई कार्यक्रम को लेकर तैयारी में जुटे हुए हैं। इटावा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया के पक्ष में आगामी 25 अप्रैल को भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का चुनावी कार्यक्रम प्रस्तावित बताया जा रहा है। रक्षामंत्री के आगमन को लेकर मंगलवार को पूरे दिन तैयारियां चलती रहीं। सफाई कर्मचारियों ने पूरे दिन सभा स्थल पर साफ-सफाई की।

सट्टेबाजी में चार नामजद व दो अज्ञात पर केस

मंगलपुर। झींझक क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा आईपीएल में सट्टेबाजी कर हार-जीत की बाजी लगाने की जानकारी पुलिस को मिली। जिस पर पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की तो राज, विनय, आशु, गोपाल सहित दो अज्ञात के नाम सामने गए। जिसपर चार नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले में छानबीन शुरू की गई है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

हेल्थ सर्वे : दोआबा में पुरुष ज्यादा संख्या में हाइपरटेंशन से पीड़ित

जिला अस्पताल पहुंच रहे ढाई सौ मरीज, 25 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य

संवाददाता, फतेहपुर



अमृत विचार। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक दोआबा में महिलाओं के मुकाबले पुरुषों में हाइपरटेंशन के मामले अधिक देखने को मिले हैं। पुरुषों में जहां करीब 20.4 फीसदी हाइपरटेंशन के मामले सामने आए हैं। वहीं महिलाओं में 16.8 फीसदी हाइपरटेंशन के मामले देखने को मिले हैं।

एनआरसी में तैनात डायटीशियन शिल्पी श्रीवास्तव ने बताया कि हाइपरटेंशन एक बड़ी समस्या बन कर उभर रही है। हाइपरटेंशन यानी उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर की तरह हमारे शरीर को प्रभावित करता है। अच्छे खानपान और स्वस्थ्य जीवन शैली से इस समस्या से बचा जा सकता है। बता दें कि भारत सरकार ने 2025 तक हाइपरटेंशन से पीड़ित लोगों की संख्या में 25 फीसदी कमी करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डा. एनके सक्सेना ने बताया कि औसतन हर माह करीब दो से ढाई सौ लोग ओपीडी में हाइपरटेंशन से पीड़ित आते हैं, जिनका उचित उपचार किया जा रहा है। साथ ही उनकी काउंसिलिंग की जाती है। दवाई के साथ अच्छे खानपान के इफेक्ट के बारे में बताया जाता है।

- **20.4 फीसदी पुरुष, 16.8 प्रतिशत मामले महिलाओं के**

ऐसे करें हाइपरटेंशन से बचाव

डायटीशियन ने बताया कि बहुत जरूरी है कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाई जाए। रोजाना व्यायाम और योगा करें। अपने खानपान में ठीक से बदलाव कर ब्लड प्रेशर से संबंधित होने वाले रोगों से बचा जा सकता है। जिसके लिए खानपान में ताजे फल व सब्जियों का सेवन करें, अधिक से अधिक पानी पिएं।

क्या होता है हाइपरटेंशन

हाइपरटेंशन को उच्च रक्तचाप के नाम से भी जाना जाता है। इस स्थिति में उच्च रक्तचाप जिसमें खून धमनी की दीवारों पर बहुत ज़्यादा दबाव डालता है। आमतौर पर 140/90 से ऊपर के रक्तचाप को हाइपरटेंशन कहा जाता है। अगर दबाव 180/120 से ऊपर है तो इसे घातक माना जाता है।

इन चीजों से करें परहेज

जंक फास्ट फूड का प्रयोग कम करने के साथ डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ कतई न खाएं। बेकरी प्रोडक्ट रिफाइंड शुगर और कार्बोनेटेड पेय पदार्थ व कैफीन युक्त पदार्थों का सेवन न करें। इसके साथ ही साथ धूम्रपान, शराब, नशीले पदार्थों से दूरी बनानी चाहिए।

सड़क हादसों में आठ घायल

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के महरहा गांव निवासी प्रेमदेव का पुत्र सौरभ स्कूटी पर सवार होकर किसी काम से बिंदकी कस्बा गया था। तभी दूसरी स्कूटी सवार से उसकी भिड़ंत हो गई जिसमें सौरभ घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको बिंदकी सीएचसी से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इसी तरह बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कोइयां गांव निवासी राम प्यारी अपनी नातिन पीहू को साथ लेकर अपने पुत्र अमित कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर गाजीपुर थाना क्षेत्र के शिमौर गांव अपने मायके भाई अयोध्या प्रसाद के निधन होने पर उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रही थी। जब उसकी बाइक गंभरी के पास बाइक से गिरकर घायल हो गई। मलवां थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी सूरजदीन का पुत्र रामसजीवन मौजूदा समय में थाना क्षेत्र के चितौरा गांव अपनी ससुराल में निवास कर रहा है। सोमवार रात गांव में उसको कार टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे में राम सजीवन घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, सदर कोतवाली क्षेत्र के शांतीनगर मोहल्ला निवासी आदित्य द्विवेदी का पुत्र अमित कुमार द्विवेदी बाइक पर सवार होकर किसी काम से लखनऊ बाईपास पर गया था। तभी कोतवाली क्षेत्र के राम बाग पक्का तालाब मोहल्ला निवासी राहुल कुमार की बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलवां थाना क्षेत्र के कुंवरपुर ओखरा गांव निवासी गनेश कुमार का पुत्र शुभम और गया प्रसाद का पुत्र राजकुमार बाइक पर सवार होकर शहर आए थे। यहां से वापस जाते समय थाना क्षेत्र के चक्की नाका ओवर ब्रिज पर पहुंचे तभी दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसमें शुभम व राजकुमार दोनो घायल हो गए।

सार-संक्षेप

शोभायात्रा में शामिल लोग व पुलिसकर्मी। अमृत विचार

हनुमान जन्मोत्सव पर बालाजी धाम से निकली शोभायात्रा

रूरा। कस्बे में झींझक रोड स्थित बाला जी धाम में हनुमान जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा निकाली गई। भक्त डीजे व गीतों पर जमकर थिरकते नजर आए। मंगलवार को धनीरामपुर स्थित बाला जी धाम मंदिर में हनुमान जयंती पर्व के चलते सुबह से तैयारियां शुरू हो गई थी। दोपहर करीब बारह बजे विशाल शोभा यात्रा का कार्यक्रम भी रखा गया, जो बालाजी धाम से चलकर पाथामाई माता मंदिर, दुर्गा मंदिर होते हुए, रामलीला गली से होकर वापस बाला जी धाम पहुंची। यात्रा में सैकड़ों की तादाद में बच्चे व महिलाएं मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं और डीजे पर बज रहे भजनों में लोग थिरकते दिखे। जबकि यात्रा में शामिल सुंदर झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान सुरक्षा के चलते थाना प्रभारी एसएन सिंह, दरोगा राकेश सिंह, सिपाही रविशंकर, मंदिर के पुजारी वीरेंद्र पांडेय, दुर्गेश शुक्ला, अविनाश ओमर, आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे। वहीं रूरा कस्बे के राम नगर में भी मंदिर में शिव प्राण प्रतिष्ठा के चलते मूर्तियों का भ्रमण भटौली रोड से बड़े चौराहे तक किया गया। इस दौरान रोहित दीक्षित, रवि शंकर शुक्ल, गोलू दीक्षित, राम लखन तिवारी आदि मौजूद रहे।

स्वच्छ पर्यावरण के लिए पूरे देश में करेंगे साइकिल यात्रा

रसूलाबाद। नशा मुक्ति अभियान व स्वच्छ पर्यावरण का संदेश लेकर रसूलाबाद क्षेत्र निवासी एक युवक ने पूरे देश की साइकिल यात्रा शुरू की है। वह साइकिल से गांव, कस्बों व जिलों में जाकर जागरुकता संदेश देंगे। रसूलाबाद क्षेत्र के रजपुरवा गांव निवासी महेंद्र कुमार ने मंगलवार को साइकिल यात्रा शुरू करते हुए बताया कि वह कई राज्यों का भ्रमण कर कर नशे के खिलाफ व पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जानकारी देंगे। नशे से जहां नशा करने वाले को नुकसान है। वहीं सड़क दुर्घटना में कई निर्दोष लोगों की भी जान जाती हैं, इसलिए उन्होंने देश का भ्रमण कर यह मुहिम शुरू की है। श्रीधर्मगढ़ बाबा मंदिर में दर्शन करने के बाद महेंद्र ने साइकिल यात्रा शुरू की। इस दौरान कस्बा वासियों ने उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया।

साइकिल यात्री महेंद्र कुमार।

हादसे में बाइक सवार घायल

बिंदकी। नगर के निकट खजुहा रोड पावर हाउस के पास मंगलवार की सुबह अचानक सामने आ गए बच्चे को बचाने में बाइक सड़क में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार सतीश उर्फ गुड्डू पुत्र छेदालाल निवासी नसेनिया थाना जहानाबाद गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायल के परिजनों ने बताया कि बाइक सवार युवक किसी काम से कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के डीघ गांव गया था और काम करने के बाद वापस अपने गांव जा रहा था।

किसान समस्याओं पर भाकियू टिकैट गुट की पंचायत

फतेहपुर। किसानों की समस्याओं के निदान के लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट की एक पंचायत नहर कालोनी में जिलाध्यक्ष अशोक कुमार उत्तम के नेतृत्व में संपन्न हुई। पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष के सामने किसानों ने पंचायत के माध्यम से समस्या बताते हुए कहा कि इस बार भीषण गर्मी में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण खेतों के ऊपर से निकले जर्जर तार से गेहूं की फसल जलकर रख हो गई, जिसका मुआवजा नहीं मिलने समेत नौ मामले रखे। किसानों ने कहा कि जिले के किसी भी नहर में गर्मी के मौसम में पानी नही छोड़ा गया है। मंडी समिति से किसानों के जली फसलों का मुआवजा दिलाया जाए। शाह सब स्टेशन से समदाबाद फीडर तत्काल चालू किया जाए। कुहुंवा कि डेरा से रामपुर के मध्य रिन्द नदी पर पुल का निर्माण जल्द कराया जाए। अधिशासी अभियंता द्वितीय का कार्यालय बिंदकी में चालू किया जाए, जिससे किसान अपनी समस्या जिला मुख्यालय के बजाए वहीं पर कर सकें। मुआवजा समय से नहीं मिला तो 13 जून के दिन जिला मुख्यालय स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव किसान करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, नागेंद्र यादव, गुड्डू लोधी, जितेंद्र सिंह, देवनारायण पटेल, रामपाल निषाद, राधेश्याम, छोटेलाल, श्याम किशोर और कुलवंत आदि मौजूद रहे।

बैठक कर चर्चा करते पदाधिकारी।

प्रशिक्षण में 26 मतदान कार्मिक रहे अनुपस्थित

फतेहपुर। मंगलवार को दो पालियों में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिन भी दोनों पालियों में कुल 26 कार्मिक गैर हाजिर रहे। प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से कहा कि ईवीएम, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट, बैलेट यूनिट के बारे में बारीकी से समझ लें, यदि कोई चीज समझ में नहीं आती है तो दोबारा मास्टर ट्रेनर से पूछ लें। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि प्रथम पाली में 880 द्वितीय पाली में 880 कुल 1760 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली में 15 एवं द्वितीय पाली में 11 अनुपस्थित रहे। जिनका वेतन रोक स्पष्टीकरण मांगा गया है।

शहर के मुराइनटोला स्थित मंदिर में होता भजन-कीर्तन। अमृत विचार

हनुमान जन्मोत्सव पर अखंड पाठ, मंदिरों को सजाया गया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के अनन्य भक्त संकट मोचन हनुमान जी का जन्मोत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। शहर के प्रमुख मंदिरों में जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं कई मंदिरों में सोमवार से ही श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू हो गया था। मंदिरों में फूल बंगला सजाने के साथ अन्य कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

चैत्र मास की पूर्णिमा को संकट मोचन हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। वैसे तो जिले में बुढ़वा मंगल का पर्व काफी भव्यता से मनाया जाता है लेकिन अब हनुमान जन्मोत्सव भी उल्लास के साथ मनाया जाने लगा है। शहर में पटेल नगर चौराहे स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर समेत अन्य मंदिरों एवं घरों में भी सुबह आठ बजे सामूहिक सुंदरकांड का पाठ और दोपहर 12 बजे भगवान का प्राकट्य उत्सव मना छप्पन भोग भी लगाया गया। हनुमान मंदिर में सुबह हनुमान जी का विशेष श्रृंगार करने के साथ मंदिर को फूलों व गुब्बारों से सजाया गया। हनुमान जयंती पर साउथ सिटी स्थित पीडब्लूडी गेट के सामने, जीटी रोड, पत्थरकटा के समीप भंडारे भी आयोजित हुए। जहां लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कई स्थानों पर गर्मी को देखते हुए शर्बत वितरण भी किया गया।

जन्मोत्सव में रहा चित्रा नक्षत्र व वज्र योग

मान्यताओं के अनुसार जिस दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था उस दिन भी मंगलवार था। इसके साथ ही जिस चित्रा नक्षत्र में हनुमान जी का जन्म हुआ था ये नक्षत्र भी हनुमान जन्मोत्सव के दिन रहा और वज्र नामक योग भी इस दिन रहा। आचार्य भृगुनंदन शुक्ला ने बताया कि चैत्र शुक्ल पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ 23 अप्रैल मंगलवार को भोर पहर 3 .25 बजे से शुरू होकर 24 अप्रैल बुधवार को प्रात : 5 . 18 बजे समाप्ति है।

बजरंग दल ने निकाली भव्य शोभायात्रा

धाता। कस्बे में मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सूर्यकुंड पक्का तालाब के पास बने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के साथ शोभा यात्रा की शुभारंभ किया गया। शोभा यात्रा मंदिर से निकल कर पुरानी बाजार, दीप नारायण तिराहा, सिराथू रोड, पुन : आयोजन स्थल पर संपन्न हुई। यात्रा मे सभी लोग भगवान श्री हनुमान का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा में थानाध्यक्ष वृंदावन राय पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर जयप्रकाश केसरवानी, रितेश सोनी, वीरू द्विवेदी, नितिन सिंह पटेल, अश्वनी सिंह, अनिल पांडेय, हिमांशु त्रिपाठी, वेद नारायण, अशोक केसरवानी आदि शामिल रहे।

कस्बे में निकली शोभायात्रा।

खखरेरु सीएचसी में डॉक्टर का टोटा

संवाददाता, खागा

अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खखरेरू के हालात दिन प्रतिदिन बद से बदतर होते नजर आ रहे है। यह अस्पताल सिर्फ एक डॉक्टर के सहारे चल रहा है। तीन डॉक्टरों का आवागमन रोजाना प्रयागराज से होने के कारण समय से पहुंचना मुश्किल है। इस कारण से मरीजों को सही समय पर इलाज का फायदा नहीं मिल पाता है। मजबूरन क्षेत्र के मरीजों को निजी अस्पताल में अपनी जेब कटवानी पड़ती है।

लोगों ने बताया की सामूदायिक स्वाथ्य केन्द्र खखरेरू का 30 बेड के सीएचसी में आज भी रात्रि कोई भी मरीज भर्ती नहीं किया जाता। मात्र कागज में भर्ती दिखाया जा रहा है। इसी बात को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में रोष दिखाई दे रहा है। ग्रामीण छोटेलाल व ननकी देवी इलाज के लिए सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक इधर उधर भटकते रहें। इस दौरान दैनिक अमृत विचार की टीम ने सीएचसी की जमीनी हकीकत की पड़ताल करने पहुंची तो देखा कि स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत डॉ. वंदना स्त्री रोग विशेषज्ञ की कुर्सी खाली थी। खाली कुर्सी के सामने मरीज इंतजार करते मिली। इसके अलावा कई डॉक्टरों के कमरे के ताले लटकते मिले। इस दौरान स्थानीय मरीजों का कहना था कुछ डॉक्टर तो महीने में एक ही बार सीएचसी आते हैं। मौके पर मौजूद रहें सीएचसी अधीक्षक राजू राव ने बताया की न किसी की छुट्टी लगी है न ही किसी का मेडिकल चढ़ा है । सीएमओ इश्तियाक अहमद ने कहा कि मामले को लेकर जांच पड़ताल की जाएगी। जांच के बाद अगर कोई दोषी पाया जाता हैं तो फिर उचित कार्रवाई की जाएगी।

डॉक्टर की खाली कुर्सी के सामने इंतजार करती मरीज। अमृत विचार

- **पड़ताल के दौरान मिली कई विशेषज्ञों की कुर्सी खाली**

नहरों में उड़ रही धूल नदियों में पानी कम

फतेहपुर। भीषण गर्मी से हर वर्ग परेशान है। नहरों एवं रजबहों में पानी सूख चुका है और नदियों में काफी पानी कम हो जाने से सूखने की ओर पहुंच रही हैं। पशु-पक्षी बेहाल हो रहे हैं। वहीं जलस्तर की समस्या भी पैदा होने लगी है।

रिंद, पांडु, ससुर खदेरी, नोन नदियों समेत गंगा यमुना जिले से होकर बहती हैं। इसके अलावा सैकड़ों किमी लंबे रजबहे और निचली गंगा नहर व राम गंगा नहर भी हैं, जहां पानी नहीं है। किसान दिनेश दीक्षित, संजय तिवारी, प्रमोद दुबे आदि का कहना है कि जंगली मवेशी, पशु पक्षी प्यास से व्याकुल रहते हैं। सिंचाई भी नहीं हो पा रही है। तलहटी में बसें गांव के कास्तकार नदियों से अपनी फसलों की सिंचाई करते हैं। नदी का पानी काफी मात्रा में कम होने से कहीं कहीं पर जलधारा सिमट कर सूखने की कगार पर है। फसलों की सिंचाई करना संभव नहीं रहा।

देवी भक्तों ने धूमधाम से निकाले जवारे

जहानाबाद। कस्बे के मलिकपुर स्थित फूलमती मंदिर के चैत मास के चतवार वाले दिन श्रद्धालुओं ने बड़े धूमधाम के साथ जवारे हुआ। झांकियों के साथ शोभा यात्रा निकाली। गाने बजाने के साथ महिलाओं व कन्याओं ने सिर पर जवारे रखकर जय माता दी के घोष के साथ अपने गालों में लोहे की सांग चुभाकर निकली तो देखने वालों की नजरें ठहर गईं।

रात में जागरण पार्टी ने मां के भजन एवं झांकियां के साथ चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है.. आदि देवी भजन सुनकर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हुए। इस मौके पर सर्वेश कुमार सोनकर, आदित्य सिंह सेंगर, अरविंद कुमार, अंकित राजपूत, राजकिशोर कश्यप, पप्पू सविता, शंकर कश्यप, धर्मेंद्र राजपूत, राजेश राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

लोकेशन लिया तो कई पशु चिकित्सक नदारद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। अधिकांश गौशालाओं में सुविधाओं का आभाव होने से गोवंश बीमार पड़ रहे हैं। सफाई और उचित देखभाल भी नहीं है। ऐसी दशा में गोवंश कैसे बीमार न हो, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

मंगलवार को सीडीओ ने सभी 58 गोशालाओं की दोपहर तीन बजे पशु चिकित्सकों के ड्यूटी में होने की जीपीएस फोटो मांग ली तो महकमे में हड़कंप मच गया। जिसमें कई पशु चिकित्सक नदारत मिले। वहीं विभाग के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा लापरवाह पशु चिकित्सकों को बचाने का काम किया जा रहा। जिले में 58 गोशालाएं हैं। गोशालाओं में गोवंशों के मरने के कई वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुए। जिले के प्रशासनिक अफसरों ने मामले को संज्ञान में लिया तो कुछ समय के लिए पशु चिकित्सकों ने सक्रियता दिखाई लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वही रवैया अपना लेते हैं। जिससे अधिकांश गोशालाओं की दशा नहीं बदल सकी। मंगलवार को दोपहर तीन बजे पशु चिकित्सकों के ड्यूटी में होने की जीपीएस फोटो सीडीओ ने मांगी तो महकमे में हड़कंप मच गया। सूत्रों की माने तो कई गोशालाओं में जीपीएस फोटों में पशु चिकित्सक नदारत दिखे। जीपीएस फोटो में पशु चिकित्सक की जगह अन्य कर्मचारी ड्यूटी में मिले। पशु चिकित्सकों की लापरवाही की पोल खुल गई।

सुविधा के अभाव में गोवंश होते बीमार

गर्मी के दिनों में गोशालाओं में गोवंश हाफ रहे हैं, नाद में सूखा भूसा पड़ा रहता है। टिन शेड में लगे पंखे कई गोशालाओं के खराब हैं। पशुओं के लिए हरा चारा, खली, चोकर का आभाव जैसा देखने को मिला। जहां गोवंश बंधता है वहां उचित सफाई नहीं रहती।

लापरवाही की खुली पोल

जिन पशु चिकित्सकों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई वे अलग अलग दिनों में चुनाव प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण के अलावा अन्य दिनों में ड्यूटी से नदारत रहना बड़ी लापरवाही सामने आयी है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इनके विरूद्ध कार्यवाही करने से बचते हैं।

> जिले के 13 पशु चिकित्सक पीठासीन अधिकारी चुनाव ड्यूटी में लगे हैं। जो चुनाव का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनके स्थान पर अन्य कर्मचारियों को गौशालाओं में लगाया गया है। कुछ पशु चिकित्सकों के अन्य काम में लगे होने से उपस्थित नहीं रहे।
>
> –नवल किशोर वर्मा, सीवीओ

निजी अस्पताल में डीप फ्रीजर की जगह साधारण फ्रिज का हो रहा प्रयोग

टीकाकरण में बच्चों की सेहत से न खेलें

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बीमारियों से बचाने के लिए सरकारी अस्पतालों में मुफ्त में लगने वाले टीकों को कुछ निजी अस्पताल तीन से पांच हजार रुपये लेकर लगा रहे हैं। कई अस्पताल ऐसे हैं जिनके पास डीप फ्रीजर की बजाय सिर्फ फ्रिज है। ऐसे अस्पतालों में लगने वाले टीके की कोल्ड चेन टूटने से वह असरदार नहीं रह जाता।

शहर में इन दिनों लोगों के बीच मुफ्त में लग रहे सरकारी अस्पतालों के टीकों के बजाय निजी अस्पतालों में मोटी रकम देकर टीका लगाने का फैशन चल पड़ा है। मोटी कमाई के लालच में कई अस्पताल कानपुर से भी टीका मंगाकर लगा देते हैं। जबकि जिला अस्पताल में बाल रोग के डॉ. मूलचन्द्रा का कहना है कि कानपुर से यहां तक आने में टीके की कोल्ड चेन टूट जाने की आशंका बहुत बढ़ जाती है। ऐसे टीके लगाने से बच्चे को बीमारी से कोई संरक्षण नहीं मिल पाता। हालत है कि सरकारी अस्पतालों में बड़े-बड़े डीप फ्रीजर के बीच रखे गए टीके मुफ्त में लगवाने की बजाय कुछ लोग निजी अस्पतालों में पेंटा का टीका पांच हजार रुपये में, न्यूमोकल चार हजार रुपये, मिटिंगो कोकल चार हजार रुपये, पीसीबी तीन हजार रुपये, रोटा पेक्सी 35 सौ रुपये देकर लगवा रहे हैं।

- **साधारण फ्रिज में रखने से कम हो जाता वैक्सीन का असर**

बोले विशेषज्ञ

> कई लोग बताते हैं कि टीका लगवाने के बाद भी बच्चे को बीमारियों से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। पूछने पर पता चलता है कि उनके बच्चे को टीका ऐसी जगह से लगा था जहां कोल्ड चेन की कोई गारंटी नहीं है। यदि टीके को फ्रिज में रखा जाए तो बिजली जाते ही उसका तापमान बढ़ने लगता है। जबकि डीप फ्रीजर में आठ घंटे तक लाइट न रहने पर भी कोल्ड चेन पर असर नहीं पड़ता। कोल्ड चेन एक बार भी टूटी तो टीके की गुणवत्ता तेजी से प्रभावित होती है।
>
> –डॉ. मूलचन्द्रा, बाल रोग विशेषज्ञ

मानव श्रृंखला बना मतदान का संदेश...

फतेहपुर। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मंगलवार को बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता व लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व, जैसे स्लोगन व नारों के साथ स्कूली बच्चों ने मानव श्रंखला बनाकर मतदान के प्रति लोगों में जागरुकता फैलाई। स्वीप कार्यक्रम के तहत स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने मन्नालाल दीक्षित इंटर कॉलेज कोराईं में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा मानव श्रंखला बनाकर 20 मई को होने वाले चुनाव में मतदान के लिए संदेश दिया गया। डॉ. अनुराग ने बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। वहीं सी-विजिल एप व जनपद के 5000 से अधिक दिव्यांगजनों द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जनपद का नाम लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज करवाने के प्रयास के बारे में भी जानकारी दी गई। मौजूद लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। बताया गया कि आयोग का मंतव्य है कि लोग लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अधिकाधिक मतदान करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामनरेश सहित अन्य सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

80 के दशक में स्थापित कई औद्योगिक इकाइयां बंद

बड़ा मुद्दा : 3,842 करोड़ के एमओयू साइन करने वाले उद्योगपति हो गए लापता

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। विकास को नई उड़ान देने के लिए जिले के मलवां, चौडगरा औद्योगिक क्षेत्र को 80 के दशक में स्थापित की गईं दर्जनों औद्योगिक इकाइयां एक के बाद एक बंद होती गईं। फलस्वरूप दोआबा के करीब 2 लाख से अधिक बेरोजगार युवा रोजगार की तलाश में घर छोड़ने को मजबूर हुए।

बात जब चुनाव की आती है तो विकास के मुद्दे उठने लगते हैं और इसी के साथ बेरोजगारों को रोजगार व हर हाथ को काम देने के वायदे सियासत की जंग में परवान चढ़ने लगते हैं। 18वीं लोकसभा चुनाव का बिगुल एक बार फिर फुंक गया है लेकिन जिले के उद्योग धंधों को बढ़ाने के केवल अब तक झूठे वादे किए जा रहे हैं। प्रदेश की 5 ट्रिलियन डालर इकोनॉमी को लेकर हुई कवायद का असर यहां भी रहा।

यूपी ग्लोबल सबमिट 2018 में जिले में करीब 1800 करोड़ एवं 2023 में 2842 करोड़ के उद्योगपतियों ने एमओयू तो साइन कर दिए लेकिन इन उद्योगों को धरातल पर उतारने का अब तक कोई काम नहीं किया। नतीजा यह है कि एमओयू साइन करने वाले उद्योगपति ढूंढे नहीं मिल रहे। बद से बदतर होती गईं औद्योगिक इकाइयों के विकास एवं रोजी-रोजगार को लेकर राजनीतिक दलों ने थोथे आश्वासनों के अलावा कभी अपने चुनावी मुद्दे में इन्हें शामिल ही नहीं किया।

बदहाली बयां करती औद्योगिक इकाई।

वीरान पड़ा मलवां व चौडगरा औद्योगिक क्षेत्र। अमृत विचार

हरिकृष्ण शास्त्री की पहल पर लगे थे उद्योग

आजादी के बाद से जिले की राजनीति की हवाएं देश व प्रदेश की सियासत में तैरती रहीं लेकिन 80 के दशक में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र हरिकृष्ण शास्त्री ने राष्ट्रीय मार्ग के मलवां व चौडगरा को औद्योगिक क्षेत्र का दर्जा दिलाकर जिस तरह से औद्योगिक इकाइयों को स्थापित कराने की पहल शुरू की, वह 5 वर्षों में ही दिन दूना रात चौगुना ऐसी बढ़ी कि क्षेत्र में दर्जनों औद्योगिक इकाइयां पूंजीपतियों ने स्थापित कर दीं। ये वह समय था जब जनपद एशिया के मानचित्र में अपना अहम स्थान रखने लगा था। इसी वजह से फतेहपुर का नाम भी विकास के क्षेत्र में प्रदेश के मानचित्र में दर्ज हो गया। कांग्रेस की सत्ता और विकास के आईने में तोहफे के रूप में मिली इस जनपद को औद्योगिक इकाइयां अब पूरी तरह से बदहाली की ओर हैं।

कताई मिल ने दिया था 20 हजार लोगों को रोजगार

एक समय ऐसा था जब अल्लीपुर में कताई मिल में 20 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा था लेकिन समय की मार के आगे कताई मिल भी खंडहर में तब्दील हो गई। प्रदेश में सपा, बसपा एवं भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने राज तो किया लेकिन बंद औद्योगिक इकाइयों के पुनरोद्धार को लेकर कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए जिसका नतीजा रहा कि रोजी रोजगार का संकट साल-दर-साल बढ़ता गया और 29 लाख की आबादी वाले जनपद में 2 लाख के करीब युवा गैर जनपदों एवं गैर प्रांतो में काम की तलाश में पलायन कर गए।

- 2018 व 23 में हुई ग्लोबल सबमिट के दावे थोथे निकले

हस्ताक्षर तक ही सीमित रहा एमओयू

युवाओं को रोजगार व काम का सपना दिखा नेता अपना उल्लू सीधा करते रहे। केंद्र व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के बाद 2018 में यूपी ग्लोबल इन्वेस्ट समिट में करीब 18 सौ करोड़ एवं 01 वर्ष पहले फरवरी 2023 में जिले में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को लेकर 2842.93 करोड़ के एमओयू उद्योगपतियों ने हस्ताक्षर तो किया लेकिन अब वह कहां है? नहीं मिल रहे। नए चुनावी दावे एवं वादों के साथ नेता फिर जनता के बीच जा रहे हैं लेकिन रोजी रोजगार को लेकर बात तक करने से कतरा रहे हैं। जो एक बड़ा मुद्दा दिख रहा है।

नेताओं की उदासीनता पड़ रही भारी

संवाददाता, बिन्दकी-फतेहपुर

- मलवां क्षेत्र में एक दर्जन औद्योगिक इकाइयां बचीं
- सरकारें बनती रहीं पर उद्योगों की बदहाली समाप्त नहीं हुई

अमृत विचार। बिन्दकी कस्बा में पीतल के कारोबार से लेकर औद्योगिक इकाइयों की स्थापना एवं उत्थान को लेकर जिस तरह से नेताओं ने उदासीन रवैया अपनाया वह हरिकृष्ण शास्त्री के 1989 में चुनाव हारने के बाद से अब तक जारी है। मलवां व चौडगरा औद्योगिक क्षेत्र राष्ट्रीय मार्ग के किनारे है। जहां स्टील प्लांट से लेकर सिटको लेदर, आरबी ट्यूब्स, सा-वालेस, क्वालिटी स्टील ट्यूब्स, हीमैन मर्करी कंटेनरी, आइडिल टीवी, सी लाल एल्युमिनियम, गर्ग स्टेक, मरकरी ब्रेड, सीमेंट फैक्ट्री, लक्ष्मी कॉट्सन मिल्स, महादेव फर्टिलाइजर, कताई मिल सहित आधा दर्जन के करीब सरिया व इंगल बनाने की फैक्ट्रियां लगाई गईं। इन फैक्ट्रियों में अब ताला लटका हुआ है। कारपो इलेक्ट्रॉनिक्स, पैनम स्टील, रोल्स ट्यूब, अमृत फूड्स का हाल भी किसी से छिपा नहीं है। मलवां क्षेत्र में बमुश्किल से एक दर्जन के करीब छोटी बड़ी औद्योगिक इकाइयां ही संचालित हैं।

दोआबा ने देश को प्रधानमंत्री तक दिया : भाजपा ने एक बार फिर सांसद साध्वी निरंजन ज्योति को तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है। बहुजन समाज पार्टी का नया चेहरा डॉक्टर मनीष सचान के रूप में सामने आया है जबकि कांग्रेस-समाजवादी पार्टी के गठबंधन से अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। वर्ष 1989 एवं 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में राजा मांडा विश्वनाथ प्रताप सिंह विकास पुरुष के नाम से मशहूर रहे। हरिकृष्ण शास्त्री को पराजित कर संसद की दहलीज तक पहुंचे तथा प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली। यह वह दौर था जब विश्वनाथ प्रताप सिंह के प्रधानमंत्री बनने के साथ ही लोगों के सपने हिचकोले मारने लगे थे कि अब जिले के विकास की रफ्तार देश दुनिया देखेगी लेकिन लोगों का यह सपना सपना ही रह गया। तब से लेकर 17वीं लोकसभा तक यहां के लोगों ने हर दल के प्रत्याशी को अपना प्यार लुटा संसद तक पहुंचाया। सपा, जनता दल, बसपा एवं भाजपा से सांसद चुने गए सरकारें बनीं लेकिन औद्योगिक इकाइयों की बदहाली समाप्त नहीं हुई।

सार-संक्षेप

सुकदेव ने राजा परीक्षित को दिलाया पाप से छुटकारा

थरियांव। क्षेत्र के मलाव गांव में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक ने सुकदेव जन्म और राजा परीक्षित को पापों से छुटकारा की कथा सुनाई। कथा वाचक पंडित कमल किशोर शुक्ल ने सुखदेव जन्म की मंगलवार को कथा सुनाकर श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत की। कथा वाचक पंडित कमल किशोर शुक्ल ने कहा कि सुखदेव अपनी मां के गर्भ में कुल 12 वर्ष तक रहे। तब भगवान नारायण के कहने पर सुखदेव जी ने पृथ्वी में जन्म लिया। इसके बाद सुकदेव जी वन को चले गए। वहां वन में समिक ऋषि के पुत्र श्रंगी ऋषि राजा परीक्षित को शाप दिया कि आपने मेरे पिता जी के गले में मृत सर्प डाल दिया है। अब इसी मृत सर्प के सात दिन बाद काटने से आपको मृत्यु हो होगी। यह सुन कर राजा परीक्षित शाप से मुक्ति पाने के लिए गंगा तट के किनारे पूजा पाठ करने लगे। तो वही पर सुकदेव जी का आगमन हो गया। उन्होंने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाकर शाप से छुटकारा दिलाया। राजा परीक्षित ने सुकदेव जी को प्रणाम किया और खुशी मन में वह अपने राज्य को वापस लौट आए।

ट्रैक्टर- ट्राली से गिरकर किसान की मौत

बिंदकी। घर के बाहर ट्रैक्टर की ट्राली से भूसा उतरते समय किसान का पैर फिसल गया और वह नीचे जा गिरा। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन किसान को इलाज के लिए कानपुर ले गए, जहां किसान की इलाज दौरान मौत हो गई। परिजन शव को वापस गांव ले आए। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के बहरौली गांव में मंगलवार की सुबह शमशेर सिंह अपने खेत से ट्रैक्टर की ट्राली में भूसा लाद कर लाया था। वह घर के बाहर ट्रैक्टर की ट्राली को खड़ा कर झाल में भरे भूसे को उतार रहे थे तभी उनका पैर झाल में चिकना होने के कारण फिसल गया और वह सिर के बाल नीचे जा गिरे। जिसके चलते सिर पर गंभीर चोट आ गई, गंभीर रूप से घायल किसान शमशेर सिंह को परिजन इलाज के लिए कानपुर ले गए। जहां उसकी इलाज दौरान मौत हो गई। मौत के बाद परिजन शव को वापस बहरौली गांव ले आए। पुलिस को सूचना दी गई इस मामले में खजुहा चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर भारत सिंह पुलिस बल के साथ बहरौली गांव पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

खुन्नस में बाइक से टक्कर मार किया था घायल, मौत

थरियांव। थरियांव थाना क्षेत्र के बहराम डेरा निवासी नरेश पुत्र सीताराम व पिंटू गुप्ता से उधारी पैसे को लेकर खुन्नस चल रही थी। इसी खुन्नस का फायदा उठा कर आरोप युवक पिंटू गुप्ता ने नरेश को 30 मार्च को बाइक से टक्कर मार दिया इस टक्कर मे नरेश बुरी तरह घायल हो गया। और गंभीर हालत मे युवक को प्राइवेट अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने शव को मंगलवार को थाने में रख कर आरोपी पिंटू पर कार्यवाही की मांग करने लगे। सैकड़ों की तादात मे पहुंचे ग्रामीणों का कहना था कि शिकायत को इतने दिन बीत गऐ लेकिन आरोपी युवक कि अभी तक गिरफ़्तारी क्यों नहीं हुई। वहीं थरियांव पुलिस पर भी आरोपियों के साथ मिले होने का आरोप लगया। परिजनों का कहना था कि आरोपी युवक पर हत्या का मुकदमा दर्ज करा जाए। मामला बढ़ता देख थरियांव पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कराते हुई शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं थरियांव थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह का कहना है कि आरोपी युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने का उत्साह नहीं

फतेहपुर। जिले में गेहूं की कटाई इस समय तेजी से चल रही है हालांकि सरकारी खरीद केंद्रों पर इक्का-दुक्का किसान ही गेहूं बेचने के लिए ला रहे हैं। कटाई की तुलना में खरीद केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए किसानों की कोई भीड़ नहीं दिख रही है। इसके पीछे बाजार भाव और सरकारी खरीद भाव में कोई अधिक अंतर न होने के कारण किसान बाहरी मंडी में गेहूं बेचना ज्यादा उचित समझ रहे हैं। प्रदेश सरकार ने जहां एक मार्च से गेहूं की खरीद करने के निर्देश जारी कर दिए थे। सरकारी खरीद केंद्रों पर कांटा बारदाना भी भिजवाए थे। उस समय गेंहू की कटाई न होने के कारण खरीद केंद्र पर गेंहू नहीं आ रहा था। पिछले करीब एक सप्ताह से गेहूं की थ्रेसिंग का काम शुरू हो गया बीच में मौसम के चलते थ्रेसरिंग नहीं हो पा रही थी। कटाई शुरू होते ही कई सरकारी खरीद केंद्रों गेहूं की आवक होना शुरू हो गई। लेकिन रफ्तार नहीं पकड़ रही है। सूत्रों की मानें तो खुले बाजार में गेहूं का मूल्य 2200 से लेकर 2225 रुपये कुंतल तक बिक रहा है। जिसके चलते किसान खुले बाजार में अपना गेहूं बेचना उचित समझ रहा है। सरकारी खरीद केंद्रों पर तमाम तरह के झंझट के कारण भी किसान गेहूं कम ला रहे हैं।

युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के खासमऊ गांव निवासी साबिर अली के पुत्र शहजाद ने पारिवारिक कलह के चलते घर में जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो घर में हड़कंप मच गया। तुरंत घटना की सूचना एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलने ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

नेताओं के सामने ईवीएम की चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम की चेकिंग हुई। जिला निर्वचन अधिकारी डीएम ने सभी ईवीएम को विधानसभा क्षेत्र वार वेयर हाउस में विधानसभा क्षेत्रवार सबके समक्ष रखवाकर कक्ष सील करा दिएष

चेकिंग के दौरान बॉक्स में रखी बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, एवं वीवी पैट मशीनों को विधान सभा खागा, फतेहपुर सदर, हुसेनगंज, आदि के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, को बनायी गयी सूची के आधार पर बॉक्स पर रखे मशीनों की क्रॉस चेकिंग कराने पर सही पाई गई। उसके बाद वेयरहाउस में वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट के कमरों को सभी दलों के पदाधिकारियों के सामने सील कराकर हस्ताक्षर कराए गए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारी, सिपाहियों को निर्देश दिए कि सील किए गए कमरे की तरफ किसी को जाने न दिया जाए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मनोज मिश्रा, समाजवादी पार्टी के कमला यादव, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के देवी प्रकाश दुबे, आम आदमी पार्टी के मोहम्मद गुलफाम खान, सीपीआईएम के आलोक प्रकाश के अलावा प्रभारी अधिकारी कार्मिक, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

ईवीएम मशीनों की चेकिंग करातीं जिलाधिकारी सी. इंदुमती। अमृत विचार

- डीएम ने वेयरहाउस में विधानसभा क्षेत्रवार मशीनें रखवाकर कक्ष सील कराया

फांसी लगाकर युवती ने की खुदकुशी

फतेहपुर। संदिग्ध अवस्था में एक युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतिका के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के बैरमपुर गांव निवासी रामबाबू की 18 वर्षीय पुत्री नेहा ने संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने जब युवती को फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। परिजनों ने बताया कि 28 अप्रैल को मृतिका की शादी थी।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान, हत्या का आरोप

संवाददाता, असोथर

अमृत विचार। एक महिला ने सोमवार को फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मृतका के मायकेपक्ष से पहुंचे भाई ने बहनोई पर मार डालने का आरोप मौखिक रूप से लगाया है। पुलिस ने बताया कि मामले की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

निराशा देवी।

असोथर थाना क्षेत्र के सुसवन खुर्द गांव निवासी दीपक कुमार प्रजापति की पत्नी निराशा देवी ने दोपहर में अपने कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने बताया कि दीपक की शादी ढाई वर्ष पहले मनावा गांव निवासी मुन्ना प्रजापति की बेटी निराशा के साथ हुई थी। सात माह पूर्व एक बेटी का भी जन्म हुआ था। मायके से पहुंचे मृतका के भाई कामता प्रसाद ने आरोप लगाया कि बहन को बहनोई द्वारा आयदिन मारापीटा जाता था। विवाद बहनोई के शराब पीने को लेकर होता था। ग्रामीणों ने बताया कि एक दिन पूर्व भी दोनों में विवाद हुआ था। आरोप है कि उसे मारा गया है। मामले में थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि मायके पक्ष से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

अंत्येष्टि को ले जा रहे थे शव पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता, अमौली

अमृत विचार। नलकूप की सीढ़ियों से गिरे एक किसान की मौत सोमवार की रात हो गई। घटना में किसी ने किसी तरह का कोई आरोप परिजनों ने नहीं लगाया लेकिन लोगों में हत्या होने की चर्चा ने तेजी पकड़ ली। परिजन शव को अंतिम संस्कार को ले जा रहे थे। मामले की जानकारी पर पुलिस ने रास्ते में रुकवा कर शव कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चांदपुर थाना क्षेत्र के जारा गांव निवासी रामप्रकाश अपने खेतों पर निजी नलकूप में रहकर खेती किसानी करते थे। सोमवार को पारिवारिक शादी समारोह में घर में रिश्तेदारों की भीड़ जुटी थी। सोमवार की रात करीब दस बजे जब खाना खाकर रामप्रकाश की पत्नी श्यामकली नलकूप पर पहुंची तो राम प्रकाश मृत अवस्था में पड़ा था और चेहरे में चोट के निशान थे। मामले की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। परिजन सुबह शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए निकल गए। वहीं रामप्रकाश की चेहरा कूंचकर हत्या होने की चर्चा ने तेजी पकड़ ली। भनक पुलिस को लगी तो पुलिस ने तत्काल रास्ते में पहुंचकर शव रुकवाया कब्जे में ले लिया। पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

खाना बनाने के विवाद में महिला ने खाया जहर, मौत

फतेहपुर। खाना बनाने को लेकर हुए विवाद में महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। जानकारी परिजनों को हुई तो उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बा निवासी फिदा हुसैन की पत्नी खुशबू ने घर के अंदर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो उसको उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

खेत में दवा डालने पर भिड़े दो पक्ष चले लाठी-डंडे, कई लोग घायल

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। खेत में लगी भिंडी की फसल में दवा डालने की शंका पर दो पक्ष के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। दोनों ओर से कई लोग घायल हुए हैं। एक पक्ष ने कोतवाली पुलिस द्वारा कोई सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के नया पुरवा मजरे सवंत गांव की रहने वाली महिला किसान श्यामकली ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसके पति बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। देवर सुधेश और उसके खेत अगल-बगल में है। उसके खेत में मूंग की फसल लगी है। देवर के खेत में डी की सब्जी लगी हुई है। 18 अप्रैल के दिन देवर ने भिंडी की फसल पर दवा डालने का आरोप लगाया। उसके बाद रात में 20 अज्ञात लोगों को बुलाकर जो कि बाइक और लोडर से आये थे। सभी लोग घर में घुसकर उसके साथी से मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर गांव के लोगों को आते देखकर सभी हमलावर बाइक व गाड़ी छोड़कर भाग गए। रात में ही चौकी में सूचना दी गई तो पुलिस ने बाइक और गाड़ी को चौकी में खड़ा करा दिया। कोतवाली तीन दिन तक गए लेकिन पुलिस ने एक पक्ष से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर दिया। लोगों की सुनवाई नहीं कर रहे थे। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। मारपीट में एक दिव्यांग बच्चे को भी चोट आयी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा कोतवाली प्रभारी तेज बहुदार सिंह ने बताया कि भिंडी में दवा डालने के विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की नहीं मिली है।

दो युवतियां लापता, गुमशुदगी दर्ज

असोथर। थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से दो युवतियां लापता होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खोजबीन के बाद पीड़ित परिवार ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए युवतियों के साथ अनहोनी होने की आशंका पुलिस से जाहिर की है। मामले पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के ढरहरी मजरे के ऐंझी गांव के रहने वाले बड़े लाल पुत्र नन्नू निषाद ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ शनिवार को गेहूं की फसल काटने के चले गए और घर पर खाना बनाने के लिए अपनी छोटी बेटी आरती देवी छोड़ दिया था। शाम को घर वापस आने पर बेटी घर पर नहीं मिली। काफी तलाशने के बाद भी कहीं पता नहीं चल सका। वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के ही कौंडर गांव की है जहां के रहने वाले श्याम लाल ने बताया कि रविवार को वह अपने परिवार के साथ गेहूं की खेती कटाई को लेकर खेत चले गए थे। घर पर बेटी रेखा अकेले थी। लौटकर देखा तो बेटी घर पर नहीं थी। काफी तलाशने के बाद भी पता नहीं चल सका। हलका इंचार्ज देवी दयाल वर्मा ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। लापता युवतियों को जल्द बरामद किया जाएगा।

जेवर-नकदी के साथ बेटी को ले जाने का आरोप

थरियांव। थरियांव थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का ही रहने वाला युवक रात में उसकी बेटी को दो लाकेट सोने के वजन करीब पांच ग्राम और घर में रखी दस हजार नकद के साथ ले गया है। वहीं थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

झुलस रही त्वचा | मनुष्य के साथ पशु-पक्षी भी बेहाल, घरों में दुबकने को लोग हो रहे मजबूर

रिकार्ड तोड़ गर्मी : जेठ की तरह तप रही चैत की दुपहरिया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। चैत की दोपहरी जेठ की तरह तप रही है। तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया है। जबकि पिछले वर्ष 23 अप्रैल को तापमान 38 डिग्री था। तापमान बढ़ने से दिन चढ़ने के साथ ही गर्म हवाएं झुलसाने लगी हैं। अंगौछा व टोपी से सिर ढके बिना दोपहर में सड़कों पर निकलना मुश्किल है। तापमान का असर इंसानों के साथ पशु-पक्षियों और फसलों पर भी पड़ रहा है।

इस समय इंग्लिश कैलेंडर का अप्रैल और हिंदू पंचांग में चैत्र महीना चल रहा है। होली के बाद से तापमान लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सुबह 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं। दोपहर होते-होते जमीन तपने लगती है। बाहर निकलने पर कुछ ही देर में हलक सूखने के साथ थकान हावी हो जाती है। लोगों का कहना है कि अप्रैल में यह हाल है तो मई व जून में तो आग ही बरसेगी।

मंगलवार को तापमान 39 डिग्री रहा लेकिन 42 डिग्री जैसी गर्मी महसूस की गई। सुबह से ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरु कर दिए और दोपहर को तो घरों से निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर को गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। यही कारण रहा कि जिन सड़कों पर आमतौर पर भीड़ रहा करती है उन पर सन्नाटा रहा। जरुरी कामों से निकले लोग दोपहर शहर की सड़कों पर अंगोछे से चेहरा ढककर जाते हुए दिखाई दिए। इन दिनों दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक गर्मी के तीखे तेवर झेलने पड़ रहे हैं।

झुलसाने वाली गर्मी में मुंह बांधकर निकलते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- पिछले साल से तापमान एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा, झुलस रही त्वचा

हीट वेव से बचाव को बार कोड जारी

जिला प्रशासन की ओर से हीट वेव से बचाव के लिए बार कोड जारी किया गया है। इस बार कोड के माध्यम से हीट वेव की स्थिति में क्या करें क्या ना करें एवं उपचार की जानकारी मिल सकेगी। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जनअभियान चलाकर भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बार कोड को किसी भी मोबाइल फोन से स्कैन करते ही हीट वेव से बचाव की जानकारी तुरंत मिलेगी।

गर्मी में बिजली भी दिखा रही नखरे

इन दिनों बिजली के ट्रांसफार्मरों के अनुरक्षण का काम चल रहा तथा जर्जर तार और पोल भी बदले जा रहे हैं इसके चलते कई फीडरों की बिजली पूरे दिन बंद रही। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर फाल्ट के कारण बिजली का आना जाना लगा रहा। गर्मी के इस दौर में बिजली गुल हो जाने से लोगों को काफी कठिनाई हुई। बिना बिजली के कूलर और एसी नहीं चल सकते तो लोगों को इनवर्टर में पंखे में ही रहना पड़ा।

दो ट्रांसफार्मरों से तेल की चोरी

थरियांव। चोरों ने दो ट्रांसफार्मरों के कोने काट कर पूरा बिजली का तेल चोरों ने पार कर दिया। दूसरे दिन सुबह जानकारी होने पर पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच के बाद चोरों को पकड़ने का आश्वासन किसानों को दिया है।

थरियांव थाना क्षेत्र के सीतापुर मजरे रामपुर थरियांव गांव निवासी मन्नू ने बताया कि उसका निजी नलकूप सनगांव गांव स्थित खेत में है। खेत मालिक मन्नू सुबह पहुंचा तो ट्रांसफार्मर का एक कोना कटा हुआ था और तेल चोरी हो चुका था। इसी तरह गांव के गंगाधर ने देखा की नलकूप के बगल में लगे ट्रांसफार्मर का कोना कटा हुआ था और उसके ट्रांसफार्मर से तेल चोरी हो गया था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित हो कि मैं **प्रवीण कुमार यादव पुत्र राम खिलावन यादव, निवासी- ग्राम- पौथिया, जिला-हमीरपुर,** अपने पुत्र आमोद यादव के दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, भविष्य में इनसे मेरा कोई वास्ता नहीं होगा।

सूचना
सूचित हो कि मैं **अंशू शर्मा पुत्र सत्यनाम, निवासी- ग्राम- सलेमपुर अचाका, पोस्ट- छतौनी, तहसील- मोहनलालगंज जिला लखनऊ,** मेरी पुत्री के नाम आपकी शाखा में एक खाता है, जिसकी खाता सं0-..... है। उपरोक्त खाते में मेरी पुत्री का नाम अनन्या शर्मा पुत्री अंशू शर्मा दर्ज है जो कि गलत दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री के आधार कार्ड व अन्य घरेलू अभिलेखों में उसका नाम शुभी शर्मा पुत्री अंशू शर्मा तथा जन्मतिथि-10.04.2015 दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। अतः उपरोक्त खाते पर त्रुटिवश दर्ज गलत नाम अनन्या शर्मा के स्थान पर सही नाम शुभी शर्मा, जन्मतिथि 10.04.2015 दर्ज किया जाय।

सूचना
सूचित हो कि मैंने अपना नाम दिलीप कुमार लालसा कनौजिया से बदलकर दिलीप कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **-दिलीप कुमार पुत्र लालसा राम सुमेर कनौजिया, निवासी- ग्राम व पो0- बढ़या, अतरौलिया, आजमगढ़**

सूचना
सूचित हो कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश MOHAMMAD NADEEM AHMAD अंकित हो गया है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा वास्तविक नाम MOHD NADIM AHMED है। अतः मेरे पासपोर्ट पर मेरा वास्तविक नाम दर्ज किया जाय। **-मो0 नदीम अहमद, निवासी- ग्राम-भिटौरा, पो0-भिटौरा, थाना- रौनाही तहसील- सोहावल, जिला अयोध्या मोबाइल नं0--9198658643**

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त दोनों वाहन व लगा जाम।

दुर्घटना के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़।

कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती घायल का इलाज करते डॉक्टर। अमृत विचार

एक झपकी ने लील लीं चार जिंदगियां, मची चीख-पुकार

बीरमपुर गांव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा, सो रहे लोग एक-दूसरे पर जा गिरे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

अमृत विचार। ठठिया थाना क्षेत्र के गांव बीरमपुर के निकट आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार स्लीपर बस के चालक को आई झपकी ने चार जिंदगियां लील लीं। बस डिवाइडर को तोड़ते हुए ट्रक से टकराई और चारों तरफ चीखने चिल्लाने की आवाजें आने लगीं। सोए हुए लोग एक दूसरे पर जा गिरे। नींद में होने से कोई नहीं समझ पा रहा था कि आखिर हुआ क्या। घटना में 36 यात्री घायल भी हो गये जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर वाहन चालकों की लापरवाही दुर्घटना का कारण बन रही है। चालक घंटों जाग कर वाहन चलाता रहता है और फिर नींद से बोझिल आंखें कब बंद हो जातीं पता नहीं चलता। परिणाम हादसे के रूप में सामने आता है। मंगलवार का हादसा इसकी ही उदाहरण है। गोरखपुर से दिल्ली के लिये यात्रियों को लेकर निकली स्लीपर बस में एक ही चालक था। गोरखपुर में कई जगह से फुटकर बुकिंग की सवारी बैठाने के बाद बस दिल्ली के लिये निकली। चालक के पूरी रात जागने से बीरमपुर गांव के पास पहुंचने पर तड़के बस चालक को झपकी आ गई। तेज रफ्तार बस अनियंत्रित हुई और डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ सड़क पर पहुंच गई। इसके बाद सामने आ रहे आलू लदे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। सब कुछ इतना जल्दी हुआ कि किसी को कुछ पता ही नहीं चला। तेज धमाका हुआ और चीखने चिल्लाने की आवाजें वातावरण में गूंजने लगीं। उधर,आसपास के बीरमपुर, पिपरौली, भवानीपुर समेत कई गांव के लोग दौड़कर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गये। जब तक पुलिस व यूपीडा के कर्मचारी मौके पर पहुंचते तब तक कई यात्रियों को स्थानीय लोग निकाल चुके थे। बचे हुए लोगों को पुलिस व दमकल की टीम ने निकाला।

खास बात यह रही कि बस में फंसे लोगों को निकालने के बाद मौके पर बुलाई गई कई एंबुलेंस घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराती रहीं। इससे उनको समय पर इलाज दिया गया।

एक्सप्रेस वे पर रुके वाहन, लगा जाम: तिर्वा, कन्नौज। एक्सप्रेस वे पर ट्रक व बस की टक्कर के बाद एक्सप्रेस वे पर वाहनों के पहिये जहां के तहां रुक गए। करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रक व बस को हटवाकर एक्सप्रेस वे पर वाहनो का आवागमन शुरू कराया।

दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित आनंद, सीओ तिर्वा प्रियंका वाजपेई व पुलिस फोर्स।

हैलट अस्पताल में भर्ती रीता देवी, रितिका व संजय सिंह। अमृत विचार

गंभीर घायलों को किया रेफर

चिकित्सा महाविद्यालय से गंभीर घायल गोविंद, राजू, ममता, ध्रुव प्रताप, रामदयाल, पवन सैनी, मनोरमा, बृजेंद्र, संजय सिह, रविकुमार को कानपुर रेफर किया गया।

प्राचार्य ने इमरजेंसी में लगाए अतिरिक्त डाक्टर

तिर्वा, कन्नौज। मेडिकल कॉलेज की इमरजेसी वार्ड में बड़ी संख्या में घायल यात्रियों के पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने अतिरिक्त डॉक्टरों को बुलाकर उपचार शुरू कराया। प्राचार्य ने फ्रैक्चर देखने के लिए सभी घायलो का आनन फानन मे एक्सरा, सीटी स्कैन कराया।

लंबी दूरी और एक ही चालक बनी हादसे का कारण

कन्नौज। गोरखपुर से दिल्ली करीव 900 किलोमीटर का सफर में बस को चलाने के लिए एक चालक का सहारा लिया जाता है। नींद व थकान के चलते चालक को नीद आना स्वाभाविक है। यही वजह रही की चालक को झपकी आई और बस दुर्घटना का शिकार हो गई। इसके अलावा रफ्तार ने हादसे को भयावह कर दिया। स्लीपर बस के मालिक अधिक मुनाफा कमाने के लिये बसों में एक ही चालक लेकर चलक लेक बस को भेजते हैं। इससे बस में खर्च कम आता है और मुनाफा अधिक होता है। मेहनत मजदूरी करने वाले लोगों को दिल्ली तक का सफर कराने के लिय बस संचालक एजेंटों के माध्यम से पहले यात्रियों की बुकिंग करते हैं। इस के बाद निर्धारित तारीख पर बस को भेजा जाता है। 40 सीट की बस के हिसाव से उतने ही यात्री बुक किये जाते हैं। सोमवार को बस गोरखपुर पहुंची थी। सोमवार की शाम से जगह-जगह से बुकिंग वाले यात्रियों को बस में बैठाने का काम किया गया। करीब 10 से 12 स्थानों से यात्रियों को उठाया। इस के बाद रात करीव 12 बजे बस दिल्ली के लिये रवाना की गई। एक चालक दिन व रात में बस चलाने से थक गया। इससे उसे झपकी लग गई और तेज रफ्तार बस दुर्घटना का शिकार हो गई। इसी बस में यदि दो चालक होते तो बस दुर्घटना का शिकार न होती।

डीएम-एसपी ने पहुंच जाना घायलों का हाल

तिर्वा, कन्नौज। एक्सप्रेस वे पर ट्रक व बस की टक्कर में चार की मौत के साथ 35 घायल होने की जानकारी होते ही मेडिकल कालेज पहुंचे डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित कुमार आनंद ने भर्ती घायलों के हाल चाल लिये। वहीं डाक्टरो से जानकारी लेते हुए इलाज में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

पुलिस ने पहुंचकर किया बचाव का काम

कन्नौज। मंगलवार की सुबह ठठिया थाना क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर गोरखपुर से दिल्ली जा रही बस दुर्घटना के बाद पहुंची पुलिस ने बस में फसे यात्रियों को बाहर निकालने का कार्य किया। एसपी ने बताया कि थाना ठठिया, थाना इन्दरगढ, थाना तिर्वा, थाना विशुनगढ, थाना तालग्राम व कोतवाली कन्नौज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को बस से निकाला। इस दौरान पीआरवी, फायर सर्विस व एंबुलेंस को भी मौके पर बुलाया गया। एक्सीडेंट में क्षतिग्रस्त बस व ट्रक को तत्काल मौके से हटवा कर आवागमन वहाल किया गया। इस मौके पर डीएम के अलावा एसपी, एएसपी डॉ. संसार सिंह, क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई मौजूद रहे।

एक्सप्रेस वे पर हुए बस हादसे में ये हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

अमृत विचार। 1- गोरखपुर के थाना गुलरिया गांव ख्वाजाजी विपुलराय 30 पुत्र विनोद राय, 2-संतकबीरनगर थाना मेहुली गांव अलीनगर निवासी शंकरदीन 45 पुत्र चुम्मनलाल, 3-हाथरस के नगला फत्ता निवासी तानसिहं 22 पुत्र कीरतराम बघेल, 4-गोरखपुर के सोहंचक पचपेडिया निवासी बृजेश पाठक पुत्र मेवा प्रसाद पाण्डेय, 5-फैजाबाद के गायत्रीपुरम कालोनी हिना कनौजिया 24 पुत्री हीरालाल कनोजिया, 6-देवरिया के टिकरीपुर गांव निवासी रविकुमार 36 पुत्र सुभाषचंद्र, 7-गोरखपुर के गुरूग्राम निवासी नूरआलम 24 पुत्र अलीराज, 8-गोपालगंज के हारूनपुर निवासी हिमांशू तिवारी 25 जितेंद्र तिवारी, 9-खुशीनगर के खड्डा निवासी आनंद गुप्ता 24 पुत्र योगेंद्र गुप्ता, 10-देवरिया के तिवारीपुर निवासी मनोरमा चौहान पत्नी सुभाष चद्र चौहान, 11-संतकबीरनगर के हाडापार निवासी राजपाल चौधरी पुत्र राजाराम चौधरी, 12-नई दिल्ली के न्यू जानकीपुरी आलमनगर निवासी हरिकृष्ण पुत्र रामप्यारे, 13-गोरखपुर केमैनीपुरम कालौनी निवासी विकास त्रिपाठी 29 पुत्र बाकेलाल, 14-फरीदाबाद के सेक्टर 91 बी निवासी सुकंत राय पुत्र प्रथ्वीनाथ राय, 15-गोरखपुर के राऊ ढाडी निवासी दिलीप कुमार 35 पुत्र शिवबहार, 16-देवरिया के तिबारीपुर निवासी रिदिया चौहान 12 पुत्री रविकुमार, 17-एटा के रायपट्टी निवासी आविद 42 फरमान अली, 18-झारखंड टे थाना देवघर गांव औधागढी निवासी संजय चौहान 45 पुत्र रामचद्र, 19-देवरिया के टिकरीपुर निवासी सुभाषचंद्र 60 पुत्र झब्बूलाल, 20-गोरखपुर के बिजौरा निवासी रणविजय सिह पुत्र बीरेद्र प्रताप, 21-संतकबीर नगर के थाना खलीलाबाद गांव खलील निवासी रामदयाल 31 पुत्र बाबूलाल, 22-गोरखपुर के गोलघर निवासी अमरनाथ मालवीय 28 पुत्र पीएन दुवे, 23-मथुरा के चामुण्डा कालौनी राजू पुत्र गोपाल, 24-खलीलाबाद के बरईतौला निवासी गौतम चौरसिया 30 पुत्र सियाराम चौरसिया, 25-मधू बिहार के आर्य नगर निवासी रूद्रप्रताप सिह पुत्र नवेद्र पाल, 26-मधू बिहार के आर्य नगर निवासी ध्रुवप्रताप सिह पुत्र नागेद्र, 27-बस्ती के रंजीत चौराहा निवासी ममता पत्नी रावेंद्रपाल, 28-देवरिया के टिकरीपुर निवासी रनवीर चौहान पुत्र रवि कुमार, 29-करन सिह पुत्र संजय सिह चौहान, 30-संतकबीरनगर के थाना खलीलाबाद के खलीला निवासी पवन सैनी पुत्र मोतीप्रसाद, 31-दिल्ली के खजुरी खास करानगर निवासी गोविद पुत्र देवनरायन, 32-गोरखपुर के सोहनवा निवासी कुसुम पाण्डेय पुत्र बृजेश पाण्डेय, 33-मथुरा के भाँवर निवासी साहिद पुत्र सलाम के अलावा अन्य यात्री घायल हुए।

एक्सप्रेस वे पर एक और हादसे में युवक की मौत

तिर्वा, कन्नौज। लखनऊ के बख्शी का तालाब, सीतापुर रोड निवासी मनेंद्र सिह (28) पुत्र राजवीर सिह अपने साथी कुलदीप के साथ कार से आगरा से लखनऊ आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार तालग्राम थाना क्षेत्र में पहुंची उसी समय चालक नियंत्रण खो बैठा। तेज गति कार ट्रक में टकरा गई। इससे कार सवार दोनों लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को मेडिकल कालेज ले आई। डाक्टर मनेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। घायल का उपचार शुरू किया। पुलिस ने मृतक के परिजनो को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

प्रसव के दौरान मौत में डॉक्टर गिरफ्तार

सौरिख, कन्नौज। थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी दुर्गा वाहिनी जिला सह संयोजिका नीतू यादव ने 8- 9 दिसम्बर 23 को कस्बा के तिर्वा रोड पर स्थित निर्मला नर्सिंग होम में बच्ची को जन्म दिया था। हालत बिगड़ने पर अस्पताल संचालक डाक्टर फिरोजाबाद जनपद के जसराना के सियोड़ा निवासी गणेश पुत्र हुकुम सिंह नीतू, उसके 13 वर्षीय बेटे सर्वज्ञ और नवजात बच्ची को लेकर फर्रुखाबाद जा रहे थे तभी रास्ते में मौत हो गई थी। इस पर डॉ. गणेश फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल में शव और बच्चों को छोड़कर फरार हो गया था। सूचना पर पहुंचे बिठूर रोड कल्याणपुर कानपुर निवासी मृतका के पिता महेश शर्मा ने अस्पताल संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी सचिन कुमार सिंह टीम के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान मिली सूचना पर बहादुरपुर बम्बा के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बिसरा रिपोर्ट में मुख्तार को जहर की पुष्टि नहीं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। मुख्तार अंसारी की बिसरा जांच रिपोर्ट में उसे जेल में जहर देने की पुष्टि नहीं हुई। इससे मामला ठंडे बस्ते में जाता नजर आ रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट जांच टीम को भेज दी गई है। बता दें कि 28 मार्च की देर रात जेल में बंद मुख्तार अंसारी की मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मुख्तार के परिजनों ने उन्हें जेल में जहर देने का आरोप लगाया था। इस पर प्रशासनिक और न्यायिक जांच टीमें गठित की गईं थीं। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हो चुकी है, लेकिन फिर भी बिसरा जांच के लिए लखनऊ भेजा गया था। बिसरा रिपोर्ट के बाद यह बात साफ हो गई है कि मुख्तार अंसारी की मौत हार्ट अटैक से ही हुई थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बिसरा रिपोर्ट लखनऊ से आ गई है और उसे न्यायिक जांच टीम को सौंप दिया गया है। हालांकि जांच टीम का कोई अधिकारी इस पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। जांच टीम ने जेल कर्मियों व अधिकारियों से भी पूछताछ की थी। इसके बाद बैरक में लगे जवानों को हटा लिया गया। जेल अधिकारियों के मुताबिक चुनाव के चलते भी फोर्स हटाया गया है। इधर, प्रशासन की जांच टीम ने मुख्तार की मौत के मामले में सार्वजनिक नोटिस जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि कोई भी व्यक्ति मौत से जुड़ी कोई भी जानकारी अथवा बयान दे सकता है, लेकिन अभी तक कोई नहीं पहुंचा।

मुख्तार की मौत के बाद से ही उसके परिजनों में से कोई भी बांदा नहीं आया है। जेल प्रशासन के मुताबिक, मुख्तार अंसारी का जेल में रहने के दौरान प्रयुक्त सारा सामान सुरक्षित रखा है।

गंगा तट से तीर्थयात्री के कपड़े, रुपये चोरी

कन्नौज। गंगा स्नान करते समय तीर्थयात्री के कपड़े चोरी हो गए। कपड़ों में 12 हजार रुपये व कार की चाबी थी। पुलिस ने गंगा तट पर बैठे पंडित को हिरासत में लिया है। कोतवाली में दोनों पक्षों में समझौते का प्रयास किया जा रहा है।

औरैया जनपद के विधूना कस्बा निवासी योगेंद्रकुमार पत्नी बच्चे व अन्य परिवारी जनों के साथ नीमसार मिश्रिख के लिये मंगलवार को कार से निकले थे। महादेवी गंगा तट पर वह रुके और परिवार के साथ गंगा स्नान की। हरदोई जनपद के तिर्वा कुल्ली के निकट गांव के निवासी एक पंडित के यहां कपड़े रखने के बाद वह गंगा स्नान करने लगे। इसी बीच उनके कपड़े चोरी हो गये। कपड़ों में करीब 12 हजार रुपये व कार की चाबी भी थी। गंगा स्नान कर लौटने के बाद जब कपड़े मौके पर नहीं मिले तो पंडित से जानकारी ली तो वह मना करने लगे। इस पर पीड़ित ने मामले की जानकारी गंगा पुलिस चौकी प्रभारी को दी।

बाबा की बगिया मंदिर में सजा दरबार।

भंडारे के लिए पूड़ियां बेलतीं श्रद्धालु महिलाएं।

मंदिरों में हुए अनुष्ठान, भंडारों में उमड़ी भीड़

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

- छिबरामऊ में हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित किए गए कार्यक्रम

अमृत विचार। हनुमान जन्मोत्सवपर शहर के सभी हनुमान मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिरों में विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान किए गए तो भंडारों में भक्तों की भीड़ लगी रही। बाबा की बगिया स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर सबसे बड़े भंडारे का आयोजन किया गया, जहां देर रात तक हजारों भक्तों की भीड़ लगी रही।

मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के पर्व पर सौरिख रोड स्थित प्राचीन बाबा की बगिया हनुमान मंदिर में अखंड पाठ का आयोजन हुआ। मंदिर की भव्य सजावट की गई थी। अखंड पाठ के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। देर शाम को महाआरती व छप्पन भोग के साथ प्रसाद का वितरण किया गया।

भक्तों की भीड़ के मद्देनजर पुलिस व फायर ब्रिगेड तैनात रही। मंदिर के महंत ने मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही कसावा के बाल हनुमान मंदिर पर भी हवन-पूजन किया गया, जिसमें भक्तों ने लोक-कल्याण के लिए आहुतियां दीं। ग्राम मनिकापुर स्थित निर्जन आश्रम मंदिर में भी भक्तो ने पूजा अर्चना की और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। यहां दिन भर हनुमान जी के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

धर्म-अध्यात्म | जिले भर में सभी हनुमान मंदिरों में हुआ हवन-पूजन, बांटे गए लड्डू-बूंदी, महादेवी घाट स्थित हनुमान मंदिर पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

हनुमान जन्मोत्सव पर गूंजे भजन-संकीर्तन, भंडारों में छका प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। भगवान राम के अनन्य सेवक परम भक्त हनुमान जी जन्मोत्सव पर जिले का वातावरण भक्तिमय हो गया और देर रात तक हनुमान मंदिरों पर भजन-संकीर्तन गूंजते रहे। कई स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर प्रभु की महिमा का गुणगान किया।

मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व सभी मंदिरों पर धूमधाम से मनाया गया। महादेवी घाट स्थित हनुमान मंदिर पर भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने संगीतमय वाद्य यंत्रों पर हनुमान चालीसा, हनुमानाष्टक, बजरंगबाण और श्रीसुंदरकांड का पाठ किया। इसके बाद महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने हनुमान जी का भोग लगाकर उनकी महिमा का गुणगान किया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीश्री 1008 स्वामी वेदेश्वरानंद जी ने साधु-संतों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विमल पांडेय, राकेंद्र सक्सेना, पीयूष दुबे, आशुतोष मिश्रा, डॉ. मनोज त्रिपाठी, पूर्व एबीएसए राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, सौरभ मिश्रा, रितम चतुर्वेदी, सुनील सिंह सहित कई भक्तों ने सहभागिता की। देर शाम तक भंडारे का आयोजन चलता रहा। इसी तरह तिर्वा क्रासिंग स्थित बालाजी हनुमान मंदिर पर भी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया और भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। अंकित दुबे, अश्वनी दुबे, अशोक पांडेय, मधुकर मिश्रा सहित कई भक्तों ने हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। रेलवे रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर भी रामकाज सेवा समिति द्वारा हवन-पूजन का आयोजन किया गया और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इसी तरह शहर के अन्य कई हनुमान मंदिरों पर भी विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गए। देर रात तक मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ व भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा।

महादेवी घाट पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते साधु-संत।

प्रसाद वितरित कराते जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी।

हनुमान चालीसा पाठ कर मनाया जन्मोत्सव

गुरसहायगंज, जलालाबाद। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर, संतोषी माता मन्दिर, चौराहा स्थित राम मन्दिर, जीटी रोड स्थित श्री बाला जी धाम, रेलवे रोड स्थित हनुमान मंदिर, पावर हाउस स्थित गंगेश्वर नाथ मन्दिर, प्राचीन काली मन्दिर, रेलवे स्टेशन परिसर स्थित हनुमान मन्दिर सहित ग्राम मीरपुर स्थित रामदरबार आदि में सुबह से ही हवन पूजन व संगीतमयी सुन्दरकाण्ड का आयोजन कर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। देवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। यह क्रम देर शाम तक चलता रहा। देवालयों में पुलिस कर्मी मौजूद रहे। आयोजकों के द्वारा प्रसाद वितरण व भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों महिला पुरुष भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। विभिन्न स्थानों पर प्रमुख समाजसेवी अशोक गुप्ता, भाजपा नेता देवेन्द्र देव, विनय वर्मा, मयंक गुप्ता, विजय मिश्र, संजीव दुबे मुन्ना, विजय दुबे, जीतू तिवारी, छोटे ठाकुर, राजीव ठाकुर, दीपू गुप्ता, टीटू गुप्ता, अवधेश गुप्ता अन्ना, दीनानाथ आदि धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया। इसी प्रकार अनौगी स्थित जिला कारागार के मुख्य द्वार पर अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें कारागार में निरूद्ध बंदियों, उनसे मिलने आए मुलाकातियों तथा जेल कार्मिकों को भण्डारा का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल रामबहाल दुबे, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, सहायक अध्यापक मनोज कुमार कटियार, जेल वार्डर कुलदीप कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार, आकाश आदि ने हनुमान जयंती पर पूजा अर्चना की। अपर जिला जज लवली जायसवाल ने शिविर लगाकर बंदियो को सहायता उपलब्ध कराने की विधिक जानकारी दी। जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बंदियों को सहायता करने का आश्वासन दिया।

प्रसाद का वितरण करते चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता। अमृत विचार

जगह-जगह मनाया गया अंजनीसुत का जन्मदिन

संवाददाता,तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। हनुमान जंयती पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया और भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। भक्तों ने विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर अपनी मनौती मांगने के साथ श्रद्धालुओं ने जगह-जगह मिष्ठान का वितरण किया। मंगलवार को हनुमान जी का भक्तों ने जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

भक्तों ने कस्बे समेत ग्रामीण क्षेत्र में बने हनुमान मंदिरों में जाकर विधि-विधान के साथ हवन पूजन कर हनुमान जी से अपनी मनौती की मांगने के साथ भक्तों ने स्टाल लगाकर जगह जगह बूंदी के प्रसाद का वितरण किया। देर रात तक शहर में धार्मिक आयोजन चलते रहे।

भाजपा सांसद समेत तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन

सुब्रत ने एक सेट में दाखिल किया पर्चा, कल जुलूस के साथ होगा नामांकन, राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से ललित कुमारी व निर्दलीय यादवेंद्र किशोर ने भी भरा पर्चा

नामांकन करते सांसद सुब्रत पाठक, साथ में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य।

आरओ को नामांकनपत्र सौंपतीं राष्ट्रीय क्रांति पार्टी की ललित कुमारी।

नामांकन पत्र जमा करते निर्दलीय प्रत्याशी यादवेंद्र किशोर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए भाजपा सांसद सुब्रत पाठक समेत तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सांसद ने एक सेट में पर्चा भरा, जबकि कल जुलूस के साथ विधिवत् नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा। वहीं, राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से ललित कुमारी व निर्दलीय प्रत्याशी यादवेंद्र किशोर ने भी नामांकन जमा किया। इस तरह चौथे चरण के लिए अब तक पांच नामांकन हो चुके हैं।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार के समक्ष निर्दलीय प्रत्याशी यादवेंद्र किशोर पुत्र सत्येंद्र किशोर निवासी ग्राम भगतगाढ़ा गोधनी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से ललित कुमारी पत्नी बलवान सिंह निवासी सागर बिहार पारा कॉलोनी राजाजीपुरम् लखनऊ ने भी एक सेट में अपना नामांकन पत्र जमा किया।

दोपहर बाद भारतीय जनता पार्टी से सांसद सुब्रत पाठक ने प्रस्तावक कमल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य व पत्नी नेहा पाठक के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। अभी उन्होंने एक सेट में नामांकन जमा किया है, जबकि दूसरे सेट का नामांकन गुरुवार को जमा किया जाएगा और उस दिन नामांकन जुलूस निकाला जाएगा तथा बोर्डिंग मैदान में एक जनसभा भी होगी।

इस तरह कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के लिए अब तक पांच नामांकन पत्र जमा हो चुके हैं। इससे पहले सोमवार को बहुजन समाज पार्टी से इमरान बिन जफर व गरीब आदमी पार्टी से डॉ. श्रीकृष्ण मिश्रा भी नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

आठ प्रत्याशियों ने लिए 13 नामांकन पत्र

मंगलवार को आठ प्रत्याशियों ने 13 नामांकन पत्र लिए। इसमें समाजवादी पार्टी से यश कुमार दोहरे ने दो, रामखिलावन ने एक, शकील अहमद व जयकुमार तिवारी ने दो-दो सेट में नामांकन पत्र लिए। इसी प्रकार भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी से नीरज कुमार, निर्दलीय जरार खां, व्यासमुनि व इरफान अली ने नामांकन पत्र लिए हैं। अब तक कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के लिए 32 लोगों ने 56 नामांकन पत्र लिए हैं, जिनमें पांच दाखिल हो चुके हैं।

ललित कुमारी अधिवक्ता तो पति सेना में सूबेदार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- राष्ट्रीय क्रांति पार्टी की प्रत्याशी पर नहीं है किसी प्रकार का कर्ज
- गांव सलेमपुर पलौरा और लखनऊ में लाखों रुपये की प्रॉपर्टी

अमृत विचार। राष्ट्रीय क्रांति पार्टी की प्रत्याशी ललित कुमारी पेशे से अधिवक्ता हैं, जबकि उनके पति बलवान सिंह भारतीय थल सेना में सूबेदार हैं। उनके पास गांव सलेमपुर पलौरा और लखनऊ में लाखों रुपये की प्रॉपर्टी है, जबकि उनके ऊपर किसी प्रकार का कर्ज नहीं है। निर्वाचन आयोग में दिए शपथ पत्र में उन्होंने अपनी सालाना आय 4.92 लाख रुपये दर्शायी है, जिससे वह टैक्स के दायरे में भी नहीं आतीं हैं।

ललित कुमारी।

लखनऊ के सागर बिहार पारा कॉलोनी राजाजीपुरम निवासी ललित कुमारी के हाथ में 2.45 लाख रुपये की नकदी है, जबकि उनके बैंक खाते में 20 हजार रुपये जमा हैं। पति के बैंक खाते में 2.80 लाख रुपये जमा हैं। उनके पास एक कार भी है और 200 ग्राम सोना व 500 ग्राम चांदी है, जिसकी वर्तमान मे कीमत 15.43 लाख रुपये है, दोनों बच्चों अंशिका राजपूत व असिस राजपूत के पास भी 30 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत 2.25 लाख रुपये है। लखनऊ में उनके तीन प्लाट हैं, जिनकी कीमत 40 लाख रुपये है। ललित कुमारी के पास कोई असलहा नहीं है और लखनऊ में एक निजी मकान है, जिसकी कीमत करीब 90 लाख रुपये है। वह लखनऊ हाईकोर्ट की खंडपीठ में अधिवक्ता हैं और 2014 में शहीद भगत सिंह लॉ कॉलेज बिठूर कानपुर से एलएलबी परीक्षा उत्तीर्ण की थी। ललित कुमारी के ऊपर कोई आपराधिक मामला भी दर्ज नहीं है।

एक नजर

बाइकसवारों ने महिला का पर्स किया पार

तिर्वा, कन्नौज। कोतवाली के फगुहाभट्टा गांव निवासी चन्द्रभान पुत्र छोटेलाल ने ठठिया पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह 22 अप्रैल को पत्नी संध्या व दो बच्चों को बाइक पर बिठाकर ठठिया स्थित ससुराल जा रहा था। वह इंडियन पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो बच्चे को लघुशंका लगी। बाइक रोक दी और पत्नी पर्स बाइक पर रखकर बच्चे को सड़क किनारे लघुशंका कराने लगी। तभी दूसरी बाइक पर सवार दो लोग आए और पर्स चोरी कर फरार हो गए। पर्स में जेवरात, नगदी व कागजात थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

घर मे घुसकर चोरों ने पार किए नकदी-जेवर

तिर्वा, कन्नौज। छत पर सो रहे युवक के घर में घुसे अज्ञात चोरों ने नगदी व जेवर चोरी कर लिए। मामले मे पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना इंदरगढ़ के हसेरन कस्बा निवासी भीमसेन पुत्र बाबूराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह 21 अप्रैल की रात परिवार के साथ छत पर सो रहा था। जब सुबह नीचे आया तो घर का सामान बिखरा और अलमारी खुली पड़ी थी। उसने अलमारी मे देखा तो नगदी व जेवरात चोरी हो गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

दहेज की मांग कर महिला का किया उत्पीड़न

तिर्वा, कन्नौज। दहेज के लिए महिला के साथ मारपीट कर उत्पीड़न किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली के कनपुरा गांव निवासी शिवांगी पुत्री वेदराम पाल ने पुलिस को तहरीर में बताया कि पिता ने सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज देकर उसकी शादी दो मई 22 को ठठिया थाना क्षेत्र के सरसई गांव निवासी अमित कुमार पुत्र गणेश पाल के साथ की थी। शादी के कुछ दिनो बाद पति अमित, ससुर गणेश पाल, सास इंद्राणी मारपीट कर अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी नही हुई तो 21 अप्रैल को मारपीट की और जान से मारने की योजना बनाई। उसने किसी तरह फोन कर अपने पिता को सारी बात बताई। ससुराल पहुंचे पिता उसे घर बुला लाए। ठठिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सांसद पर 3.55 करोड़ रुपये का कर्ज, एक आपराधिक मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सुब्रत के नाम करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्ति, पत्नी भी अमीर
- पेशे से हैं आलू व इत्र व्यापारी प्रतिवर्ष 20 लाख रुपये देते हैं टैक्स

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी और सांसद सुब्रत पाठक के पास करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्ति व व्यापार है। उनके ऊपर 3.55 करोड़ रुपये का बैंक कर्ज भी है। हर साल वह करीब 20 लाख रुपये टैक्स भरते हैं, जबकि वह आलू और इत्र का व्यापार करते हैं। उनके पास 1.34 करोड़ रुपये कीमत की मर्सडीज बेंज कार भी है और पिस्टल समेत कई हथियार भी हैं।

सुब्रत पाठक। अमृत विचार

मंगलवार को चुनाव आयोग को दिए शपथ पत्र में सांसद सुब्रत पाठक ने एक आपराधिक मुकदमे का उल्लेख भी किया है, जिसमें बताया गया कि राजनीतिक विद्वेषवश उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया हैं। यह मुकदमा दारोगा के साथ मारपीट का है, जिसकी विवेचना प्रचलित है। सुब्रत ने सत्र 2018-2019 में 14,50,616 रुपये आय दर्शायी थी, जो अब 2022-23 में बढ़कर 57,58,890 रुपये सालाना हो गई है। पत्नी नेहा पाठक की भी सालाना आय 21,92,540 रुपये है। सुब्रत के हाथ में 9,21,711 रुपये तो पत्नी के हाथ में 2.40 लाख रुपये की नकदी है। उनके करीब 13 बैंक खातों में 5.28 करोड़ रुपये जमा हैं, जबकि पत्नी के बैंक खाते में 80.14 लाख रुपये हैं। सांसद के पास 180 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत 10.80 लाख रुपये है तो पत्नी के पास 516 ग्राम सोना है, जिसका बाजार मूल्य 30.95 लाख रुपये है। पत्नी के पास भी दो कारें हैं, जिनकी कीमत करीब 11 लाख रुपये है। सांसद के पास 0.61 एकड़ कृषि योग्य भूमि है, जबकि पैतृक 26 एकड़ भूमि में छठवां हिस्सा भी है। इस भूमि की वर्तमान में कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है। इसके अलावा कचहरी टोला में दस लाख कीमत का प्लाट है। व्यवसायिक भूमि की कीमत चार करोड़ से अधिक है। सुब्रत ने 2001 में पं. सुंदरलाल मेमोरियल कॉलेज कन्नौज से स्नातक किया है।

दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम शाहजहांपुर में सोमवार की शाम गांव के ही दबंगों ने पुरानी रंजिश के चलते एक घर में घुसकर महिलाओं सहित परिवार के कई लोगों को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस में तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम शाहजहांपुर निवासी अरुण सिंह पुत्र राकेश सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम लगभग 6:30 बजे वह अपने घर में बाइक चढ़ाने के लिए गड्ढे में मिट्टी डाल रहा था। आरोप है कि रंजिश के चलते गांव के ही हरितोष दुबे, प्रदीप कुमार दुबे पुत्रगण कमलेशदत्त दुबे एवं ध्रुव दुवे पुत्र हरितोष दुवे लाठी डंडों व धारदार हथियार से लैस होकर आए और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त दबंग घर में घुस कर लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। बचाने आई पत्नी सोनी व ताई मिथलेश पत्नी विजय सिंह तथा वीरपाल सिंह को भी उक्त दबंगों ने बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के दौरान धारदार हथियार से वीरपाल पर हमला होने के कारण सिर में गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया।

20 लोगों पर 110 जी के तहत कार्रवाई

गुरसहायगंज, कन्नौज। आगामी लोस निर्वाचन 2024 के तहत 20 आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर 110 जी के तहत कार्रवाई की गई है। मंगलवार को कोतवाल जयप्रकाश द्वारा मझपुरवा निवासी उमाशंकर, रामशंकर, डुंडवाबुजुर्ग निवासी चांद खान, अली मोहम्मद, वसीम, सीमांत नगर निवासी गुड्डू, अख्तर, जिबरान समेत 20 पर कार्रवाई की।

सार-संक्षेप

डुंडवाबुजुर्ग में लोगों से मतदान की अपील करते सीओ सदर कमलेश कुमार।

वल्नरेबल बूथ से संबंधित परिवारों से मतदान की अपील

गुरसहायगंज, कन्नौज। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार ने ग्राम डुंडवाबुजुर्ग में चिह्नित वल्नरेबल बूथ से संबंधित परिवारों से मुलाकात की। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान करने की अपील की। मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने व गड़बड़ी करने वाले अराजकतत्वों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होने गांव के मतदान केन्द्रों पर बूथों का निरीक्षण किया। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा को सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत दिशा निर्देश दिए। कहा कि मतदान को प्रभावित करने वालों को चिहिंत कर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएं। उन्होने शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए गस्त करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा, उपनिरीक्षक रोबिन सिंह, कांस्टेबल अमन कुमार, जितेन्द्र, सुधीर चौहान आदि रहे।

कारागार में बंदियों से वार्ता करती एडीजे लवली जायसवाल।

बंदियों की मदद करेंगे तीन पराविधिक स्वयंसेवक

जलालाबाद, कन्नौज। विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व अपर जिला जज लवली जायसवाल ने मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने बैरकों, तथा महिला बंदियों के प्रशिक्षण केन्द्र में निरंतर स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। एडीजे ने बताया कि कारागार में दो सिद्धदोष पुरुष व एक महिला बंदी को पराविधिक स्वयं सेवक नियुक्त किया गया है। ये कारागार में निरुद्ध बंदियों के लाभार्थ कार्य करेंगे। बंदी लवकुश ने बताया कि उसका कोई पैरोकार नहीं हैं। इस पर एडीजे ने जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी को बंदी से प्रार्थना पत्र प्राप्त कर प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। लीगल एड प्राप्त करने वाले विचाराधीन बंदियों के रजिस्टर, लीगल एड क्लीनिक के रजिस्टर एवं क्लीनिक में कार्यरत पराविधिक स्वयं सेवक को जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को विधिक सहायता प्रदान किये जाने के निर्देश दिए

वाहन की टक्कर से पोल टूटा, 25 गांवों की बिजली गुल

छिबरामऊ, कन्नौज। सोमवार की देर रात तेज रफ्तार वाहन ने पूरन नगला गांव के पास लगे दो विद्युत पोल में जोरदार टक्कर मार दी। इससे पोल क्षतिग्रस्त हो गए और लगभग 25 गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जेई ने वाहन मालिक के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा सिकंदरपुर के जेई उमेश कुमार ने बताया कि ग्राम दीपकपुर फीडर के 33 केवी लाइन के दो पोल ग्राम पूरन नगला के पास लगे थे और वहां से 25 गांव की विद्युत आपूर्ति होती थी। सोमवार की रात एक चालक ने तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए उन पोल में जोरदार टक्कर मार कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे सभी गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जेई ने मामले की शिकायत पुलिस से की। उन्होंने बताया कि लगभग पोल टूटने लगभग एक लाख रुपये का का नुकसान हुआ है। आश्वस्त किया कि जल्द ही मरम्मत कराते हुए गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी।

यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावियों का किया गया सम्मान

संवाददाता, जलालाबाद/जसोदा, कन्नौज

अमृत विचार। जलालाबाद के सरस्वती शिशु मंदिर और जसोदा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर यूपी बोर्ड के मेधावियों को सम्मानित किया गया।

जलालाबाद के कार्यक्रम में एपीजी हायर सेकेंड्री स्कूल के प्रबंधक विवेक पाठक व विद्यालय परिवार ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा के मेधावियों गर्विता मिश्रा (92.16 प्रतिशत), अतुल तोमर (91.66 प्रतिशत), प्रांशू सिंह (91.16 प्रतिशत), अक्षरा शर्मा (90.50 प्रतिशत), शुभ राठौर (89.5 प्रतिशत) को विद्यालय परिवार ने फूलमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर व भगवान श्रीराम का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य प्रतापनारायण मिश्रा ने कहा कि छात्र अपनी मेहनत व लगन से परीक्षा में अच्छे अंक ला सकते है। मोहन दीक्षित, ओम दुबे, दिव्यांशू पाठक, पल्लवी दुबे, रीतू दुबे, दिनेश कुमार आदि रहे।

जसोदा में सम्मान प्राप्त करने के बाद मौजूद मेधावी छात्र-छात्राएं।

- जसोदा और जलालाबाद के विद्यालयों में हुआ समारोह

जसोदा संवाददाता के अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फ़तेहपुर जसोदा में मानविकी वर्ग से कक्षा 12 की छात्रा शिक्षा कुशवाहा ने 91 प्रतिशत, स्वेता ने 90.8 प्रतिशत तथा देवांगी पाल ने 90.6 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में छात्र आर्यन कुशवाहा 93 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम रहे।

मेधावी छात्र-छात्राओं को चित्र भेंट करते प्रबंधक व प्रधानाचार्य।

मंगलवार को प्रधानाचार्य शिवमोहन सिंह कुशवाहा ने मेधावियों को पुरस्कृत और मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. विष्णुकांत गुप्ता, सस्मित कुमार द्विवेदी, संदीप कुमार शर्मा, रचना वर्मा, राजकुमार, फैज़ सिद्दीक़ी, आकाश गुप्ता, वीना मुलजानी, दीपक कुमार, धीरेन्द्र यादव, अरविन्द अवस्थी आदि रहे।

चुनावी चखचख | अब सोशल मीडिया पर कसे जा रहे तंज कि 'भइया भाग गए'

अखिलेश ने छोड़ा मैदान तो खिले भाजपाइयों के चेहरे

इरा अवस्थी, कन्नौज

- राम मंदिर मोदी और योगी का काम भर रहा अति आत्मविश्वास

अमृत विचार। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार समाजवादी पार्टी ने गठबंधन से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भतीजे को टिकट थमाकर गढ़ वापसी की जिम्मेदारी सौंपी है। उम्मीद के विपरीत चेहरा बदल जाने से कहीं न कहीं भाजपा के खेमे में खुशी है और जीत का भरोसा और बढ़ा है। यह विश्वास पहले भी था लेकिन मुकाबला अखिलेश से होने को लेकर कुछ संशय के बादल थे।

लोस क्षेत्र कन्नौज ने राजनीतिक सफर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। एक दौर था जब कांग्रेस की तूती बोलती थी। इसके बाद समाजवादी पार्टी का दौर शुरू हुआ तो क्षेत्र को 'साइकिल' का गढ़ माना जाने लगा। इसके बाद साल 2019 में भाजपा ने काफी कम अंतर से यह सीट सपा से छीन ली। इस बार भाजपा इस सीट को बरकरार रखने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए है। माना जा रहा था कि गढ़ पर वापस कब्जे के लिए सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव खुद चुनाव लड़ेंगे लेकिन ऐन वक्त पर उन्होंने भतीजे तेजप्रताप पर दांव खेल दिया। इससे अभी तक कहीं न कहीं मुश्किल मुकाबला मान रहे भाजपाइयों के चेहरे खिल गए हैं। यद्यपि प्रत्यक्ष में तो भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक एक बार फिर से जीत दोहराने को लेकर अति आत्मविश्वास का ही प्रदर्शन कर रहे थे। अब हालात बदल गए तो सोशल मीडिया पर भाजपा खेमे से तंज कसने की बाढ़ आ गई है। कोई लिख रहा है कि 'भइया भाग गए', किसी ने लिखा 'सुब्रत जो दहाड़े भैया सर पर पैर रखकर भागे, देखो किसी और को कर दिया आगे।' कुछ इसी तरह की पोस्ट फेसबुक पर देखने को मिल रहीं हैं। राजनीतिक जानकारों की मानें तो भले ही सपा मुखिया प्रत्यक्ष में नहीं हैं लेकिन भतीजे मैदान में हैं। ऐसे में कन्नौज सीट भी उनके लिए 'नाक' का सवाल है। तेजप्रताप भी राजनीति में नए नहीं हैं। वे मैनपुरी में सांसद रहे और करीब 20 साल से जनता की अदालत में आते जाते रहे हैं। मुलायम के पोते व अखिलेश के भतीजे हैं तो लालू प्रसाद यादव के दामाद भी हैं। परिवार राजनीति से लंबे समय से जुड़ा है। भाजपाई खेमा अब अति आत्मविश्वास में जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हो सकता है लेकिन माना जा रहा है कि लड़ाई उतनी भी आसान नहीं होने वाली है। कारण यह कि तेजप्रताप के चेहरे पर अखिलेश ही चुनाव लड़ने वाले हैं। उधर, इमरान बिन जफर भी 'हाथी' पर सवार होकर मैदान में आ चुके हैं। तीनों दलों के प्रत्याशी स्पष्ट होने के बाद गुणा भाग इस बात का शुरू हो गया है कि मुकाबला दो तरफा होगा या फिर तीन तरफा भी हो सकता है। सांसद सुब्रत पाठक का मजबूत पक्ष इतना है कि वे भाजपा से प्रत्याशी हैं और स्थानीय हैं। कमजोरी यह कि कार्य व्यवहार से मतदाताओं की बड़ा वर्ग खफा है। इसके साथ ही क्षेत्र में आंखों से दिखे ऐसा कोई भी विकास का काम नहीं कराया गया। सपा व बसपा प्रत्याशियों का नकारात्मक पहलू यह है कि वे बाहरी हैं। उपलब्धि के मामले में सपा के सामने गिनाने के लिए उनकी सराकर में कन्नौज में कराए गए विकास के काम हैं तो बसपा के सामने ऐसा कुछ खास नहीं है। बस इतना भर है कि बसपा के शासन में कन्नौज जिला बना था। देखने वाली बात तो यह होगी कि जनता मोदी-योगी को लक्ष्य कर स्थानीय चेहरे पर फिर भरोसा जताती है या फिर 'साइकिल' को मौका देती है या कोई चमत्कार कर 'हाथी को साथी बनाती है'।

गमगीन माहौल में हुई बहन की शादी

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

अमृत विचार। भाई-बहन की शादी की तैयारी में लगे भाई की सड़क हादसे में सोमवार की देर रात मौत मौत हो गई। इसके बाद बहन की शादी गमगीन माहौल में संपन्न कराई गई जबकि आज यानी बुधवार को मृतक के भाई की शादी होगी।

सोनू।

बता दें कि खड़िनी चौकी क्षेत्र के आदमपुर उम्मेद गांव निवासी सोनू यादव पुत्र सर्वेश कुमार (35) की बहन पारुल यादव की मंगलवार को शादी होनी थी जबकि बुधवार को चचेरे भाई हिमांशु यादव और गुरुवार को भाई सुमित यादव की शादी है। घर में तैयारियां चल रही थीं। सोमवार को सोनू यादव, ग्राम प्रधान महेंद्र यादव, सुरेंद्र सिंह यादव एवं मैनपुरी जनपद के घिरोर थाना क्षेत्र निवासी फूफा रावेंद्र सिंह यादव के साथ शादी का सामान लेने छिबरामऊ गया था। वहां से लौटते समय सोमवार को देर रात ग्राम प्रधान महेंद्र यादव एवं सुरेश सिंह कार से वापस चले गए जबकि सोनू अपने फूफा रावेंद्र के साथ बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में छिबरामऊ-सौरिख रोड पर खोजीपुर गांव के पास हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सौ शैय्या अस्पताल भर्ती कराया गया था। याहां सोनू को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया जबकि साथी रावेंद्र को मेडिकल कॉलेज तिर्वा पर किया था। मंगलवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया घटना से शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गई। हालांक बहन पारुल की शादी गमगीन माहौल में संपन्न कराई गई। दोनों भाइयों की शादी की रस्में भी कराई जाएंगी।

युवक की मौत के बाद सूना पड़ा मंडप। अमृत विचार

- सोमवार देर रात हुए हादसे में गई थी भाई की जान

सुंदर कांड का पाठ करते भक्तजन। अमृत विचार

नीब करोरी धाम के हनुमान जी।

प्रभु श्रीराम दरबार की सजी झांकी।

शोभायात्रा निकालते बाइक सवार भक्त। अमृत विचार

धूमधाम से मनाया राम भक्त हनुमान का जन्मोत्सव

नीब करोरी धाम पर उमड़ी भक्तों की भारी भीड़ ❍ जगह-जगह किया गया भंडारे का आयोजन, लोगों ने छका प्रसाद

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिले में धूमधाम से राम भक्त पवन पुत्र हनुमान जी की जयंती मनाई गई। इस मौके पर घरों से लेकर मंदिरों तक में राम भक्त हनुमान की पूजा अर्चना की गई, जिससे चारों तरफ माहौल भक्ति में हो गया। नीब करोरी धाम में सुबह से ही पवन पुत्र का श्रृंगार कर सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके बाद आरती व प्रसाद वितरण किया गया । नीब करोरी धाम में सुंदरकांड का पाठ अभी जारी है । इस मौके पर यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । हनुमान जयंती पर नीब करोरी धाम पर आसपास जिलों के ही नहीं बल्कि आसपास प्रदेशों से भी श्रद्धालुओं ने आकर माथा ठेका और पवन पुत्र हनुमान की पूजा अर्चना की। इस मौके पर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में कई जगह भंडारे का आयोजन किया गया । जगह-जगह लोगों ने शरबत और ठंडा पानी पिलाकर राहगीरों का गला तर किया। पूरे दिन हनुमान जी की पूजा होती रही ।

नीब करोरी धाम में लगी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

बताते चलें कि नीबकरोरी धाम के बाबा लक्ष्मण दास महाराज का आश्रम कैंची धाम में भी है। इस वजह से प्रदेश भर के भक्त नीब करोरी धाम में आकर पवन पुत्र की पूजा अर्चना करते है । समाचार लिखे जाने तक नीब करोरी धाम में भंडारे का आयोजन जारी है । हजारों भक्त भंडारे का प्रसाद प्राप्त कर अपने आप को अहो भाव महसूस कर रहे हैं ।घरों में भी राम भक्त हनुमान की पूजा अर्चना हुई ।इस मौके पर लोगों ने कन्या भोज भी कराया । कई जगह कवन सो काज कठिन जग माही ,जो नहीं होई तात तुम पाई। चौपाई का भी जप किया गया। बूढ़े हनुमान जी भोलेपुर फतेहगढ़ में पूरे दिन श्रद्धालुओं का मेला लगा रहा। यहां दूर दराज से मारुति नंदन के भक्तों ने आकर पूजा अर्चना कर मनोती मांगी।

कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार हनुमान जयंती पर बजरंगबली के जयकारों से कायमगंज गूंज उठा।

बालाजी महाराज के जन्मोत्सव पर मंगलवार को नगर के महाभारत कालीन बड़ी देवी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान बालाजी एवं महाकाल की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें बालाजी महाराज का भव्य डोला निकाला गया। डोला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शोभा यात्रा को देखने के लिए बड़ी संख्या में बालाजी के भक्त उमड़े। बालाजी के भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर ठुमके भी लगाए । शोभा यात्रा का नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत भी किया गया। ऐसा लग रहा था मानो पूरा नगर ही बजरंगी के रंग में रंग गया हो । शोभायात्रा में बजरंग बली एवं महाकाल की झांकी तैयार की गई ।झांकियां मोहक रहीं। यात्रा का शुभारंभ नगर के महाभारत कालीन मंदिर बड़ी देवी मंदिर गल्लामंडी, मैन चौराहा, श्यामा गैट, बजरिया, पुलगालिव, चिलाका, पतवनगली, रोड, रेलवे रोड, पटवनगली, गंगादरवाजा होते हुए हनुमानगढ़ी पर संपन्न हुई। रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। बैंड बाजों एवं भजनों की धुन पर बालाजी के भक्त शोभा यात्रा के दौरान थिरकते हुए नजर आ रहे थे।

शोभा यात्रा के दौरान जगह जगह श्रद्धालुओं के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई। इस दौरान मुख्य रूप से हिंदू जागरण मंच के विभागाध्यक्ष प्रदीप सक्सेना, हिमांशु शर्मा, जय सक्सेना, सनी शर्मा, शिवमंगल कौशल आदि भक्तगण मौजूद रहे।

बाघ के पंजों के निशान देख रात भर भटकी पुलिस

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

● जंगली जानवर को देखकर दहशत में हैं किसान

अमृत विचार। थाना क्षेत्र में बाघ होने की सूचना पर रात भर पुलिस खाक छानती रही। लेकिन बाघ पुलिस के हाथ नहीं लगा। बाघ के पंजे और खून के निशान मिलने से क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त हो गया है।

ग्राम किराचन मे किसान अपने खेतों मे काम कर रहे थे। तभी एक जंगली जानवर द्वारा अन्ना गोवंश को खींचकर झाड़ियों की तरफ ले जाते देखा गया। वाकया देखकर किसान सहम गए। उन्होंने थाना पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की । पूछताछ मे ग्रामीणों द्वारा बाघ होने का दावा किया जा रहा है। एक सप्ताह पहले रात के समय पलेज की रखवाली कर रहे किसान ने ग्राम बलीपट्टी के सामने टॉर्च की रोशनी में जंगली जानवर देखा था। उसने भी बाघ होने का दावा किया था। उस समय भी थाना पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की थी। एक सप्ताह बाद पुनः पांच किलोमीटर की दूरी पर बाघ देखे जाने से किसान खौफजदा हैं। किसानों का कहना है इस समय गेहूं की फसल घर पहुंचाने के लिए किसान रात दिन लगा हुआ है। जंगली जानवर के रहते रात दिन काम करना मुश्किल है। क्षेत्रीय किसानों ने जिला प्रशासन से जंगली जानवर पकड़वाने की मांग की है। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों को सूचना भेज दी गई है। वह आगे की कार्रवाई अपने स्तर से करेंगे।

मौके पर जांच करती पुलिस।

घटना स्थल पर पड़ा खून।

कार की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत, साथी घायल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कार की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत हो गई। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। कार में सवार महिलाओं को भी चोटें आई हैं। परिजन उनको नर्सिंग होम में ले गए। चालक मौके से भाग गया।

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवरईमठ निवासी किसान शिवनंदन (50) गांव के साथी गुरदीप के साथ सोमवार देर रात नवाबगंज से अचरा की ओर जा रहे थे। गांव वीरपुर पेट्रोल पंप के सामने दूसरी ओर से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। शिवनंदन ने हेलमेट नहीं लगाए था। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। साथी गुरदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। कार में सवार महिलाएं भी घायल हो गईं। कार चालक मौका देखकर वहां से भाग गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल महिलाओं को नर्सिंग होम में भर्ती कराया और पुलिस ने घायल गुरदीप को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने कार व बाइक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शिवनंदन के परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी। पत्नी किरन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। एसओ आमोद सिंह ने बताया कि कार की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

घायल शिवनंदन।

अज्ञात वाहन की टक्कर से नर्स की गई जान

■ **फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से लोहिया अस्पताल में कार्यरत स्टाफ नर्स की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के मोहल्ला विकास नगर बढ़पुर निवासी सुनील चरन की पत्नी रिवैका चरन(35) अपने बड़े भाई के साथ फतेहगढ़ से बाइक से लौट रही थी। तभी जेएनवी रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। स्टाफ नर्स गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से घायल स्टाफ नर्स रिवैका चरन को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जय सिंह ने स्टाफ नर्स रिवैका चरन को मृत घोषित कर दिया और शव को मोर्चरी में रखवा कर पुलिस को सूचना भेज दी है। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया

कायमगंज के युवक की गोरखपुर में टेम्पो से गिर कर हुई मौत

रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

संवाददाता कायमगंज,फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कायमगंज नगर के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी रामआसरे कौशल का 25 वर्षीय पुत्र कल्लू कौशल गोरखपुर मेले में स्टेज सजावट तथा झूला आदि लगाने का काम करता था।

बीती शाम कल्लू मेले से अपने घर आने के लिए चला था । वह स्टेशन तक पहुंचने के लिए टैम्पो पर बैठा था। रास्ते में टैम्पो से नीचे गिर कर घायल हो गया उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिजन गोरखपुर पहुंच गए । जहां से मृतक का शव आज सबेरे कायमगंज ले आए। मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवी एवं छोटे भाई कौशल व अन्य परिवारीजनों को रो रो कर बुरा हाल है।

मेधावी छात्र और छात्राओं को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद। श्री मोहनलाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज में मंगलवार को कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उत्तम अंक लाने वाले सभी विद्यार्थियों को माला पहना कर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य डॉ. संदीप चतुर्वेदी ने विद्यालय के मेधावी छात्र हरिओम, अभिषेक बाथम, शैलेश बाथम, सुरजीत, शोभित, शहजाद, अंकित कश्यप, विशाल, हिमांशु, सुखदेव व अजय शाक्य को यूपी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने मेधावियों की हौसलाफजाई करते हुए कहा कि वह लोग मन लगाकर पढ़ाई करें। इस अवसर पर चंद्रपाल, सत्येंद्र सिंह, दिनेशचंद्र, संतोष कुमार सरोज, विवेक कुमार मिश्र, अवनीश कुमार और यशपाल यादव आदि रहे।

सार-संक्षेप

घटना स्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

लापता व्यापारी का शव मिलने से मचा हड़कंप

फर्रुखाबाद। कादरी गेट थाना क्षेत्र में मंगलवार को व्यापारी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आढ़ती कल शाम से गायब था। उसका शव तालाब के पास मिलने से मौके पर भीड़ जमा हो गई। व्यापारी पवन के भतीजे आकाश ने पुलिस को बताया कि पवन बाइक से कल शाम को निकले थे ।इसके बाद वह घर नहीं गए। वह कचहरी रोड फतेहगढ़ के रहने वाले थे। उनकी मंडी समिति सातनपुर में आढ़त की दुकान है जो एक साल से बन्द चल रही है। चाचा के घर न पहुंचने की सूचना रात में ही फतेहगढ पुलिस को दे दी गई थी। आज तालाब के किनारे नाले में उनका शव पड़ा मिला ।सिर पर हे मेट लगा हुआ था। बाइक का कोई पता नही है। घटना की सूचना पर कादरी गेट व फतेहगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

छत से गिरकर 80 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल

कायमगंज, फर्रुखाबाद। क्षेत्र के ग्राम गढ़िया मऊ रसीदाबाद निवासी 80 वर्षीय रामस्वरूप छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया।

दहेज की मांग को लेकर महिला को घर से निकाला

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव हथौड़ा निवासी विनीता पत्नी आकाश परेशान होकर अपनी फरियाद ले कर पुलिस के पास पहुंची । जहां दहेज पीड़ित महिला ने तहरीर देते हुए कहा कि हथौड़ा निवासी आकाश पुत्र उमेश चंद्र के साथ उसकी शादी 3 वर्ष पहले हुई थी। विवाह के बाद से ही उसके पति आकाश , ससुर उमेशचंद्र, सास गीता देवी तथा देवर अर्जुन उसे घरेलू हिंसा का शिकार बनाने लगे । महिला का आरोप है कि पति तथा इन सब लोगों ने उससे मायके से 50 हजार रुपये लाने को कहा और मना करने पर यह लोग उसे मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि 21 अप्रैल की रात को ससुरालियों ने बेरहमी से पीटा और घर से निकाल दिया । साथ ही धमकी दी कि जब तक रुपये नहीं लायेगी । तब तक घर में घुसने नहीं दिया जाएगा । पीड़िता का कहना है कि एक बार किसी तरह बचकर वह पहले भी पड़ोस की पुलिस चौकी पर शिकायत करने पहुंची थी । जहां से पुलिस ने उसे घर भेज दिया था ।

विनीता।

खेलकूद में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

क़ायमगंज फर्रुखाबाद

● विद्या मन्दिर महाविद्यालय में हो रही है वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

अमृत विचार। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और शरीर स्वस्थ रखने के लिये खेलकूद और व्यायाम अत्यन्त आवश्यक हैं। खेलों के माध्यम से हम अपने जीवन में जीत और हार को सहज ढंग से स्वीकार करने का हुनर सीखते हैं। यह विचार महाविद्यालय के वार्षिक क्रीड़ा समारोह के उद्घाटन के अवसर पर विद्या मन्दिर महाविद्यालय के प्राचार्य तेजपाल सिंह ने व्यक्त किये।

इस अवसर पर महाविद्यालय के खेलकूद प्रभारी डॉ० कुलदीप कुमार आर्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये खेल जगत में महाविद्यालय के खिलाड़ियों को नाम रोशन करने का लक्ष्य दिया।

प्रशस्तिपत्र के साथ मौजूद विजयी खिलाड़ी। अमृत विचार

प्रथम दिवस में खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अतिथियों द्वारा बीएससी और बीकाम की क्रिकेट टीमों का परिचय लेकर एवं टॉस कराकर खेल को प्रारम्भ किया गया। क्रिकेट में बीएससी बनाम बीकाम के बीच खेले गये रोमांचक मैच में बीकाम ने पहले खेलते हुये 10 ओवर में 71 रन बनाये, जिसको बीएससी की टीम ने 8 वें ओवर में 72 रन बनाकर 5 विकेट से विजय प्राप्त की। मैन ऑफ द मैच केशव ने सर्वाधिक 30 रनों का योगदान करके अपनी टीम में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। छात्रा वर्ग में कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें मुस्कान वर्मा, बीएससी प्रथम वर्ष ने प्रथमः स्थान तथा अनुष्का एमकाम द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान और पूजा बीएससी प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग की ही कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में मुस्कान वर्मा बीएससी प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान तथा रशमी यादव बीकाम द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान व अंजली बीएससी द्वितीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में छात्रा वर्ग में रस्सी कूद का आयोजन किया गया। जिसमें अंजली बीएससी द्वितीय ने प्रथम स्थान तथा अनुष्का एमकाम द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान और रजनी बीएससी प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चालकों व परिचालकों को किया जागरूक

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जिलाधिकारी डॉक्टर वी के सिंह के निर्देशन में परिवहन कार्यालय कानपुर से प्राप्त एलईडी प्रचार वाहन के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, डिपो परिसर में चालकों तथा परिचालकों को ऑडियो विजुअल दिखाकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

उल्लेखनीय है कि जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2023 में 401 सड़क दुर्घटनाओं में 194 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 269 व्यक्ति घायल हुए हैं । वर्तमान वर्ष में मार्च 2024 तक 93 सड़क दुर्घटनाओं में 62 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है तथा 74 व्यक्ति घायल हुए हैं । वर्ष 2023 की तुलना में इस वर्ष मार्च तक सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 12% की कमी आई है ।जबकि मृतकों की संख्या में 9% तथा घायलों की संख्या में 19% की वृद्धि हुई है । उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में 50% की कमी ले जाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत, ए आर एम रोडवेज अरविंद मिश्रा तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

लोकसभा चुनाव | नामांकन के दौरान सुरक्षा के रहे कड़े इन्तजाम, जिलाध्यक्ष व विधायक रहे मौजूद

मुकेश राजपूत ने सादगी से किया नामांकन

प्रत्याशी के नामांकन के समय मौजूद विधायक। अमृत विचार

सांसद प्रत्याशी मुकेश राजपूत व अन्य नेतागण। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भाजपा प्रत्याशी व सांसद मुकेश राजपूत बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व समर्थकों के साथ फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंचे।

नामांकन के समय भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता समेत जनपद के चारों विधायक व अलीगंज विघायक ही अंदर गए। उन्होंने जिलाधिकारी वीके सिंह के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। इस दौरानसुरक्षा के कड़े इन्तजाम रहे। पुलिस बल के साथ अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह व अमृतपुर सीओ रविंद्रनाथ राय मौजूद रहे। नामांकन करने के बाद सांसद मुकेश राजपूत पत्रकारों से रूबरू हुए। जिले के विकास को लेकर कहा कि मेरे मैंनोफेस्टो में 19 बिंदु शामिल है। जिले का विकास हो और पर्यटन को बढ़ावा मिले। इसके लिए आगरा-एक्सप्रेसवे से गंगा-एक्सप्रेस वे तक लिंक एक्सप्रेस-वे निकाला जाएगा ।लिंक एक्सप्रेसवे नीबकरोरी धाम व संकिसा तीर्थ स्थल के बीच से निकाला जाएगा । साथ ही उन्होंने आने वाले समय में फर्रुखाबाद जनपद का नाम पंचाल नगर होने की बात कही है। फर्रुखाबाद का विकास हो इसके लिए उन्होंने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में विकास के नए आयाम खुलेंगे। भू माफिया के भाजपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा की वोट सबसे मांगा जाता है। माफियाओं के खिलाफ सरकार कार्यवाही कर रही है । और माफिया जेल में हैं। जो माफिया बाहर घूम रहे हैं वही भी अंदर जाएंगे।

इंडिया गठबंधन पर जमकर बरसे मौर्य

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत की चुनावी सभा को सम्बोधित करने आये डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य इंडिया गठबन्धन पर जम कर बरसे। कहा कि अखिलेश को गोपनीय सर्वे में पता चल गया कि कन्नौज में सपा हार रही है। इस वजह से वह मैदान छोड़ कर भाग गए।

गुड़गांव देवी मंदिर परिसर में सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले यह था कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उसमें बैठा गुंडा। अब ऐसा नहीं है। सपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अखिलेश यादव के पिता की सरकार में कारसेवकों पर गोलियां चलीं। इसके बावजूद इन्हें अयोध्या राम मंदिर का निमंत्रण दिया गया, लेकिन अखिलेश यादव नहीं आए। उनके पास राम मंदिर में जाने का समय नहीं है, जबकि मुख्तार अंसारी के फातिहा में शामिल होने का समय है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए भाजपा को 400 पार से जिताना होगा। अपराधियों, भ्रष्टाचारियों, माफियाओं के खिलाफ भाजपा ने कार्रवाई की है। इस अवसर पर सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत, अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी, कायमगंज विधायक डॉ. सुरभि, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव, पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल, डॉ. रजनी सरीन, शिव महेश दुबे, अजय धाकरे आदि रहे।

सभा को सम्बोधित करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

● कहा, सर्वे में पता चल गया कि कन्नौज में सपा हार रही, इस वजह से डिम्पल को नहीं लड़ाया

खाद लेने गए किसान की ह्रदय गति रुकने से मौत

फर्रुखाबाद। राजेपुर थाना क्षेत्र में खाद लेने गए किसान की ह्रदय गति रुक जाने से मौत हो गई। किसान की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम हमीरपुर सोमवंशी निवासी किसान हरिनंदन (36) पुत्र गुरबख्श सिंह कुशवाहा कस्बा राजेपुर में खाद लेने के लिए गए थे। वह राजेपुर में मोहित की दुकान पर खाद लेने के लिए संपर्क कर रहे थे। उसी समय हरिनंदन गस खाकर गिर गए। सूचना पर पहुंचे परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरान्त बेहोश व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। सूचना पुलिस को दी गई। राजेपुर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी मालती व (13) वर्षीय इकलौते बेटे जितेश का रो-रो कर बुरा हाल था।

भाजपा सरकार में झूठ व लूट का बोलबाला : डिंपल

कार्यकर्ता सम्मेलन में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी ने रिकॉर्ड मतों से जिताने की भावनात्मक अपील की

संवाददाता जसवंतनगर (इटावा)

अमृत विचार। मैनपुरी लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में इंडिया गठबंधन का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज में आयोजित विधानसभा के बूथ सेक्टर प्रभारी, प्रधान, बीडीसी और सपा कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

सपा प्रत्याशी डिंपल यादव और सपा महासचिव क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव का वरिष्ठ सपा नेता प्रो बृजेश यादव, राहुल गुप्ता, ठा अजेंद्र सिंह गौर, अनुज मोंटी यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू, पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार आदि सपा नेताओ और कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग टोलियो में फूल माला, गदा, तलवार, प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।

डिंपल यादव ने सर्वप्रथम सभी को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी। कहा यह नेताजी की कर्मभूमि है, सपा का झंडा यहां से कभी नहीं झुकेगा। बीजेपी पर आक्रमण करते हुए कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र का बचाने का भी चुनाव है। पूरा प्रदेश और देश जान गया कि यह झूठ और लूट की सरकार है। हम सभी जानते हैं कि किस तरह भाजपा ने चंदे के माध्यम से भ्रष्टाचार किया।

जसवंतनगर में जनता का अभिवादन करतीं सपा प्रत्याशी डिंपल यादव। अमृत विचार

सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव, जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य, कांग्रेस जिला अध्यक्ष कांग्रेस मलखान सिंह, सर्वेश शाक्य, प्रदेश महासचिव अनीता यादव, बसपा द्वारा घोषित पूर्व प्रत्याशी गुलशन शाक्य, अनिल प्रताप यादव, एडवोकेट भुजबीर सिंह यादव, पूर्व प्रधानाचार्य रामपाल सिंह यादव व राजेंद्र प्रसाद यादव, मोहित यादव सनी, जितेंद्र यादव मोना, खन्ना यादव, हांजी मोहम्मद अहसान, राशिद सिद्दीकी, राजीव यादव, राजपाल यादव, अतुल बजाज आज बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अखिलेश आज ताखा आएंगे

ताखा, इटावा। सपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव 24 अप्रैल को ताखा पहुंच रहे हैं। जानकारी देते हुए शिवपाल सिंह यादव के प्रतिनिधि ध्रुव यादव ने बताया अखिलेश यादव बुधवार को 10 बजे एसएस मेमोरियल महाविद्यालय सुतियानी मोड़ पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव भी साथ में रहेंगे। ध्रुव यादव ने सभी कार्यकर्ताओं से 10 बजे सुतियानी मोड़ पहुंचने की अपील की है।

पूंजीपतियों के लिए काम करती है भाजपा: शिवपाल

जसवंतनगर, इटावा। सपा के राष्ट्रीय महासचिव विधायक शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह पूंजीपतियों के लिए ही कार्य करती है। भाजपा देश की संपत्तियों को पूंजीपतियों के हवाले करके बेचने का काम करना चाहती है। कहा कि भाजपा देश में संकट पैदा कर संविधान को बदलना चाहती है। उसे गरीबों, किसानों, नौजवानों व प्रदेश की महिलाओं की कोई चिंता नहीं है। यहां इंडिया गठबंधन के बूथ सम्मेलन में कहा कि भाजपा सरकार किसी भी नौजवान को नौकरी नहीं दे पाई है। उन्होंने कहा कि बदायूं से उनका पुत्र आदित्य लोकसभा का चुनाव लड़ रहा है इसलिए उन्हें वहां भी रहना पड़ेगा।

जीआरपी ने बैग को खोजकर यात्री को सौंपा

इटावा। कोटा-इटावा एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान एक यात्री का बैग दूसरे यात्री से बदल गया। जिसमें कीमती सामान भी था। जीआरपी ने काफी मशक्कत के बाद बैग को खोज कर यात्री के सुपुर्द किया। प्रभारी निरीक्षक जीआरपी शैलेश निगम ने बताया कि कानपुर देहात के डेरापुर के रहने वाले सुरजीत सिंह राजावत गाड़ी संख्या 19811कोटा- इटावा एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे थे। उन्हें अपने घर डेरापुर जाना था। यात्रा के दौरान उदी मोड़ जंक्शन से पहले सुरजीत का बैग काशीपुर ग्वालियर के रहने वाले बलराम उर्फ बल्लू से बदल गया था। बैग में चार तोले का वजनी सोने का हार लगभग 2 लाख 88 हजार रुपये कीमत का व अन्य जरूरी सामान था। यात्री के द्वारा बाग बदलने की सूचना थाने पर दी गई थी बदले हुए बैग को उनकी टीम में शामिल हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह व नवल किशोर के द्वारा खोजा गया और सुरजीत सिंह राजावत के सुपुर्द किया गया।

राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं।

छात्राओं ने सटीक निशाना लगाकर भेदा लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने खेलो भारत कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायती राज राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में छात्राओं में शूटिंग प्रतियोगिता कराई। इसमें थियोसोफिकल इंटर कॉलेज और राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन केकेपीजी कॉलेज की अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पदमा त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए खेल अति आवश्यक हैं। जिला प्रमुख डॉ. सुनील सिंह सेंगर ने खेल की बारीकियां समझाईं। प्राचार्य डॉ. श्याम पाल सिंह ने कहा कि इस आयोजन से एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में छात्राओं को कदम बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य तान्या मिश्रा ने बताया की छात्राओं की भूमिका समाज निर्माण में छात्रों के बराबर ही है। निशानेबाज राहुल तोमर ने छात्राओं को शूटिंग के बारे में जानकारी दी। विभाग संगठन मंत्री तरुण वाजपेई ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

ट्रक में घुसी बाइक, मां की मौत, बेटा-बेटी जख्मी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत लायन सफारी के पास आगे जा रहे ट्रक के चालक ने अचानक ट्रक को मोड़ दिया। तभी पीछे से आ रही बाइक ट्रक से जा भिड़ी। हादसे में बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई जबकि उसका बेटा व बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक ट्रक को लेकर भाग गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने महिला के मरने की पुष्टि कर दी। दोनों घायलों को उपचार के लिए भर्ती कर लिया। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और शव को देख उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

मध्य प्रदेश के भिंड जिले के फूप थाना क्षेत्र के गांव चांचर निवासी सुरेश सिंह चक की 45 वर्षीय पत्नी

- ननद की बेटी की शादी में शामिल होने जा रही थी महिला

मीरा देवी। अमृत विचार

मीरा देवी अपने बेटे रोहित 19 साल व 17 साल की बेटी कंचन के साथ बाइक से अपनी ननद रेखा देवी निवासी जैन मोहल्ला जसवंतनगर की बेटी रानी की शादी में शामिल होने के लिए सुबह साढे नौ बजे घर से निकले थे। जब उनकी बाइक सिविल लाइन थाना क्षेत्र के इटावा-ग्वालियर मार्ग लाइन सफारी के पास पहुंची तभी आगे जा रहे ट्रक के चालक ने अचानक ट्रक को मोड़ दिया। जिससे बाइक ट्रक में जा भिड़ी। हादसे में मां बेटा बेटी घायल हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक को लेकर मौके से भाग निकला। हादसे की जानकारी होने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टर शिवम राजपूत ने महिला मीरादेवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल रोहत व कंचन को उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया। घायल रोहित ने बताया कि वह चार बहन और दो भाई है राहुल, मीनू, रेनू, रोहित और कंचन है दोनों भाई बहनों के मामूली चोटे आई है मां की मृत्यु हो गई है। घटना की जानकारी जब घरवालों को मिली तो घर में कोहराम मच गया। शादी समारोह में शामिल होने पहुंचा पूरा परिवार जिला अस्पताल में पहुंच गया। बेटे ने बताया कि पिता हैंडपंप सही करने का काम करते हैं। पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

आयुर्विज्ञान विवि में नए पीजी कोर्स शुरू

कार्यालय संवाददाता, सैफई (इटावा)

अमृत विचार। उत्तर-प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में अब डिप्लोमेट नेशनल बोर्ड(डीएनबी) के तहत मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग में नए पीजी कोर्स की शुरुआत हो गई है। यह जानकारी जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने दी। बताया कि आगामी नीट परीक्षा के जरिए विभाग में प्रतिवर्ष चार पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों का चयन होगा।

डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि डिप्लोमेट नेशनल बोर्ड (डीएनबी) चिकित्सा के क्षेत्र में स्नातकोत्तर और पोस्ट-डॉक्टोरल कार्यक्रम के समकक्ष एक कार्यक्रम है। यह प्रोग्राम छात्रों को एमडी और एमएस के समान कद प्रदान करता है। कार्यक्रम को दो उप-श्रेणियों में विभाजित किया गया है जिसमें ब्रॉड स्पेशलिटीज़ में डीएनबी और सुपर स्पेशलिस्ट्स में डीएनबी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी मेडिकल कालेज में डीएनबी पीजी कोर्स की शुरुआत करना एक जटिल प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में मरीज के इलाज एवं रिसर्च से संबंधित कई संस्थानों से रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने होते हैं,व विशेष अनुमति भी लेना पड़ती है। डीएनबी बोर्ड से कुछ पत्राचार के पश्चात डीएनबी के एक्रीडिटेशन विभाग द्वारा मेडिसिन विभाग को पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स के लिए उपयुक्त पाया गया एवं डीएनबी कोर्स की मान्यता प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि मेडिसिन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू होने से प्रदेश तथा देश के मेडिकल ग्रेजुएट डॉक्टर्स को मेडिसिन स्पेशलिटी में पीजी करने का मौका मिलेगा।

पौधरोपण से हरियाली बढ़ाने का संदेश...

इटावा। विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक वानिकी प्रभाग इटावा एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति इटावा के संयुक्त तत्वावधान में लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड़ इटावा में पौधरोपण एवं गोष्ठी कार्यक्रम प्रभागीय निदेशक अतुल कान्त शुक्ला के निर्देशन में आयोजित किया गया। विद्यालय डायरेक्टर डॉ.मंजेश कुमार ने कहा कि दिनोंदिन धरती के तापमान में वृद्धि हो रही है, हिमखंड तेजी से पिघल रहे हैं और समुद्र का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, इससे समूची कुदरत के लिए अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे संजीव चौहान ने बताया कि पृथ्वी दिवस महत्वपूर्ण है। उप क्षेत्राधिकारी बढपुरा शिवप्रसाद ने कहा कि कीटनाशक दवाओं का इस्तेमाल, समुद्र में व्याप्त प्लास्टिक प्रदूषण इन प्रजातियों के लुप्त होने के लिए जिम्मेदार हैं। प्रधानाचार्य कार्व यादव, वन दरोगा ताबिश अहमद, सुनील कुमार, सुरेश कुमार, गोपाल श्रीवास्तव, सोहेल, अनुज तिवारी, आशुतोष, अभिषेक, कोमल, दीपिका, रितु एवं प्रियंका का उल्लेखनीय योगदान रहा। ● अमृत विचार

26 अप्रैल तक जमा करें सदस्यता शुल्क

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को हुई। डीबीए अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे एवं महामंत्री राजेश कुमार सिंह यादव की अगुवाई में हुई बैठक में डीबीए के आगामी चुनाव के संबंध में सदस्यता शुल्क पर पर चर्चा हुई। सदस्यता शुल्क 20 रुपये से घटाकर 10 रुपये प्रति माह जमा कराने का निर्णय लिया गया।।

यह शुल्क जनवरी 2023 से जून 2024 तक कुल 180 रुपये जमा किया जायेगा। डीबीए इटावा में पंजीकृत अधिवक्ता स्वयं व्यक्तिगत रूप से आकर शुल्क जमा करेगे। शुल्क जमा करते समय, बार कौंसिल ऑफ उप्र द्वारा प्रदत्त नवीन सीओपी नम्बर का प्रमाण पत्र की छायाप्रति जमा करनी होगी। अन्यथा शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा। निर्धारित सदस्यता शुल्क 26, अप्रैल 2024 तक किसी भी कार्य दिवस में 1 बजे से 3 बजे तक डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा के कार्यालय प्रभारी तुलाराम राजपूत पर जमा कर पावती प्राप्त कर सकते है। बैठक में अरविन्द प्रताप सिंह, वीरेन्द्र कुमार दुबे, गुरू प्रसाद द्विवेदी, कुंवर बहादुर सिंह, अनिल कुमार कश्यप, सत्येन्द्र पाल सिंह यादव, भुवनेश यादव, मैराज अली खान, रीना यादव, सचिन दत्त तिवारी,प्रदीप कुशवाह विवेक द्विवेदी, कुलदीप यादव,अभय प्रताप सिंह,वीर प्रकश सिंह,राजू यादव आदि मौजूद रहे। यह जानकारी डीबीए इटावा के मीडिया प्रभारी विवेक द्विवेदी एड ने दी।

सड़क हादसे में घायल मजदूर की मौत

इटावा। बिचपुरी खेड़ा निवासी बसंत कुमार (44) मजदूरी करते थे। 18 अप्रैल को जब वह सड़क पार कर रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई राकेश चंद्र ने बताया कि बसंत 18 अप्रैल को वह मजदूरी कर घर वापस आ रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी जिससे वह घायल हो गए थे। मृतक के पांच बच्चे हैं इसमें चार लड़कियां और एक लड़का है अभी कुछ समय पहले ही एक बेटी की उन्होंने शादी की थी। फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

श्रद्धाभाव से मनाया चित्रगुप्त महाराज का प्राकट्य उत्सव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को लेखनी के देवता श्री चित्रगुप्त जी महाराज का प्राकट्य उत्सव श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। श्रंगार कर हवन पूजन हुआ और संगीतमय सुंदरकांड का पाठ व भंडारा भी आयोजित किया गया। कायस्थ समाज ने चित्रगुप्त महाराज के प्रकट उत्सव की एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने सुबह चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में बने मंदिर में जाकर चित्रगुप्त महाराज का आकर्षक श्रंगार किया। इसके बाद जटपुरा स्थित मंदिर व शादीलाल धर्मशाला में स्थित

चित्रगुप्त महाराज की आरती उतारते युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी। अमृत विचार

मंदिर में भी चित्रगुप्त महाराज का श्रृंगार कर पूजन-अर्चन किया गया। कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष सागर भटनागर, सचिव विशाल सक्सेना, अनिकेत सक्सेना, राजेश सक्सेना, गौरव सक्सेना, अनीता जौहरी, नितिन निगम, अनिल श्रीवास्तव ने सहयोग दिया।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सौरभ कुलश्रेष्ठ ने कहा कि जिस प्रकार शनिदेव को सृष्टि का प्रथम दंडाधिकारी कहा जाता है। इसी प्रकार चित्रगुप्त महाराज सृष्टि के प्रथम न्यायाधीश हैं। पुराणों के अनुसार चित्रगुप्त महाराज अपने दरबार में मनुष्यों के पाप-पुण्य का लेखा-जोखा करके न्याय करते हैं।

सार-संक्षेप

मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

उदी, इटावा। जीएसटी स्कूल उदी में प्रगति पत्र प्रगति पत्र वितरण एवं मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बिजली विभाग के अवर अभियंता अमर, अवधेश निवेतरी तथा सीएचएस अधीक्षक डॉ. विनोद शर्मा ने सभी कक्षाओं के बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चित्र सहित पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाने वालों में प्रियंका, दिनेश, अनुष्का गोपका नमन, आयुष, इसान्त, देवांश, प्रश्ना, मानवी आदि शामिल हैं। प्रबंधक अनिल तिवारी, रिंकू तिवारी समाजसेवी, अमित तिवारी, मूल चन्द्र राठौर, मनोज शर्मा, गिरिराज ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश जैन ने किया।

छात्रा को पुरस्कृत करते प्रबंधक अनिल तिवारी।

10 महिला बंदियों को दिया सिलाई का प्रशिक्षण

इटावा। इटावा केंद्रीय कारागार में बंद 10 महिला बंदियों को कौशल विकास मिशन के तहत सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद सोमवार को परीक्षा कराई गई। केंद्रीय कारागार के अधीक्षक डॉ. रामधनी ने बताया कि केंद्रीय कारागार में बंद दस महिला बंदियों को साढे तीन माह का सिलाई का प्रशिक्षण दिलाया गया। एक माह का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सोमवार को परीक्षा कराई गई। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद महिला बंदी सिलाई करने लगी हैं। सौनित ग्रुप ऑफ स्टडीज एजुकेशन सोसायटी की ओर से मंजू देवी ने प्रशिक्षण दिया। अधिकारियों ने कहा प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि यहां से निकलने के बाद कैदी सामान्य जीवन जी सकें।

सहायक विकास अधिकारी ने पानी की टंकी को सही कराया

महेवा, इटावा। ब्लाक क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत इंद्रापुर में विगत कई माह से खराब चल रही पानी की टंकी को सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने पहुंचकर तकनीकी खामी को दूर करवाया। ग्राम इंद्रापुर की पानी की टंकी कई माह से तकनीकी कमी आने से बंद पड़ी थी। जिसकी शिकायत गांव निवासी अनिल तिवारी ने मुख्य विकास अधिकारी से की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया ने तीन दिन पूर्व गांव का औचक निरीक्षण कर ग्राम सचिव को निर्देश दिया। तकनीकी खामी को दूर करवाके चालू कराया, जिस पर ग्रामीणों ने हर्ष जताया।

तलवार के साथ एक गिरफ्तार, जेल भेजा गया

बकेवर, इटावा। बकेवर थाना पुलिस ने गस्त के दौरान लखना कस्बा से एक व्यक्ति को अवैध तलवार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक बकेवर राकेश कुमार शर्मा अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी एक व्यक्ति अवैध रूप से तलवार लेकर घूम रहा है। इस सूचना पर उन्होंने संबंधित स्थान पर छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तलवार बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुनील कुमार पुत्र मान सिंह निवासी ठकुरान मोहाल लखना बताया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

युवक ने फांसी लगाकर जान दी

इटावा। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ब्रहमनगर में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोकूमल टोपनदास कोल्ड स्टोरेज के पीछे ब्रहम नगर निवासी कुलदीप (28) पुत्र ग्रीश कुमार ने घरेलू कारणो के चलते अपने घर में फांसी लगा ली। परिवार के लोगों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक ने फांसी क्यों लगाई इसके बारे में परिवार के लोग कुछ भी नहीं बता सके। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सियासत इटावा-भरथना विधानसभा चुनाव प्रबंधन कोर कमेटी की बैठक में भाजपा सरकार के कार्यों का किया गुणगान

सनातन विरोधियों को जनता देगी जवाब : प्रकाश पाल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में सदर इटावा व भरथना विधानसभा की चुनाव प्रबंधन व कोर कमेटी की बैठक हुई। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र से क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि मोदी और योगी की डबल इंजन कि सरकार ने सपा के सारे इंजन फेल कर दिए। इसलिए अब अखिलेश यादव और शिवपाल यादव चुनाव लड़ने तक ही हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। इंडिया गठबंधन के सनातन विरोधी नेता लगातार सनातन को खत्म के लिए सनातन पर हमला कर रहे है। वहीं देश की जनता इन सनातन विरोधी नेताओ को सबक सिखाने के लिए इस चुनाव में तैयार बैठी है।

मोदी जी के बयान का जिक्र करते हुए प्रकाश पाल ने कहा है कि 10 साल में सिर्फ ट्रेलर देखा है अभी पूरी फिल्म बाकी है। 2024 जीतिए एक देश एक इलेक्शन लागू होगा। हर चुनाव में पैसा खर्चा होता है। एक चुनाव से पैसा भी बचेगा और मेहनत भी। समान नागरिक सहिंता लाएंगे, एक देश एक कानून लागू होगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया।

बैठक में भाग लेते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, संजीव राजपूत एवं सरिता भदौरिया।

बैठक में सदर विधायक सरिता भदौरिया, जनपद प्रभारी कमलावती सिंह, विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया, गोपाल मोहन शर्मा, विधानसभा प्रभारी विनोद दुबे, रामलखन, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, डॉ. रमाकांत शर्मा, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, देवप्रताप भदौरिया, बद्रीनाथ चौधरी, डॉ. ज्योति वर्मा, ममता कुशवाहा, जितेंद्र गौड़, रजत चौधरी, राहुल राजपूत, चक्रेश जैन, लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा, क्षेत्रीय सह-मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता, आनंद राजपाल क्षेत्रीय मीडिया टीम के सदस्य नीरज गुप्ता रोहित अवस्थी, लोकसभा मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विरला शाक्य, अंकित सैनी सहित विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य व कोर कमेटी मेम्बर उपस्थित रहें।

सीएम योगी कल जसवंतनगर में करेंगे सभा

इटावा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा 25 अप्रैल को होने वाली जनसभा की तैयारियों को लेकर जसवंतनगर चुनाव कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में चुनाव प्रबंधन समिति, कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। मंडल अध्यक्षों को अपने अपने मंडलो में प्रचार प्रसार कर पांच हजार लोगों को लाने का लक्ष्य दिया गया। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि ऐसा कोई सागा नहीं जिसको सपा ने ठगा नहीं। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, बृज क्षेत्र से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ नगरीय क्षेत्र में आम-जनमानस से संपर्क कर मुख्यमंत्री की सभा के लिए पीले चावल भेंटकर आमंत्रित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, पूर्व सांसद/विधायक रघुराज शाक्य, ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव, विवेक शाक्य, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, क्षेत्रीय सह-मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, उपस्थित रहे।

एक्सप्रेसवे पर मृत पड़े गोवंश से टकराईं कारें

ताखा, इटावा। ऊसराहार थाना क्षेत्र से गुजरने वाले आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सोमवार रात किलोमीटर संख्या 131 कठौतिया गांव के पास टूटी बैरीकेडिंग से एक गोवंश एक्सप्रेसवे पर चढ़ गया। जिसकी किसी वाहन से टकराकर मौत हो गई। कुछ देर बाद वहां से गुजरे कार सवार डॉक्टर रजनी यादव, सुनील यादव व कार चालक पूरन सिंह निवासी रेलवे माधव नगर ज्ञानदीप स्कूल शिकोहाबाद की कार टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। कुदरैल एक्सप्रेसवे चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तभी पीछे से आ रही एक और कार जो लखनऊ से आगरा जा रही रही थी मृत गोवंश से टकराकर पलट गई जिसमें मदन श्रीवास्तव निवासी शात्री नगर दिल्ली, जगदीश कुमार, राहुल कुमार निवासी विष्णु बिहार वृंदावन सवार थे। कार क्षतिग्रस्त हो गई कार सवार को मामूली चोटें आयीं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविन: ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पाँच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

संपादकीय

मध्य पूर्व में संकट

इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष मध्य-पूर्व के दो प्रबल विरोधियों के बीच बढ़ते तनाव को उजागर करता है। ईरान-इजराइल जंग का असर वैश्विक राजनीति पर ही नहीं बल्कि दुनिया के व्यापार पर भी पड़ सकता है। यदि भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो आपूर्ति में व्यवधान के कारण कमोडिटी की कीमतें बढ़ जाएंगी। वैश्विक स्तर पर, भू-राजनीतिक तनाव के कारण मुद्रास्फीति उच्च बनी रहेगी क्योंकि इससे कच्चे तेल की कीमतें और तांबा, जस्ता, एल्युमीनियम, निकेल आदि वस्तुओं की कीमतें प्रभावित होंगी। तनाव कम करने या शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद के कूटनीतिक प्रयासों की विफलता के बाद सैन्य कार्रवाई ही एकमात्र विकल्प बचेगा, जिससे क्षेत्रीय तनाव में वृद्धि की संभावना बढ़ जाएगी। हालांकि वैश्विक मंदी की आशंका के बीच भारत को फायदा हो सकता है। क्योंकि भारत विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश है। वह अपनी पेट्रोलियम खरीद का एक बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आयात करता है। ईरान ओपेक देशों में शामिल तीसरा सबसे बड़ा क्रूड ऑयल प्रोड्यूसर है। इसलिए तेल के संकट को ईरान और इजराइल का युद्ध और बड़ा कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान-इजराइल के बीच तनाव के मद्देनजर यूरोप में भारत का निर्यात बाधित होगा। भारत के व्यापार सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि नीतिगत हस्तक्षेप तभी होगा जब हम व्यापारियों के सामने आने वाली समस्याओं को समझेंगे। उस अभ्यास के आधार पर, जो भी आवश्यक होगा सरकार निश्चित रूप से उस पर ध्यान देगी। इजराइल और ईरान के बीच टकराव कम करने का भारत का आह्वान क्षेत्र की राजनीति की जटिलता को पहचानने के बारे में है। भारत के लिए ये संकट इसलिए और बड़ा है क्योंकि वह ईरान और इजराइल दोनों का ही मित्र है। वह किसी एक का पक्ष नहीं ले सकता है। ईरान-इजराइल टकराव पर भारत के दृष्टिकोण का महत्व है। यदि ये भारत को एक दृष्टिकोण का पक्ष लेते हुए देखते हैं तो इससे क्षेत्र में शांति को नुकसान पहुंच सकता है।

भारत को प्रमुख क्षेत्रीय प्रतिभागियों मिस्र, ईरान, इजराइल, कतर, तुर्की, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के साथ अपने जुड़ाव को हमेशा संतुलित रखना होगा। इजराइल की व्यापक रूप से मौजूद इस धारणा को देखते हुए कि परमाणु-सशस्त्र ईरान इज़राइल के अस्तित्व के लिए एक संभावित खतरा है, उसके द्वारा प्रतिशोध की आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का सम्मान करना चाहिए। क्षेत्र में दीर्घकालिक सुरक्षा, शांति एवं स्थिरता के लिए दो-राज्य समाधान ही एकमात्र संभव विकल्प है।

पहले चरण के चुनाव के सबक

संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी।

लोकसभा चुनाव 2024 का पहला चरण 19 अप्रैल को संपन्न हो गया। इस चरण में जिस तरह मतदान प्रतिशत में कमी के साथ मतदाताओं के उत्साह में कमी देखने को मिली उसने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके गठबंधन एनडीए के साथ ही साथ कांग्रेस और उसके गठबंधन इंडिया के नेताओं की पेशानी पर भी बल ला दिए हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग भी चिंतित हो गया है। आम जनता, मीडिया और चुनाव से जुड़े सभी दल एवं प्रत्याशी इस रुझान की अपने-अपने हिसाब से समीक्षा कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन इसे भाजपा सरकार के खिलाफ जनता का रोष बताकर अपनी जीत का दावा कर रहा है। जबकि एनडीए इसे विपक्ष के प्रति मतदाताओं की उदासीनता कहकर अपनी चिंता को ढांपने की कोशिश कर रहा है। लेकिन हकीकत में दोनों ही पक्ष इससे हैरान और परेशान हैं। क्योंकि पहले चरण की जिन 102 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ है उनमें बहुत कम सीटें ऐसी हैं जिनके बारे में दावे से कहा जा सकता हो कि किसी एक प्रत्याशी या दल के पक्ष में मतदान हुआ है। टीवी मीडिया हो या प्रिंट अथवा कि सोशल मीडिया किसी के भी चुनावी विश्लेषणों को देखें तो इस बात से प्रायः सभी सहमत हैं कि यह रुझान स्पष्ट रूप से कोई निर्णय देता नजर नहीं आता। यह ठीक है कि मतदाता घरों से कम निकले, लेकिन इसकी वजह क्या थी, किसी को पता नहीं। कोई इसके पीछे केंद्र सरकार से नाराजगी, कोई स्थानीय सांसद के प्रति गुस्से तो कोई गर्मी और धूप को वजह बताता है। लेकिन जिन लोगों ने इन परिस्थितियों में भी वोट डाला, वह किसके पक्ष में गया है, यह दावे के साथ बताने की स्थिति में कोई भी नहीं है। अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग परिदृश्य दिखाई देता है। इसलिए संपूर्ण से रुझानों को न तो सत्ताविरोधी लहर के रूप में लिया जा सकता है और न ही मोदी की गारंटी पर मतदाताओं ठप्पे के रूप में। कुल मिलाकर मिलीजुली स्थिति प्रतीत होती है।

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी। इन दावों को विपक्षी हमला कहकर खारिज किया जा सकता है। लेकिन उन तथाकथित आंतरिक सर्वेक्षणों का क्या किया जाए जो सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनलों पर तैर रहे हैं और जिनके बारे में कहा जाता है कि ये आरएसएस-भाजपा और केंद्र सरकार द्वारा चुनाव से पहले जनता की नब्ज टटोलने के लिए कराए गए थे। इन सर्वेक्षणों में भी कथित रूप से भाजपा को 200 से कुछ ही ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। और बहुत से लोग मानते हैं कि ये सर्वेक्षण ही राहुल गांधी के दावों का आधार हैं। भले ही वे कहते हों कि उन्हें राज्यों में स्थित अपने कार्यालयों से ऐसी रिपोर्टें मिल रही हैं। जो भी हो, इससे भाजपा और एनडीए का मनोबल कमजोर हुआ है, जबकि विपक्षी गठबंधन के उत्साह में बढ़ोतरी हुई है।

इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं।

पहले चरण का मतदान भले सुस्त रहा हो, लेकिन इसने अगले चरणों के लिए चुनावी पारे को गर्मियों में और बढ़ा दिया है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके चुनिंदा कैबिनेट सहयोगियों के साथ भाजपा और आरएसएस के आगे अगले चरणों को निर्णायक रूप से अपने पक्ष में करने की चुनौती खड़ी हो गई है। और जैसे कि संकेत मिल रहे हैं, उन्होंने इसे न सिर्फ स्वीकार किया है, बल्कि नई रणनीति के साथ विपक्ष को नेस्तनाबूद करने के लिए वे दूनी ताकत के साथ मैदान में कूद पड़े हैं। प्रधानमंत्री के भाषण ज़्यादा तीखे और अधिक आक्रामक तो हो ही गए हैं। उनमें क्षेत्र और वक्त के अनुसार परिवर्तन भी दिखाई पड़ रहे हैं। जबसे कांग्रेस ने अपना लोकलुभावन घोषणापत्र जारी किया है मोदी के भाषणों का फोकस यह घोषणापत्र ही रहा है। लेकिन शुरू में वे इसे 'मुस्लिम लीग का घोषणापत्र' बताकर कांग्रेस पर हमला कर रहे थे और उसे अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के लिए कोस रहे थे। लेकिन पहले चरण के मतदान के बाद वे कांग्रेस के इरादों को लेकर खतरनाक किस्म की चेतावनियां देने लगे हैं। मसलन, बांसवाड़ा की चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस आई तो सबके धन की जांच करेगी और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के बयान के मुताबिक उसे मुसलमानों में बांट देगी। कांग्रेस महिलाओं का मंगलसूत्र तक नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री के इस बयान की तीखी आलोचना हुई है और कांग्रेस ने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की है। बांसवाड़ा से इतर अलीगढ़ में प्रधानमंत्री के बोल मुसलमानों को लेकर नरम थे। वहां उन्होंने आश्चर्यजनक रूप से मुसलमानों के हित में सरकार द्वारा उठाए गए अनेक कदमों का बखान किया और उनका समर्थन मांगा। प्रधानमंत्री के इन दो अलग-अलग रूपों पर कांग्रेस या विपक्ष की कोई खास प्रतिक्रिया नहीं आई। लेकिन सोशल मीडिया में इसकी विभिन्न तरीकों से समीक्षा की गई। जिनमें एक यह है कि प्रधानमंत्री बिल्कुल सही कह रहे हैं। क्योंकि पिछले दस सालों में मुसलमानों के लिए जितनी योजनाएं यह सरकार लेकर आई है और हज यात्रा से लेकर उन्हें देश में शिक्षा, विदेश में पढ़ाई, नौकरियों और व्यवसाय के लिए रियायतें, सुविधाएं तथा वजीफे दिए गए हैं, उतने पहले की किसी सरकार में नहीं मिले। इन विवरणों ने हिंदू संगठनों को भी हैरान कर दिया है।

इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं। सच क्या है, इसका पता तो आगे यदि कोई जांच हुई तब ही चलेगा। लेकिन सूरत के इस वाकये ने चंडीगढ़ मेयर के चुनाव की याद दिला दी है। क्या सूरत का मामला भी सुप्रीमकोर्ट जाएगा?

प्रसंगवश

किस्से कंगना के

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

शीर्षक देखकर प्रथम दृष्ट्या पाठक का ध्यान वॉलीबुड की अभिनेत्री कंगना की ओर ही जाएगा, जो संप्रति इसलिए खबरों में आईं क्योंकि चुनाव में भाजपा ने उन्हें हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। हालांकि यहां मैं उनके बारे में नहीं लिख रहा। लोगों के जेहन में राजा राधिकारमणप्रसाद सिंह की कहानी 'कानों में कंगना' भी कौंध गई होगी। हमें वे कंगना याद तो आए, किंतु यहां उनका विस्तार नहीं है। हिंदू विवाह में कंगन खुलाई एक रस्म होती है । उसकी गांठ वर वधू दोनों को खोलनी होती है, इसे हस्तबंद भी कहते हैं। सीता जी वन में आभूषणों से सज्जित होकर गईं थीं। वे कंगन भी पहने थीं। रावण द्वारा हरण होने पर अशोक वाटिका में वे बहुत क्षीण शरीर हो गईं थीं। जब हनुमान जी वहां पहुंचे, तो उनकी ऐसी ही स्थिति थी। गोस्वामी तुलसीदास ने 'बरवै रामायण' में उनकी वार्ता का उल्लेख करते हुए लिखा है, "अब जीवन की है कपि आस न कोय कनगुरिया कै मूदरी कंगना होय"। यानी छिंगुनी (कनिष्टिका) में पहनी ठाने वाली अंगूठी उनकी कलाई में आ जाती थी और वह कंगना बन गई थी। अब हम माता के वास्तविक कंगनों की बात करते हैं, जिनके नग में विवाह के समय वे शिर नीचे किए राम का रूप देख रहीं थीं। 'राम को रूप निहारति जानकि कंकन के नग की परिछाही' । सामान्य कथा तो यह है कि हनुमान जी को भूख लगी थी और उन्होंने सीता जी से वाटिका के फल खाने की अनुमति मांगी। तदोपरांत उन्होंने फल खाये, वृक्ष तोड़े, राक्षस मारे और पश्चात् लंकादहन आदि हुआ। इस प्रचलित कथा से भिन्नता लिए भी एक कथा है,जो 'आनंद रामायण' में आई है। यह भी महर्षि वाल्मीकि की ही कृति मानी जाती है। इसके अनुसार जब हनुमान जी ने माता से क्षुधित होने की बात कही, तो उन्होंने उन्हें वे दो आम दिए, जो उनको (सीता जी को) खाने के लिए दिए गए थे; साथ ही अपने कंगन हनुमान जी की ओर बढ़ाते हुए कहा कि 'पुत्र! इन्हें लंका के बाजार में बेंचकर, प्राप्त धन से फल आदि क्रय कर लो'। हनुमान जी ने वह प्रस्ताव विनम्रता पूर्वक अस्वीकार कर दिया और वहीं वाटिका में फल तोड़कर खाने की अनुमति मांगी। तब सीता जी ने अनुमति प्रदान कर दी और बाद की कथा वही है,जो सर्व विदित है।

न जलाएं सूखी पत्तियां

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है।

जो समाज अभी कुछ महीनों पहले हवा की गुणवत्ता खराब होने के लिए हरियाणा-पंजाब के किसानों को पराली जलाने के लिए कोस रहा था, वह अब खुद अपने हाथों से अपनी तकदीर को आग लगा रहा है। महानगरों के बड़े हिस्सों में अभी भी खुलापन, पेड़, हरियाली और बगीचे जिंदा हैं तो जगह-जगह सूखे पत्तों का ढेर लगा है। हर कॉलोनी में इनके निस्तारण के लिए आग लगाना आम बात है। कुछ लोगों के लिए यह झड़ते पत्ते महज कचरा हैं और वे इसे समेट कर जलाने को परंपरा, मजबूरी, मच्छर मारने का तरीका व ऐसे ही नाम देते हैं। असल में यह ना केवल गैरकानूनी है, बल्कि अपनी प्रकृति के साथ अत्याचार भी है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने तो सन 2016 में बड़े सख्त लहजे में कहा था कि पेड़ों से गिरने वाली पत्तियों को जलाना दंडनीय अपराध है व प्रशासनिक अमले यह सुनिश्चित करें कि आगे से ऐसा ना हो। इस बारे में समय-समय पर कई अदालतें व महकमे आदेश देते रहे हैं, लेकिन कानून के पालन को सुनिश्चित करने वाली संस्थाओं के पास इतने लोग व संसाधन हैं ही नहीं कि हरित न्यायाधिकरण के निर्देश का शत-प्रतिशत पालन करवा सके। कुछ साल पहले लुटियन दिल्ली में एक सांसद की सरकारी कोठी में ही पत्ती जलाने पर मुकदमा कायम हुआ था, उसके बाद दिल्ली में तो इस विषय में जागरूकता और सतर्कता है। लेकिन कई जगह तो नगर को साफ रखने का जिम्मा निभाने वाले स्थानीय निकाय खुद ही कूड़े के रूप में पेड़ से गिरी पत्तियों को जला देते हैं। असल में पत्तियों को जलाने से उत्पन्न प्रदूषण तो खतरनाक है ही, सूखी पत्तियां कई मानों में बेशकीमती हैं व प्रकृति के विभिन्न तत्वों का संतुलन बनाए रखने में उनकी महति भूमिका है।

सूखी पत्तियां जलाने से इंसान खुद ही कई बीमारियों को न्योता देता है। यह अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, आंखों में खुजली, सिरदर्द और नाक बहना और यहां तक कि जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली फैनफड़ों जटिलताएं भी हो सकती हैं। गिरी हुई पत्तियों को जलाने के अल्पकालिक और दीर्घकालिक संपर्क से अस्थमा के दौरे, दिल के दौरे और कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा भी बढ़ सकता है।

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है। हाईड्रोजन वातावरण में मौजूद जहरीली गैस कार्बड डाय आक्साईड के साथ मिल कर पत्तियों के लिए शर्करायुक्त भोजन उपजाता है। जबकि आक्सीजन तो प्राण वायु है ही। जब पत्तियों का क्लोरोफिल चुक जाता है तो उसका हरापन समाप्त हो जाता है व वह पीली या भूरी पड़ जाती हैं। हालांकि यह पत्ती पेड़ के लिए भोजन बनाने के लायक नहीं रह जाती है हैं लेकिन उसमें नाईट्रोजन, प्रोटिन, विटामिन, स्टार्च व शर्करा आदि का खजाना होता है। ऐसी पत्तियों को जब जलाया जाता है तो कार्बन, हाईड्रोजन, नाईट्रोजन व कई बार सल्फर से बने रसायन उत्सर्जित होते हैं। इसके कारण वायुमंडल की नमी और आक्सीजन तो नष्ट होती ही है, कार्बन मोनो आक्साईड, नाईट्रोजन आक्साईड, हाईड्रोजन सायनाईड, अमोनिया, सल्फर डाय आक्साईड जैसी दम घोटने वाली गैस वातावरण को जहरीला बना देती हैं। इन दिनों अर्जुन, नीम, पीपल, इमली, जामुन, ढाक, अमलतास, गुलमोहर,शीशम जैसे पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं और यह मई तक चलेगा।

एक बात और पत्तों के तेज जलाने की तुलना में उनके धीरे-धीरे सुलगने पर ज्यादा प्रदूषण फैलता है। एक अनुमान है कि दिल्ली एनसीआर इलाके में जलने वाले पत्तों से पचास हजार वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएं के बराबर जहर फैलता है। यानि चाहे जितना प्रयास कर लें पतझड़ के दो महीने में ही सालभर का जहर हवा में घुल जाता है।

अमेरिका और यूरोप के देशों में पेड़ से गिरी पट्टी को वहां से उठाने पर भी पाबंदी है। यदि केवल एनसीआर की हरियाली से गिरे पत्तों को धरती पर यूं ही पड़ा रहने दें तो जमीन की गर्मी कम होगी, मिट्टी की नमी घनघोर गर्मी में भी बरकरार रहेगी। यदि इन पत्तियों को महज खत्ती में दबा कर कंपोस्ट खाद में बदल लें तों लगभग 100 टन रासायनिक खाद का इस्तेमाल कम किया जा सकता है। इस बात का इंतजार करना बेमानी है कि पत्ती जलाने वालों को कानून पकड़े व सजा दे। इससे बेहतर होगा कि समाज तक यह संदेश भली भांति पहुंचाया जाए कि सूखी पत्तियां पर्यावरण-मित्र हैं और उनके महत्व को समझना, संरक्षित करना सामाजिक जिम्मेदारी है।

सोशल फोरम

आराध्य की सेवा के गुण

हफीज किदवई
लेखक

पढ़ते थे, मज़ा आता था कि राम जी को तो बांध बनाना पड़ता, जबकि भक्त हनुमान एक छलांग में ही समन्दर पार कर जाते। मेरा दिल कहता था कि भक्त हनुमान का दिल कितना चंचल और कोमल है। सियाराम के लिए उनमें कितना समर्पण है। इतना समर्पण देख अक्सर आंख भर आती कि क्या कोई अपने नरम दिल के साथ भी चट्टान की तरह अपनों की हिफाज़त कर सकता है। हनुमान जी के लिए मेरा दिल हमेशा नरम रहा, इधर कुछ सालों से गाड़ियों के पीछे त्यौरियां चढ़ी हनुमान जी की तस्वीर देखता रहता हूं, तो दिल एक झटके में कह उठता, यह सियाराम वाले हनुमान नही हैं, यह मेरे दिल में बसने वाले हनुमान से मेल नही खाते।

अभी कुछ वक्त पहले वैसी ही तस्वीर फिर नज़रों से गुज़री मगर यहां माथे पर त्यौरियां नही हैं, आंखे सादगी से खुली हुई है। तस्वीर में उत्तेजना या क्रोध नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक विनम्रता है। एक दम से दिल बोला, यही तो वह मेरे हनुमान हैं, जो कहीं गुम हो गए थे। यही तो वह हैं जो सिया के भक्त हनुमान हैं, जिनके रहते राम के प्राण हरने की तीनों लोकों में किसी की हिम्मत नहीं हो सकी। यही तो मेरे भोले भाले हनुमान हैं जिन्हें राम नागलोक में अपनी अंगूठी ढूंढने भेजते हैं ताकि वह जाएं और खुद राम सरयू में घुलमिल जाएं। भला हनुमान जी के रहते कोई राम जी को ले जा सकता था ।

हनुमान जयंती पर यह समझने की कोशिश कीजिए कि उनमें सिर्फ़ क्रोध नही था, बल्कि उनमें जीवन का एक खूबसूरत दर्शन गूंथा हुआ है। दिल में मोहब्बत और रहम, रूह में ख़िदमत, जिस्म में अथाह ताकत यही तो हैं हनुमान। एक ऐसा किरदार जो सिर्फ और सिर्फ ख़िदमत से इतना ऊंचा मकाम पाए। केवल अपने आराध्य की सेवा के गुण से घर घर जगह बना गए । अगर आपके दिल में हल्की भी मोहब्बत है तो वह हनुमान ही हैं। किसी आंसू के लिए तड़पन है तो वह हनुमान हैं। किसी बीमार के लिए आपके कदम उठे तो उन कदमों में हनुमान हैं।

-फेसबुक वॉल से

नक्सलियों के विरुद्ध केंद्र का प्रहार

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है।

कांकेर (छत्तीसगढ़) में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सली मार गिराए। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे, उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद हुए। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंक झेलता आया है। अब समय की मांग इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने का कतई औचित्य नहीं है? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए।

केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाई हुई है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिल रहे हैं। नक्सल आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुईं थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षा बलों के जवानों की जाने गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई।

सन्-2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए, यहां तक की भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षा बलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन तीन गृहमंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनीत कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया।

केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। जिनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किमी सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं। इन परियोजनाओं में 250 किलेबंद पुलिस स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू भी हुआ।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है। इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकार ने अगस्त 2014 में इन क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की स्थापना को भी मंजूरी दी। अब तक 4885 मोबाइल टावर लगाए गए हैं। दूसरे चरण में 2,542 मोबाइल टावर और लगाए जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे को 2017 में 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिए हैं और अब इसमें बढ़ोतरी करके 40 लाख कर दिए हैं। लेकिन नक्सली फिर भी नहीं मान रहे। तभी हार कर अब उनके खिलाफ 'पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन' शुरू हुआ है। ताकी इनपर अंतिम प्रहार किया जाए। कांकेर मुठभेड़ उसी का हिस्सा है।

शब्द की अपार शक्ति

ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

शब्द में अपार शक्ति होती है। शब्द अक्षर से बनता है और अक्षर का अर्थ होता है, 'जिसका क्षय या क्षरण न हो'। मुंह से निकली बात सबसे दूर,यानि क्षितिज तक जाती है। इसका कभी अंत नहीं होता। इसीलिए 'बातहिं हाथी पाइए, बातहिं हाथी पांव', कहा जाता है। एक राजा का बूढ़ा मरणासन्न हाथी था। उसने राज्य में मुनादी कराई, कि उसका हाथी जिसके भी खेत में सुबह को हुआ करे या पाया जाए वह तत्काल राजा को सूचना दे, अन्यथा उसे मृत्यु-दंड दिया जाएगा। पर, खबरदार! कोई भी उसे हाथी की मौत की खबर न दे। हाथी के मरने की सूचना देने वाले को भी मौत की सजा दी जाएगी। बूढ़ा हाथी,ऊपर से उसकी मरणासन्न स्थिति, सो उसको तो निकट भविष्य में मरना ही था। अस्तु, किसी सुबह को एक ईख के खेत में वह मृत पाया गया। खेत वाले ने सुबह को जब अपने खेत में राजा का हाथी मरा पाया,तो उसके प्राण ही सूख गये,काटो तो खून नहीं। उसके पुत्र ने उसकी परेशानी का कारण पूछा, तो किसान ने सारा माजरा बताया। पुत्र अति प्रतिभावान था। उसने पिता को घर पर ही रोक दिया और स्वयं राजा के पास जाकर राजा से कहा, "महाराजाधिराज! की जय हो! आपके चरणों में प्रणामोपरान्त निवेदन है, कि शाही हाथी मेरे खेत में है। पर, वह न हिल-डुल रहा है,न चल-फिर रहा है, न खा-पी रहा है,और न सांस ही ले रहा है।" राजा उसका आशय समझ गया। राजा ने लड़के के वाकचातुर्य पर रीझ कर उसे अपना मंत्री बना लिया। बात की भांति का एक उदाहरण देखिए- 'पानी का कम प्रयोग कीजिए' और 'कम पानी का प्रयोग कीजिए' दोनों वाक्यों में जमीन-आसमान जैसा अंतर है। बात कहने के तनिक से अंतर या लापरवाही से दोनों बातों के बीच अंतर उपस्थित हो जाता है। देखें- बहुधा स्कूल वाहनों के पीछे लिखा होता है, 'सावधान! बच्चे उतर रहे हैं'। इसे पढ़ कर पीछे वाले वाहन का चालक अपने वाहन को सावधानीपूर्वक नियंत्रण योग्य गति में चलाता है। जबकि इसी वाक्य को, यद्यपि उसी भावना के साथ,नाम मात्रेण इतनी लापरवाही के साथ,कि संबोधनसूचक चिन्ह,(!) को लुप्त करके,यूं लिख दिया जाए (जो वाहनों पर अक्सर लिखा होता है), 'सावधान बच्चे उतर रहे हैं', तो इसका अर्थ ही उलट जाता है। यानि अर्थ का यह अनर्थ हो जाता है, कि पीछे वाले वाहन के चालक को अब वाहन की गति और ड्राइविंग को लेकर अधिक सजगता बरतने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आगे वाले वाहन से उतरने वाले बालक स्वयं सावधान और होशियार हैं।

उपर्युक्त उदाहरणों से हम सहज ही इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं,कि हर शब्द का एक स्थानीय मान होता है। जैसे 333 (तीन सौ तैंतीस) में 3 का अंक ही 3 बार आया है, पर इकाई पर रखे अंक 3 (तीन) की कीमत जहां मात्र 3(तीन) है,वहीं सैकड़ा के स्थान पर स्थित 3 का मूल्य 300 (तीन सौ) है।

प्रेमी को कमरे में बंद कर पीटा, मूछें और भौंह काट कर पुलिस को सौंपा

विवाहित प्रेमिका से मिलने गया था, महिला ने थाने में प्रेमी के साथ जाने की बात कही

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। दिबियापुर थाना के एक गांव में शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को प्रेमिका के ससुरालियों ने जमकर पीटा। युवक की मूछें और भौंह भी साफ कर दीं। रात भर घर में बंद रखकर मंगलवार की सुबह युवक और महिला को पुलिस के सुपुर्द किया गया। थाने में महिला अपने प्रेमी के साथ जाने की बात कह रही थी।

दिबियापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी शादीशुदा महिला जो की गर्भवती भी है। उससे मिलने मिलने गए युवक को महिला के ससुरालीजनों ने पकड़ लिया। महिला और उसके अविवाहित प्रेमी को कमरे में बंद कर जमकर पीटा। प्रेमी की आधी मूछें, एक तरफ की भौहें साफ कर दी। मंगलवार की सुबह पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

बताते हैं को सोमवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी लगभग दो माह की गर्भवती महिला का पति बाहर काम करने गया था। रात लगभग एक बजे गांव हीरा का पूर्वा निवासी मेहरबान महिला से मिलने पहुंच गया। इस बीच महिला के भतीजे ने दोनों को कमरे में बात करते देख लिया। महिला ने प्रेमी मेहरबान को कमरे से रखे बक्से में बंद कर दिया। रात लगभग ढाई बजे महिला के ससुरालीजन और रिश्तेदार पहुंच गए। सभी ने मिलकर गर्भवती महिला और उसके प्रेमी को जमकर पीटा। प्रेमी की आधी मूछें, एक तरफ की भौहें और बाल काट दिए। सुबह ससुरालियों ने थाना पुलिस को सूचना दी। साथ ही महिला का एक रिश्तेदार महिला और उसके प्रेमी को दिबियापुर पुलिस के सुपुर्द करके चले गए। महिला ने बताया कि मायके और ससुराल के लोगों ने उसे साथ रखने से मना कर दिया है। अब वह प्रेमी के साथ रहेगी। जबकि युवक का कहना है कि वह महिला को अपने साथ रखने को तैयार है।

मेहरबान।

सोशल मीडिया साइट पर हुई दोस्ती

पीड़ित महिला ने बताया कि लगभग सात माह से उसकी, फेसबुक पर पास के ही गांव हीरा का पूर्वा निवासी मेहरबान से दोस्ती हो गई थी। दोनों के बीच फेसबुक मैसेंजर पर मेसेज के माध्यम से बात होने लगी। इसके बाद मोबाइल पर भी बात होनी शुरू हो गई थी। दिबियापुर पुलिस दोनो को अपने हिरासत में लिए है। दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने बताया की तहरीर मिलने पर सभी तथ्यों पर जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

अनियंत्रित होकर टेंपो पलटा, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

फफूंद औरैया। अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव नगरिया निवासी मोहित कुमार अपने टेंपो से गांव से सवारी लेकर कंचौसी के पास में बरम देव मन्दिर में पूजा अर्चना करवाने के लिए लेकर गया था। मंगलवार की शाम लगभग 6 बजे टेंपो वापस गांव जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही फफूंद कस्बा के बाईपास मोड़ पर पहुंचा तभी टेंपों अनियंत्रित होकर पलट गया।

टेंपो में बैठी तीन सवारी 8 वर्षीय सौम्या पुत्री कमल, 18 वर्षीय रूबल पांडेय पुत्र चन्द्र प्रकाश, 36 वर्षीय अनीता पत्नी चन्द्र प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गये। वहां मौजूद राहगीरो ने तत्काल एंबुलेंस और पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी दिबियापुर भेज दिया है। तथा टेंपों को पुलिस ने थाने में खड़ा करा दिया है।

मुख्यमंत्री की जनसभा को लेकर बैठक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। इटावा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत औरैया विधानसभा स्थित जनता महाविघालय अजीतमल के ग्राउंड में आगामी 27 अप्रैल को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की होने वाली जनसभा की तैयारी बैठक को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि सौभाग्य है कि हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी हैं और प्रदेश में योगी जी है।

उन्होंने 27 अप्रैल को जनता महाविघालय अजीतमल के मैदान में होने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभास्थल का निरीक्षण कर तैयारी बैठक ली। जहां उन्होंने एक लक्ष्य निर्धारित कर सभी पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष को अपने अपने मंडलो में प्रचार प्रसार कर जो लक्ष्य लोगो को लाने का दिया है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी आनंद सिंह, सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया,जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, लोकसभा संयोजक एवं अजीतमल ब्लाक प्रमुख रजनीश पांडेय,विधानसभा प्रभारी डा शिववीर सिंह भदौरिया,पूर्व जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा संयोजक श्री राम मिश्रा आदि पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ नगर में आम-जनमानस से संपर्क कर मुख्यमंत्री की सभा के लिए पीले चावल भेंटकर आमंत्रित किया। क्षेत्रीय सह-मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, जिला महामंत्री कौशल राजपूत, जिला महामंत्री कुलदीप दुबे आदि मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

मोदी-योगी राज में महिलाओं को मिला न्याय

अजीतमल। मोदी और योगी राज में महिलाओं को न्याय और सम्मान मिला है। यह बात मंगलवार को कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक में कही। अजीतमल स्थित जनता महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में महिलाओं को जो सम्मान मिला है वो अन्य किसी सरकार में नही मिला। जिला महामंत्री कौशल राजपूत, जिला महामंत्री कुलदीप दुबे, दिबियापुर विधानसभा संयोजक सरनाम शाक्य, मंडल प्रभारी आशाराम राजपूत, मंडल प्रभारी सुधांशु उर्फ ऋषि पांडेय, मंडल अध्यक्ष अजीतमल शिवेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रेम गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष यशवीर सिकरवार आदि मौजूद रहे।

पिता के हत्यारे को 10 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ग्रीश कुमार वैश्य ने थाना बिधूना क्षेत्र के नौगवा में पिता की गैर इरादतन हत्या करने के दोषी पुत्र बृजेश कुमार उर्फ पिंटू को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडिया किया गया है। उस पर तीस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। मामले की पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा ने बताया ग्राम नौगवा निवासी वादिनी सूरज देवी पत्नी महावीर सिंह ने 28 नवंबर 2021 को थाना बिधूना में पति की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

वादिनी ने लिखा कि उसके तीन पुत्र ब्रजेश कुमार उर्फ पिंटू, आनंद कुमार व अजय कुमार हैं। सभी पुत्र बंटवारा कर अलग-अलग रह रहे है। इनमें से बड़ा पुत्र पिंटू उर्फ ब्रजेश कुमार शराब पीने का आदी है। उसके पिता महावीर सिंह उर्फ दुर्जन लाल शराब पीने को विरोध करते थे। इस बात से कुपित होकर 27 नवंबर 2021 की शाम करीब पांच बजे ब्रजेश अपने साथ में टकोरा (कुल्हाड़ी) लेकर आया और कई वार कर बुरी तरह लहुलुहान कर दिया।

वादिनी के अनुसार पति महावीर सिंह को पहले सरकारी अस्पताल बिधूना व बाद में सैफई के लिए रेफर कर दिया। जहां पर पति की मृत्यु हो गई। पुलिस ने पिता की हत्या के लिए पुत्र के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने विवेचना कर चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। मामला जिला एवं सत्र न्यायालय में चला। अभियोजन की ओर से डीजीसी सी अभिषेक मिश्रा ने इस घटना पर कठोर दंड देने की बहस की। वहीं बचाव पक्ष की ओर से न्याय मित्र ने दोषी पर रहम करने को बहस की। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद जनपद न्यायाधीश ग्रीश वैश्य ने मामला गैर इरादतन हत्या का मामला है और दोषी पुत्र ब्रजेश कुमार उर्फ पिंटू निवासी नौगवां 10 वर्ष की कठोर कारावास व 30 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। कोर्ट ने जमा की जाने वाली अर्थदंड की धनराशि में से वादिनी सूरज देवी को बतौर प्रतिकर अदा करने का भी आदेश दिया।

दोषी ब्रजेश।

- जिला एवं सत्र न्यायाधीश ग्रीश कुमार वैश्य ने सुनाया फैसला

मंदिर में स्थापित शिवलिंग व अन्य मूर्तियां। अमृत विचार

नागेश्वर नाग महाराज विराजे, भंडारा आज

ककोर, औरैया। दिबियापुर नगर के विकास कुंज में नाग नागेश्वर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा है। सोमवार को बाबा महाराज का अनुष्ठान पूरा हुआ। मंगलवार को अखंड रामायण पाठ का आयोजन शुरू हुआ।इसके बुधवार को महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। एक सप्ताह से रोजाना देवी-देवताओं की स्थापना में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, कन्हैया, बप्पा मोरया, पार्वती शिवलिंग और नंदी बाबा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरा हो चुका है। मंदिर में भव्य तरीके से पूजा-अर्चना का कार्य विधिवत शुरू कर दिया गया है। विकास कुंज के लोग श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना कर रहे हैं। बुधवार को दोपहर दो बजे से भंडारे लगेगा। आयोजक आशुतोष दुबे ने भक्तों से प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

स्लोगन के माध्यम से किया जागरूक

औरैया। डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देशन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत सर्वोदय इंटर कॉलेज शाफर, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज सहार, श्री नारायण असजना, श्री गुलजारी लाल बालिका इंटर कॉलेज फफूंद, जिला पंचायत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरैन, किसान इंटर कॉलेज भाग्यनगर, इन्दिरा

गांधी विद्यालय दिबियापुर, श्री सच्चिदानंद जन सहयोगी इंटर कॉलेज लहरापुर, जनता इंटर कॉलेज असैनी, आदि में आम जन में मतदाता जागरूकता हेतु स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसके जरिए लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया।

सार-संक्षेप

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी। अमृत विचार

छात्रों को बताया गया पृथ्वी दिवस का महत्व

औरैया। जाइंट्स ग्रुप ऑफ़ राइजिंग क्वींस दिबियापुर ने पृथ्वी दिवस ज्ञान कुंज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नियर ब्रम्हदेव मंदिर जमौली में मनाया। छात्रों ने अपने हाथो से बनाये गये पुष्पगुच्छ देकर सभी राइजिंग क्वींस की सदस्यों का स्वागत किया। जाइंट्स ग्रुप ऑफ़ राइजिंग क्वींस की पदाधिकारियों ने छात्रों को पृथ्वी दिवस की महत्ता कि बारे में बताया। इस अवसर पर ग्रुप के पदाधिकारियों ने बच्चों के लिये अर्थ डे पर कला प्रतियोगिता का आयोजन कराया व उनको ग्लोबल वार्मिंग के बारे में बताया एवं जल संरक्षण का महत्व समझाया। प्रतियोगिता को तीन श्रेणी में पूर्ण किया गया जिसमे प्रथम श्रेणी प्ले ग्रुप से लेकर नर्सरी तक के छात्रों को मध्य खेल खिलाए गए जिसमे तीन विजेता चुनकर पुरस्कृत किए गए ।द्वितीय श्रेणी में कक्षा 1-5 तक के छात्रों ने कला प्रतियोगिता में भाग लिया,उनमें से 4 प्रतिभागियों को चुनकर पुरस्कार दिये गये। तृतीय श्रेणी में 5-10 कक्षा के छात्रों द्वारा पृथ्वी दिवस / जल संरक्षण के मॉडल प्रस्तुत किए गए तथा उनमें से भी छात्र चुने गये और उनको पुरस्कृत किया। राइजिंग क्वीन की अध्यक्ष सपना गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट नीता जैन, जॉइंट डीओए नंदनी सेंगर, गीतिका त्रिपाठी, संजू जैन, रजनी पोरवल आदि पदाधिकारी मौजूद रहीं।

चोरी में वांछित तीन आरोपी गिरफ्तार

बिधूना, औरैया। उपनिरीक्षक विनोद कुमार टीम के साथ गश्त पर निकले थे। तभी सूचना मिली कि बेला रोड नदी के पुल के पास एक कार में बैठे तीन व्यक्ति चोरी की योजना बना रहे हैं। जिनके पास अवैध असलाह भी हैं। पुलिस ने पहुंचकर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अपने नाम अजय कुमार उर्फ बबलू, विमल, सागर शाक्य बताए। तीनो की तलाशी में दो देशी तमंचा 12 बोर व चार जिंदा कारतूस, एक एंड्रॉयड मोबाइल, एक हार पीली धातु, 2000 रुपये तथा एक कार बरामद हुई। कोतवाली पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। सभी आरोपी फूलपुर राजपुर जनपद कन्नौज के निवासी बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ बेला थाने में चोरी सहित अन्य मुकदमें दर्ज हैं।

पीड़ित को चेक देते शाखा प्रबंधक। अमृत विचार

पीड़ित को दिया दो लाख रुपये का चेक

बिधूना, औरैया। विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सवहद के ग्राम सवहद में स्थित बडौदा यूपी बैंक शाखा से सतीश चन्द्र पुत्र गौरीशंकर की मृत्यु पर बैंक शाखा प्रबंधक ने मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का दो लाख रुपये का चेक उसके पुत्र को दिया । चेक पाकर मृतक के परिजनों के आंखों से आंसू छलक पड़े। इस अवसर पर सतीश चंद्र के पुत्र सुमित एवं परिजनों ने कहा कि बैंक शाखा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत दी गई दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता से उनके परिवार को इस संकट की घड़ी में काफी मदद मिलेगी। बैंक शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार मीणा ने बताया कि पीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति वीमा योजना के तहत दो लाख रुपये की धनराशि प्रदान को गई है। उन्होंने परिवार के लोगों से धनराशि का सदुपयोग किये जाने का अनुरोध किया है।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

अछल्दा, औरैया। रविन्द्र कुमार पुत्र श्रीकृष्ण निवासी गनेश का अड्डा अपने साले अंकित एवं पत्नी अंजलि के साथ ससुराल देवरपुर सरैया जा रहे थे। रास्ते मे गांव अमेला के पास बंबा के नजदीक एक सामने से आ रही अल्टो कार ने टक्कर मार दी। जिससे तीनो लोग बाइक से सड़क पर गिर गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर गौरव ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल अंकित को रेफर कर दिया।

युवक को पीटकर किया घायल

अयाना। थाना क्षेत्र के सेंगनपुर निवासी हनीफ खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम को वह अपने घर के बाहर बैठा था। तभी वहां आये पड़ोसी असरफ उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

प्राचीन हनुमान मंदिर में सजी मूर्ति।

जिले में हनुमान जन्मोत्सव की रही धूम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिले भर में हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान हनुमान मंदिरों में सुबह से ही हवन, पूजन के साथ विशाल भंडारे के आयोजन किए गए। वहीं शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

शहर स्थित श्री संकट मोचन मंदिर पर सुबह से ही हवन-पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां डालीं। इसके अलावा शहर के महावीर गंज स्थित महावीर हनुमान मंदिर पर भी हवन पूजन और रामायण पाठ किया गया। संजय गेट के पास स्थित हनुमान मंदिर, नरायनपुर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना की गई।

जरूरौलिया गांव स्थित हनुमान मंदिर, कछपुरा स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, पढ़ीन स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। शहर में जगह-जगह विशाल भंडारे भी आयोजित हुए। जहां श्रद्धालुओं ने जमकर प्रसाद छका। इसके साथ ही जिले के बिधूना, रूरूगंज, फफूंद, अछल्दा स्थित हनुमान मंदिरों में हवन पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। जहां हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं घरों में भी श्रद्धालुओं ने हनुमान जयंती पर हवन-पूजन कर मनौती मानी।

लड्डू का भोग लगाकर मांगी गईं मन्नतें

औरैया। हनुमान जन्मोत्सव पर दिबियापुर के प्रमुख हनुमान मंदिरों पर आस्थावानों की भीड़ उमड़ी। श्रीराम भक्त हनुमानजी को पुए और लड्डू का भोग लगाकर मन्नत मांगी। सेहुद स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मत्था टेका। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर दिबियापुर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही आस्थावानों की भीड़ उमडनी शुरू हो गई। दिबियापुर में बड़ी सब्जी मंडी स्थित श्रीबाला जी मंदिर, पेट्रोल पंप तिराहे पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, सेहुद स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में आस्थावानों ने प्रसाद चढ़ाकर बांटा और मंदिर में मत्थ टेका। यहां 17 से शुरू हुई कथा 23 अप्रैल के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। यहां प्राचीन हनुमान मंदिर के महंत बालयोगी बाबा रामप्रियदास ने पूजा अर्चना की।

कथा में मां पार्वती जन्म का प्रसंग सुनाया गया

संवाददाता फफूंद,औरैया

अमृत विचार। नगर के मोहल्ला तिवारियान में स्थित यज्ञेश्वर शिव धाम(दयालु अवस्थी मंदिर) में चल रही श्री शिव महापुराण कथा एवं षष्टम विशाल शिव शक्ति महायज्ञ के पांचवे दिन मंगलवार को चित्रकूट धाम से आए दंडी स्वामी श्री महेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज ने पार्वती जन्म का वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि ब्रह्मा जी ने नारद जी से कहा कि मेरे पुत्र सनकादी ने पित्रों की तीन कन्याओं में मेना को आशीर्वाद दिया कि वह विष्णु के अंशभूत हिमालय गिरि की पत्नी होंगी। उससे जो कन्या होगी वह पार्वती के नाम से विख्यात होगी। कहा कि रामचरितमानस में भी आया है कि सती जी ने मरते समय भगवान हरि से यह वर मांगा था कि मेरा हर जन्म में शिवजी के चरणों में अनुराग रहे। इस कारण हिमाचल के घर जाकर पार्वती के रूप में प्रकट हुई।

नारद जी ने हिमाचल की पुत्री का हाथ देखकर बताया कि शिवजी छोड़कर इनका दूसरा वर नहीं हो सकता है। यदि आपकी कन्या तप करे तब प्रभु शिव को वर के रूप में प्राप्त कर सकती हैं। इस दौरान पार्वती ने महान तप किया। इससे उनका नाम उमा पड़ गया। पार्वती की तपस्या से शंकर जी भी खुश हुए और उन्होंने सप्तर्षि को पार्वती की परीक्षा लेने भेजा।

ऋषियों ने पार्वती जी से कहा कि नारद जी के कहने में मत आओ और हट छोड़ दो। बताया कि ब्रह्मा जी की आज्ञा पाकर पंडितों द्वारा अग्नि की स्थापना करके वहां ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा श्याम वेद के द्वारा अग्नि में आहुतियां दी गई। शिव पार्वती विवाह में भक्तगण आनंद में झूमकर विवाह गीत गाने लगे। कथा के अंत में आरती करके प्रसाद वितरण किया गया।

श्री महेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज।

सूरत-ए-हाल धूल फांक रही करोड़ों रुपये से बनी बिल्डिंग, एआरएम कुछ भी बोलने को तैयार नहीं

बस स्टैंड पर नहीं मिलतीं बसें, यात्री मायूस

संवाददाता ककोर, औरैया

अमृत विचार। जिले के औद्योगिक नगर दिबियापुर में आनन फानन में बस स्टैंड का उद्घाटन कर दिया गया। विभिन्न रूटों पर बस संचालन की घोषणा भी कर दी गई। इन सभी का रूट प्लान भी निर्धारित कर दिया गया था लेकिन अब सभी रूट की बसों का टोटा दिखाई दिया। नगर के बस स्टैंड पर लगभग बसों का संचालन बंद हो गया है। जिससे आम जनमानस को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

इस समय बस संचालन की परवाह अधिकारियों को नही है। नगर वासियों का कहना हैं कि बस संचालन सही रूप में नही करना था। तो जल्दबाजी में बस स्टैंड उद्घाटन क्यों कर दिया। अब करोड़ों की बनी हुई बिल्डिंग धूल खा रही है। अधिकारी कर्मचारी कोई भी नजर नहीं आता है।अभी तक बस स्टैंड की सड़क मार्ग का निर्माण नही हो सका है। पीडब्ल्यूडी और सिंचाई विभाग के बीच जाने की 300 मीटर सड़क फंसी हुई है। जिसका कोई समाधान नहीं निकल रहा है। न ही अभी तक सड़क का निर्माण कराया गया है। जबकि सड़क उद्घाटन को समय हो गया हैं । वहां से निकलने वाली गंदे नाले का पानी सड़क के ऊपर से बहता रहता है। विभाग जानबूझकर अनजान बना हुआ है।

बस स्टैंड पर हाईमास्क लाइट भी लगाई गई वह कभी कभी जल जाती है।बाकी के काम वही के वही काम रुके है। स्टैंड के मैदान पर लड़के दिन भर क्रिकेट खेलते रहते हैं। जल निकासी का समुचित प्रबंध भी नही है। सड़क पर पानी बहने से फर्श खराब हो रहा है। बस स्टैंड की व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं है।

बस स्टैंड पर व्यवस्थाएं दुरुस्त न होने से दिबियापुर में आमजन को भारी मुसीबत का सामना करना पड रहा है।पूरे नगर में भारी भीड़ से नहर पुल पर जाम की स्तिथि रोजाना बनी रहती है। इस मामले में अधिकारी एआरएम अपर्णा मीनाक्षी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

बस स्टैंड पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

समस्याओं का निस्तारण न होने तक जारी रहेगा बहिष्कार

बिधूना, औरैया। तहसील में व्याप्त समस्यायों को लेकर तहसील बार एसोसिएशन द्वारा बीते दिनों आम सभा की बैठक में तहसीलदार एवं न्यायिक तहसीलदार के न्यायालयों के न्यायिक कार्यों का बहिष्कार मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक कुमार सिंह, महामंत्री शमीम अख्तर ने कहा की बीते दिनों तहसीलदार को एक सप्ताह में समस्याओं का निराकरण कराए जाने का समय दिया गया था, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाबजूद भी अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। जिससे अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि जब तक तहसील में व्याप्त समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता।

राम वनवास की कथा सुन श्रद्धालु भावुक

संवाददाता ककोर (औरैया)

अमृत विचार। हनुमान धाम मंदिर सेहुद धाम में चल रही सुनिए कथा रघुनाथ में मंगलवार को आचार्य पुनीत ने राम वनवास की कथा सुनाई। मंथरा दासी के कान भरने के बाद रानी कैकई ने अपने दोनो वरदान राजा दशरथ से मांग लिए। पहला राम को 14 वर्ष का वनवास, अपने बेटे को अयोध्या का राजतिलक मांगा। यह सुनते ही राजा दशरथ अचेत हो गये और पुत्र वियोग में उन्होंने प्राण त्याग दिए।

श्रीराम, लक्ष्मण और सीता के साथ वन को चले गए। जहां राम जी अपनी पत्नी सहित चित्रकूट धाम में निवास करने लगे। कुछ दिन बाद श्रीराम ने आगे को प्रस्थान किया जहां दंडक वन में उनका राक्षसों से सामना हुआ। इसके बाद श्रीराम ने दूसरा राक्षस खर दूषण का संहार किया। फिर लक्ष्मण जी ने शूर्पनखा के नाक कान काट लिए। वह रोते बिलखते हुए रावण के दरबार में पहुंची। जहां रावण ने सीता को मामा मारीच के साथ मिलकर सीता का हरण किया छलपूर्वक लंका ले गया। जहां राम लक्ष्मण के साथ रोते-रोते आगे पहुंचे। तो उनका सुग्रीव से मिलन हुआ। जहां उन्होंने सुग्रीव से मित्रता कर ली। माता सीता का पता लगाने के हनुमान को मुद्रिका दी। हनुमान जी समुद्र की बाधाओं को पार करते हुए लंका पहुंचे। उसके बाद हनुमान जी ने रावण के दरबार में जाकर अपना परिचय दिया लंका पति ने आदेश दिया कि वानर की पूंछ में आग लगा दो। आग लगते ही हनुमान जी ने पूरी लंका में आग लगा दी। समुद्र में अपनी पूंछ की आग बुझाकर श्रीराम के पास आ गए और सीता माता की पूरी कहानी सुना दी। तब सुग्रीव सेना सहित समुद्र के किनारे पहुंचकर बाबा भोलेनाथ की स्थापना की और लंका पर चढ़ाई की।

कथा सुनते परीक्षित व श्रोता। अमृत विचार

हाथरस सुरक्षित सीट है, लेकिन भाजपा के इस गढ़ में सपा और बसपा कभी चुनाव नहीं जीत पाई हैं। दोनों दल पहली जीत के लिए तरस रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि सपा जो यहां पिछले कुछ चुनावों से भाजपा का मुकाबला कर रही है, क्या इस बार नए, अनजान और बाहरी प्रत्याशी की बदौलत भाजपा को पूरे दमखम से चुनौती दे पाएगी। यह सवाल इसलिए है कि क्योंकि इस बार उसके वरिष्ठ नेता रामजी लाल सुमन मैदान में नहीं हैं। भाजपा ने दो बार से जीत रहे अपने मौजूदा सांसद का टिकट काटकर राजस्व राज्यमंत्री को मैदान में उतारा है। बसपा ने भी इस सीट पर नया प्रत्याशी दिया है। ऐसे में मुकाबला रोचक भी हो सकता है।

हाथरस के भगवा गढ़ में सपा-बसपा बेबस!

मनोज त्रिपाठी

हाथरस में 1962 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए थे, जिसमें कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1967 और 1971 के चुनाव में भी कांग्रेस जीतती रही। लेकिन जनता पार्टी की लहर में 1977 में भारतीय लोक दल के प्रत्याशी ने जीत हासिल की। 1980 में भी जनता पार्टी ने इस सीट पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन 1984 में कांग्रेस ने फिर वापसी की। 1989 में जनता दल क जीत मिली। 1991 के बाद से ही ये सीट भारतीय जनता पार्टी का गढ़ बन गई। 1991, 1996, 1998, 1999 और 200 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने लगातार अपनी जीत का परचम फहराया। 1996 से 2004 तक भाजपा के के कृष्ण लाल दिलेर यहां के सांसद रहे। 2009 में इस सीट से राष्ट्रीय लोकदल का उम्मीदवार जीता। हालांकि तब रालोद-भाजपा का गठबंधन था।

2009 में रालोद की उम्मीदवार सारिका सिंह ने 2,47,927 वोट पाकर जीत हासिल की थी। दूसरे स्थान पर बसपा के राजेंद्र कुमार रहे थे, जिन्हें 2,11,075 वोट मिले थे। सारिका सिंह ने 36 हजार से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। लेकिन इसके बाद पिछले दो चुनावों से यहां पर भारतीय जनता पार्टी का वर्चस्व है। पूर्व सांसद कृष्ण लाल दिलेर के बेटे राजवीर सिंह दिलेर ने भाजपा के टिकट पर 2014 और 2019 में यहां कमल खिलाया। दोनों चुनाव में राजवीर सिंह दिलेर का समाजवादी पार्टी के रामजी लाल सुमन से मुकाबला हुआ और भाजपा ने यह सीट जीत ली। हाल ही में समाजवादी पार्टी ने रामजीलाल सुमन को राज्यसभा में भेज दिया है।

- सपा और बसपा दोनों आज तक इस सुरक्षित सीट पर कभी चुनाव नहीं जीत सकीं और पहली जीत दर्ज करने के लिए तरस रही हैं
- भाजपा से मौजूदा सांसद की जगह अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट से विधायक और राजस्व राज्यमंत्री अनूप वाल्मीकि मैदान में

हींग, मुरब्बा और हैंडलूम उद्योग है शहर की पहचान

- हाथरस का नाम आते ही हींग की सुगंध के साथ याद आते हैं हास्य-व्यंग के कवि काका हाथरसी। चुनावों को लेकर काका हाथरसी की एक कविता हाथरस की हालत पर बिल्कुल सही नजर आती है। काका ने कहा था, ।। अगर चुनावी वादे पूरे करे सरकार, इंतजार के सब मजे हो जाएं बेकार ।। हाथरस को उद्योग नगरी के साथ हींग की नगरी भी कहा जाता है। हींग के अलावा यहां रंग, अचार, मुरब्बा, हैंडलूम का घर-घर काम होता है। शुद्ध देशी घी और मिठाइयां भी इस शहर की पहचान हैं। हींग को इस जिले में उत्तर प्रदेश सरकार की एक जिला उत्पाद योजना में भी शामिल किया गया है। हाथरस लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। हाथरस जिले का गठन 3 मई 1997 को अलीगढ़, मथुरा और आगरा जिले के कुछ हिस्सों को मिलाकर किया गया था। मायावती सरकार में इस जिले का नाम गौतम बुद्ध की माता के नाम पर महामाया नगर रखा गया था। लेकिन साल 2012 में सपा की सरकार आने पर जिले का नाम फिर से हाथरस कर दिया गया था।

समस्याएं और मुद्दे

- जिले में हींग की 60 से अधिक फैक्ट्रियां हैं, लेकिन हींग की टेस्टिंग लैब नहीं है। टेस्टिंग के लिए व्यापारियों को सैंपल आगरा और दिल्ली भेजना पड़ता है।
- ट्रांसपोर्ट नगर बनाने के मुद्दे का समाधान नहीं होने से ट्रांसपोर्टर अपने लोडर, मेटाडोर, ट्रक आदि सड़क किनारे खड़े करने को मजबूर हैं।
- यातायात जाम की समस्या से मुख्य बाजार में रोज लोगों को जूझना पड़ता है। पार्किंग नहीं होने और अतिक्रमण के कारण जाम लगता है।
- तमाम मोहल्लों में पानी, गंदगी और जलभराव से लोग परेशान हैं, दो माह पहले महिलाओं ने पानी की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन किया था।

जातीय गणित (अनुमानित)

जाटव	2.75 लाख
जाट	2.0 लाख
क्षत्रिय	2.0 लाख
धनगर	01 लाख,
मुस्लिम	1.5 लाख
ब्राह्मण	1.60 लाख
यादव	01 लाख
कोरी, धोबी, वाल्मीकि, कुशवाहा, अहेरिया	3.0 लाख

इस बार भाजपा, सपा और बसपा तीनों के नए प्रत्याशी

- हाथरस सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र वास्तव में मुस्लिम-जाट वोटर बाहुल्य क्षेत्र है। इस बार के चुनाव में यहां नए प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। समाजवादी पार्टी से जसवीर वाल्मीकि चुनाव लड़ रहे हैं। वह सहारनपुर के रहने वाले हैं। जसवीर वाल्मीकि को सपा ने 2017 के विधान सभा चुनाव में सहारनपुर की सुरक्षित सीट रामपुर मनिहारान से प्रत्याशी बनाया था। लेकिन कांग्रेस के साथ गठबंधन में यह कांग्रेस के खाते में जाने से वह चुनाव नहीं लड़ पाए थे। मूलरुप से मुजफ्फरनगर के कस्बा पुरकाजी के रहने वाले जसवीर वाल्मीकि काफी समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं। भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के स्थान पर अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट से विधायक और प्रदेश के राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि को प्रत्याशी बनाया है। बसपा से हेमबाबू धनगर चुनाव मैदान में हैं। वह पेशे से साफ्टवेयर इंजीनियर हैं। तीनों दलों के उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और देर रात तक प्रचार कर रहे हैं।

जाटव-जाट और क्षत्रिय-ब्राह्मण हार-जीत का समीकरण तय करने में रहते आगे

- हाथरस लोकसभा सीट के मतदादाताओं की संख्या 18 लाख 64 हजार 320 है। इनमें 8,54,512 पुरुष मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 10,09,746 तथा थर्ड जेंडर के मतदाता 62 हैं। जातीय समीकरण के लिहाज से यहां जाटव समाज के मतदाता सबसे ज्यादा हैं। जाटव मतदाता दो लाख 75 हजार, धनगर बिरादरी के मतदाता करीब एक लाख, 85 हजार कोरी, 80 हजार धोबी, 40 हजार वाल्मीकि, एक लाख के आसपास यादव, 60 हजार कुशवाहा और 30 हजार अहेरिया बिरादरी के मतदाता होने का अनुमान लगाया जाता है। लेकिन डेढ़ लाख मुस्लिम और दो लाख के करीब जाट मतदाता हर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हालांकि लोकसभा क्षेत्र में दो लाख क्षत्रिय और एक लाख 60 हजार ब्राह्मण तथा सवा लाख वैश्य बिरादरी के मतदाता भी हैं। इन्हें भाजपा का परंपरागता वोटर माना जाता है।

विधानसभा की चार सीटों पर भाजपा काबिज, एक सीट रालोद के पास

हाथरस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 5 विधानसभा सीटें छर्रा, इगलास, हाथरस, सादाबाद और सिकंदराराऊ आती हैं। इनमें से चार विधानसभा सीटों पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है, जबकि सादाबाद सीट रालोद के पास है।

2019 का परिणाम

दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
भाजपा	राजवीर दिलेर	6,84,299
सपा	रामजी लाल सुमन	4,24,091
कांग्रेस	त्रिलोकी राम	23,926

2014 का जनादेश

दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
भाजपा	राजवीर दिलेर	5,44,252
सपा	रामंजीलाल सुमन	1,80,889
बसपा	मनोज सोनी	2,17,887
रालोद	निरंजन धनगर	86,108

बसपा के कदम पर सपा और भाजपा की निगाह

नईमुर्रहमान, महोबा

हमीरपुर- महोबा सीट

- भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल हैट्रिक लगाने के लिए कर रहे हैं कड़ी मेहनत
- सपा से अजेंद्र सिंह राजपूत मैदान में हैं, बसपा ने चेहरा अभी घोषित नहीं किया

अमृत विचार। हमीरपुर-महोबा संसदीय सीट पर सपा और भाजपा ने उम्मीदवार तो उतार दिए पर बसपा ने अपने पत्ते अभी नहीं खोले हैं। जीत की हैट्रिक लगाने को आतुर भाजपा के सांसद एवं उम्मीदवार पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को जहां बसपा के चेहरे का बेसब्री से इंतजार है तो सपा की निगाह भी बसपा के कदम पर टिकी हुई है। देखना यह है कि बसपा इस सीट से किसे अपना महावत चुनती है।

भाजपा ने मोदी लहर में 2014 व 2019 में बुंदेलखंड की सभी सीटों पर जीत दर्ज किया था। इस बार भी पार्टी की कोशिश है कि पिछले इतिहास को दोहराया जाए। इसीलिए पार्टी लगातार बूथ स्तर पर काम कर रही है। अगर बात करें हमीरपुर- महोबा की तो इस संसदीय सीट पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। इससे भी पार्टी का पलड़ा इस चुनाव में भारी नजर आ रहा है लेकिन सपा ने इस चुनाव में बड़ा दांव चला है। पार्टी ने लोध जाति के अजेंद्र सिंह राजपूत को मैदान में उतार कर भाजपा की टेंशन बढ़ा दी है। यहां की चरखारी और राठ विधानसभा क्षेत्र में लोधों का वर्चस्व है। हालांकि राजपूत मतदाताओं की संख्या भी कम नहीं है। पहले यहां लोध जाति के ही ज्यादातर सांसद हुआ करते थे लेकिन तिंदवारी के जुड़ जाने के बाद स्थिति बदल गई। बसपा किसी ब्राह्मण चेहरे पर यहां दांव लगा सकती है। हालांकि वह कौन होगा अभी तय नहीं है।

सिर्फ एक बार लगी हैट्रिक

- 1952 से 1962 तक हुए तीन चुनावों कांग्रेस के मनुलाल द्विवेदी ही लगातार तीन बार जीते, जबकि कांग्रेस 1952 से 1971 तक लगातार पांच बार जीती थी। मनुलाल के बाद किसी भी उम्मीदवार ने यहां से जीत की हैट्रिक नहीं लगाई। भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को यह मौका मिल सकता है। सपा और बसपा ने जब 2019 में गठबंधन किया तो यह लगा था कि भाजपा इस सीट को गंवा देगी, लेकिन तमाम कोशिश के बाद भी बसपा के दिलीप कुमार सिंह यहां से जीत नहीं पाए थे। इस बार कांग्रेस और सपा का गठबंधन है। जल्द ही यहां राहुल गांधी का रोड शो, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव की जनसभा भी होनी है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां के मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मोड़ने के लिए जनसभा करेंगे।

2007 में विधानसभा चुनाव हार गए थे चंदेल

- 2007 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरे पुष्पेंद्र सिंह चंदेल बसपा प्रत्याशी राकेश गोस्वामी से हार गए थे। 2012 के विधानसभा चुनाव में पुष्पेंद्र सिंह को पार्टी ने टिकट नहीं दिया था। तब आशंका जताई गई थी कि वह भाजपा छोड़ देंगे पर उन्होंने ऐसा नहीं किया। परिणाम स्वरूप 2014 में उन्हें लोकसभा का टिकट टिकट मिला और वे जीते भी।

परिवारवाद : अगली पीढ़ी ने संभाली सियासत की कमान

- लोकसभा चुनाव में सपा अध्यक्ष अखिलेश की पत्नी से लेकर चचेरे भाई और भतीजे तक मैदान में

लखनऊ। भाजपा के 400 पार चुनावी अभियान की अगुवाई कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवारवाद पर प्रहार करके कांग्रेस, सपा, राजद, शिवसेना, एनसीपी, द्रुमुक और टीएमसी जैसे दलों को कठघरे में खड़ा किया था। विपक्ष के जवाब देने पर भाजपा ने 'मोदी का परिवार' से पलटवार करके इस मुद्दे पर बढ़त बना ली थी। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी इस बार के लोकसभा चुनाव में परिवारवाद का सबसे बड़ा उदाहरण बन गई है। इटावा के सैफई गांव से निकलकर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे मुलायम सिंह यादव के परिवार की अगली पीढ़ी राजनीति की कमान संभाल चुकी है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे स्व. मुलायम सिंह यादव के पुत्र अखिलेश यादव ने जहां समाजवादी पार्टी की कमान संभाल रखी है और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं, वहीं लोकसभा चुनाव में उनकी पत्नी से लेकर चचेरे भाई और भतीजे तक मैदान में हैं। अखिलेश यादव ने इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। लेकिन उनके परिवार के दो सदस्य राजनीतिक पारी शुरू कर रहे हैं। अखिलेशके चाचा शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव का राजनीतिक करियर बदायूं सीट से शुरू हो रहा है। पहले बदायूं लोकसभा क्षेत्र से धर्मेंद्र, फिर शिवपाल यादव और अंत में उनका नाम फाइनल हुआ था। शिवपाल जसवंतनगर सीट से विधायक हैं। उन्होंने बदायूं में खुद चुनाव नहीं लड़कर अपने पुत्र आदित्य को आगे बढ़ाया है। यहां आदित्य का मुकाबला बाजरा के दुर्विजय सिंह शाक्य से हो रहा है।

अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। मुलायम के निधन के बाद उपचुनाव में मैनपुरी सीट डिंपल यादव ने जीती थी। यहां उनका मुकाबला भाजपा के ठाकुर जयवीर सिंह से है। डिंपल यादव के सामने 28 साल से सपा का गढ़ बनी मैनपुरी सीट बचाने की चुनौती है।

मुलायम सिंह यादव के भतीजे धर्मेंद्र यादव एक बार फिर से आजमगढ़ लोकसभा सीट पर दांव आजमा रहे हैं। 2019 में यहां से अखिलेश यादव जीते थे। बाद में विधानसभा चुनाव जीतकर उन्होंने सीट छोड़ी तो उपचुनाव हुआ, जिसमें भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ सांसद बन गए। धर्मेंद्र यादव को हार मिली थी। वह उस हार का बदला लेने को आतुर हैं।

अखिलेश ने अपने चाचा प्रो. रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को फिरोजाबाद सीट से इतारा है। अक्षय के खिलाफ भाजपा से ठाकुर विश्वदीप सिंह मैदान में हैं।

कन्नौज सीट से अखिलेश ने भतीजे और लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव को मौका दिया है। तेज प्रताप का मुकाबला भाजपा सांसद सुब्रत पाठक से है।

उपलब्धि गिनाई

मेरठ में भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोड शो किया। उन्हें देख कार्यकर्ता अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाते रहे।

सपा को आरक्षण का विरोधी बताकर साधा दलित वोट बैंक

चुनाव डेस्क

मेरठ। बसपा अध्यक्ष और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने यहां आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि सपा नहीं चाहती है कि एससी- एसटी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले। मेरठ से पार्टी प्रत्याशी देवव्रत त्यागी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने दावा किया कि उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आयी तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाया जाएगा। उन्होंने भाजपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकारी नौकरियों में एससी-एसटी का आरक्षण वर्षों से पूरा नहीं हुआ। प्रदेश में जब सपा सरकार थी तब एससी-एसटी वर्ग के सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण बिल्कुल खत्म कर दिया था। बसपा प्रमुख ने मतदाताओं को सचेत करते हुए कहा कि क्या एससी-एसटी वर्ग के कर्मचारी ऐसी पार्टी को वोट देकर अपना वोट खराब करेंगे, जो आपके आरक्षण को खत्म करने में लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए राज्यसभा में बसपा संशोधन विधेयक लेकर आई तो सपा सांसदों ने इस बिल को फाड़ दिया था।

मेरठ में आयोजित कार्यक्रम में बसपा प्रमुख मायावती को मुकुट भेंट करते नेता।

सियासत

मोदी लहर में भाजपा ने इस सीट पर किया था कब्जा, इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में पार्टी

मछली शहर में भाजपा की मजबूत किलेबंदी तोड़ने की चुनौती

विनय जायसवाल, मऊ

मछली शहर संसदीय सीट पर इस बार भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाने को मजबूत किलेबंदी की है। वर्तमान सांसद बीपी सरोज पर पार्टी ने फिर विश्वास जताया है। लगातार दो चुनावों से दूसरे नंबर पर रह रही बसपा इस बार हर हाल में जीत दर्ज करने की कोशिश कर रही है तो सपा- कांग्रेस गठबंधन ने भी चक्रव्यूह रच दिया है। पिछले चुनाव में मात्र 181 वोटों से बसपा यह सीट हार गई थी।

इस बार इस सीट पर मुकाबला काफी रोचक होने की उम्मीद है। सपा ने इस सीट पर कब्जा करने के लिए पूर्व सांसद एवं केराकत से विधायक तूफानी सरोज की बेटी प्रिया सरोज को चुनाव है तो बसपा ने पंजाब कैडर से रिटायर्ड आईएएस अफसर कृपा शंकर सरोज को। बेटी की जीत के लिए तूफानी सरोज लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। लोगों को यह बताने में जुटे हैं कि भाजपा पुनः सत्ता में आएगी तो संविधान बदल देगी और आरक्षण खत्म कर देगी। वे लगातार बसपा को भाजपा की बी टीम साबित करने में जुटे हुए हैं। बसपा उम्मीदवार भी सपा उम्मीदवार को कमजोर बता रहे हैं। यह मतदाताओं को समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि बसपा की जीत रोकने के लिए ही सपा ने यहां से कमजोर प्रत्याशी दिया है। सपा को जहां पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं पर भरोसा है तो बसपा के कृपा शंकर यह मानकर चल रहे हैं कि उनकी पार्टी की सर्वजन सुखाय की जो नीति है उसका लाभ उन्हें मिलेगा। परंपरागत वोटों के साथ ही अन्य जातियों के मतदाता भी उनका समर्थन करेंगे।

दलित और ओवीसी मतदाता निर्णायकः इस संसदीय सीट पर दलित और पिछड़ा वर्ग के मतदाता ही निर्णायक भूमिका में होते हैं। पिछड़ी जातियों में सर्वाधिक संख्या यादवों की है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सुभासपा ने भाजपा के साथ गठबंधन नहीं किया था। तब इसका नुकसान भाजपा को हुआ था। पार्टी यह सीट भले ही जीत गई थी लेकिन जीत का अंतर मामूली था। सुभासपा प्रत्याशी ने इस सीट पर 11 हजार से अधिक वोट पाकर सपा- बसपा गठबंधन का खेल बिगाड़ा था। अबकी सुभासपा ने भाजपा का साथ मजबूती के साथ पकड़ा है।

बीपी सरोज।

कृपाशंकर सरोज।

प्रिया सरोज।

181 वोटों से भाजपा को मिली थी जीत

- 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी मुश्किल से जीत मिली थी। पार्टी उम्मीदवार बीपी सरोज बसपा उम्मीदवार से मात्र 181 वोटों से ही जीत पाए थे। तब बसपा- सपा का गठबंधन था। इस बार सपा और कांग्रेस का गठबंधन है। केराकत और मछलीशहर विधानसभा सीट पर सपा के विधायक हैं तो सुभासपा, मड़ियाहू में अपना दल और पिंडरा से भाजपा का विधायक है। 2019 में पिंडरा में मिली बढ़त की वजह से ही भाजपा को 181 मतों से जीत मिली थी। भाजपा न सिर्फ जीत के अंतर को बड़ा करना चाहती है बल्कि यह भी बताना चाहती है कि कि उसके विरुद्ध होने वाला कोई भी गठजोड़ कामयाब नहीं होगा।

एक नजर

आपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : चुनाव आचार संहिता को देखते हुए आपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए हैं। 4304 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये, जबकि 20 लाख 24 हजार 188 लोगों को पाबंद किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पुलिस विभाग की ओर से 7545 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7582 कारतूस, 2900 .32 किलोग्राम विस्फोटक व 411 बम बरामद किए गए हैं। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1274 मामलों व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्रवाई की गई। इसके अलावा 92 एफआईआर दर्ज कराई गई।

बिहार के टाइगर गैंग का सदस्य नोएडा से गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : बिहार के टाइगर गैंग का सदस्य और विगत दो वर्षों से हत्या के प्रयास, अपहरण और डकैती जैसी वारदातों को अंजाम देकर फरार अपराधी सुशील राय मंगलवार को एसटीएफ ने नोएडा से गिरफ्तार किया है। बिहार पुलिस ने सुशील राय पर एक लाख का इनाम रखा था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नोएडा के नोली थाने में रखा गया है। पूछताछ में सुशील ने बताया कि वर्ष 2001 में गांव की जमीन की रंजिश को लेकर उसके भाई मुन्ना राय की हत्या सुबोध राय एवं रामाधार राय ने अपने परिजनों के साथ मिलकर की थी। बदला लेने के लिए उसने रामाधार राय को गोली मारकर घायल कर दिया था।

दादी से लेकर पोते तक लगाते रहे नारे, हटा नहीं पाए गरीबी

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में कहा, 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से उबरे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 1970 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया था लेकिन छह दशक से अधिक शासन करने के बावजूद वह कभी गरीबी हटा नहीं पाई। छह दशक से अधिक समय तक दादी से लेकर पोते तक इसी नारे से देश की जनता की आंखों में धूल झोंकने का कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सही मायने में अगर देखा जाए तो गरीबी हटाने और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ईमानदारी से, बिना भेदभाव हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। नरेंद्र मोदी के दस वर्ष के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से उबरकर खुशहाल जीवन जी रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की उपलब्धियों से विपक्ष बौखलाहट में है। इसी के चलते कांग्रेस, सपा और उसके सहयोगी दल चुनाव में सामाजिक वैमनस्यता फैलाने की विभाजनकारी राजनीति पर आमादा हैं। जनता इनके मंसूबे को जानती है। इन्हें डकैती डालने की छूट नहीं देगी।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में बच्चों से बातचीत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

बच्चों को दिया पढ़ने व आगे बढ़ने का आशीर्वाद

योगी आदित्यनाथ ने बजरंगबली की आराधना करने के साथ नागरिकों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दीं। मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में देखने को मिला। इसके बाद जब वह गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान सुबह मंदिर परिसर का भ्रमण करने निकले तो उन्हें कुछ बच्चे भी टहलते हुए मिल गए। ये बच्चे अपने परिजनों के साथ मंदिर आए थे। बच्चों को देखते ही उन्होंने मुस्कुराते हुए सभी को पास बुला लिया। एक-एक करके सबके माथे पर हाथ फेरकर उन्होंने आशीर्वाद दिया और नाम पूछा। जब ये बच्चे जाने लगे तो मुख्यमंत्री ने कहा- खूब पढ़ना और खूब आगे बढ़ना।

मतदान से 48 घंटे पहले बंद हो जाएंगी मदिरा की दुकानें

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन से 48 घंटे पहले मदिरा की दुकानें बंद हो जाएंगी। साथ ही मतगणना के दिन भी दुकानें बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने चार जून को शुष्क दिवस घोषित करने के आदेश दिए हैं। 18 मई की शाम को छह बजे से 20 मई को मतदान समाप्त होने तक मदिरा की दुकानें बंद रहेंगी। लखनऊ की सीमा के आठ किलोमीटर क्षेत्र में मदिरा की सभी दुकानें 11 मई से शाम 6:00 बजे से 13 मई को मतदान समाप्त होने तक बंद रहेंगी।

सपा के बागी विधायक के रिश्तेदार भाजपा में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने बीते दिनों क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों को पार्टी से बर्खास्त कर भले भाजपा के पाले में बेहिचक प्रवेश करने के लिए स्वतंत्र न किया हो लेकिन सत्तासीन दल ने ऐसे विधायकों के लिए बायपास बना दिया है। सपा के बागी विधायक अभय सिंह की पत्नी व पिता के सोमवार को भाजपा में शामिल होने के बाद मंगलवार को अमेठी में सपा को झटका देते हुए गौरीगंज से सपा के विधायक राकेश प्रताप सिंह के दो भाइयों और भाभी ने भी भाजपा का दामन थाम लिया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा विधायक के रिश्तेदारों, उनके समर्थकों समेत अमेठी क्षेत्र के कई नेताओं को भाजपा में शामिल कराया। सपा छोड़ भाजपा में जाने वाले सपा विधायक के भाई उमेश सिंह, भाभी रूमा सिंह (ब्लॉक प्रमुख गौरीगंज) समेत 11 नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली है।

▸▸ सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के दो भाइयों और भाभी समेत 11 नेताओं ने ली सदस्यता

अन्य लोगों में मुकेश सिंह उर्फ सुरेश प्रताप सिंह (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), दिनेश कुमार सिह उर्फ पप्पू सिंह (ब्लॉक प्रमुख मुसाफिरखाना), धर्मेश धोबी (जिला पंचायत सदस्य), राम सुफल पासी (जिला पंचायत सदस्य) और जगदेव मौर्य की पत्नी शिवकली (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमेठी) हैं।

इसके साथ ही अमरनाथ पासी की पत्नी राजपति देवी (नगर पालिका अध्यक्ष गौरीगंज), वंदना श्रीवास्तव पत्नी दिनेश कुमार श्रीवास्तव (पूर्व ब्लाक प्रमुख शाहगढ़), रहमतुलनिशा पत्नी हारून खान (बलॉक प्रमुख बजार शुकुल), श्याम किशोर उर्फ कल्लू डॉक्टर (पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाजार शुकुल) और पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम तिलक पाल ने भी सपा को झटका दिया है।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री संजय राय, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे और डा. अंकुश त्रिपाठी मौजूद रहे।

चौथी बार शिकायत करने पर पांच हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने बार-बार शिकायत करने पर एक शिकायतकर्ता पर 5,000 रुपये जुर्माना लगाया है।

एक प्रकरण में निर्णय हो जाने के बावजूद आवंटी ने चौथी बार रेरा में शिकायत दर्ज कराई थी। बार-बार शिकायत करके न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करने पर अध्यक्ष, यूपी रेरा संजय भूसरेड्डी ने आवंटी पर यह कार्रवाई की है।

▸▸ तीन शिकायतें पहले ही निस्तारित कर चुकी थी रेरा

उन्होंने बताया कि आवंटी ने रेरा में पहली शिकायत विलम्ब के लिए ब्याज सहित कब्जा दिलाने की दायर की थी। रेरा की पीठ द्वारा उसकी शिकायत पर यह निर्णय किया गया कि सम्बन्धित प्रोमोटर द्वारा रजिस्टर्ड सब-लीज डीड निष्पादित करते हुए उसको कब्जा प्रदान कर दिया जाए और कब्जे में विलम्ब के लिए ब्याज का भी भुगतान किया जाए।

प्रोमोटर ने इस आदेश के अनुपालन में आवंटी को विलम्ब के लिए ब्याज का भुगतान लगभग 2.68 लाख रुपये करते हुए सब लीज डीड निष्पादित कर दी गयी और इकाई का कब्जा दे दिया गया। आवंटी ने इसी मामले में रेरा के एडज्यूडिकेटिंग ऑफिसर के न्यायालय में मुआवजे के लिए शिकायत दायर की। जिसमें 50,000 रुपये मुआवजे का भुगतान करने का आदेश प्रदान किया। आवंटी ने रेरा में उसी मामले में फिर से कब्जे और विलम्ब के ब्याज के लिए शिकायत दायर कर दी। रेरा की संबंधित पीठ ने यह शिकायत इस आधार पर निरस्त कर दी कि आवंटी द्वारा इस मामले में दायर एक अन्य शिकायत में पूर्व में निर्णय दिया जा चुका है। आवंटी ने इस मामले में चौथी शिकायत दर्ज करके मुआवजे की मांग की।

पेपर लीक : दिल्ली पुलिस का कांस्टेबल गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक कराने वाले 16वें आरोपी को मेरठ एसटीएफ ने मंगलवार को पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली पुलिस में बतौर कांस्टेबल तैनात है। उसने दिल्ली पुलिस के प्रथम बटालियन, तृतीय बटालियन एवं सीएम बटालियन में भी सेवाएं दे रखी है।

एसटीएफ ने विक्रम पहल पुत्र कंवर सिंह निवासी बराह खुर्द, जींद हरियाणा को पेरिफेरल एक्सप्रेसवे स्थित खेकड़ा फ्लाईओवर के पास से सुबह नौ बजे गिरफ्तार किया है। उसके पास से उत्तर कुंजी भी बरामद हुई है। विक्रम ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह 2010 में दिल्ली पुलिस में बतौर कांस्टेबल भर्ती हुआ था। दिल्ली पुलिस में उसकी पोस्टिंग तृतीय बटालियन, प्रथम बटालियान, यातायात, सीएम बटालियन में भी रही है। उसने बताया कि 2021 में उसकी मुलाकात सोनीपत के रहने वाले नितिन से हुई थी जो पहले उसके साथ पढ़ा-लिखा है। नितिन प्रतियोगी परीक्षाओं में साल्वर व पेपर आउट कराने का कार्य करता था। नितिन ने ही उनकी मुलाकात रवि अत्री से कराई थी।

▸▸ दिल्ली पुलिस के प्रथम, तृतीय बटालियन के अलावा सीएम बटालियन में भी रह चुका तैनात

अब तक पकड़े जा चुके हैं 16 आरोपी

पेपर लीक प्रकरण में एसटीएफ मेरठ ने 05 मार्च 2024 को दीप उर्फ दीपक पुत्र दिनेश, बिटटू पुत्र दयाराम, प्रवीण पुत्र ओमपाल, रोहित उर्फ ललित पुत्र बिनोद कुमार, नवीन कुमार पुत्र सलेखचन्द, साहिल पुत्र अमरनाथ को गिरफ्तार किया। 12 मार्च 2024 को महेन्द्र पुत्र रामफल को, 14 मार्च 2024 को अभिषेक कुमार शुक्ला पुत्र ब्रम्हदेव शुक्ला, शिवम गिरि पुत्र राम अचल, रोहित कुमार पाण्डेय पुत्र विजयनाथ पांडेय, 21 मार्च 2024 को अभियुक्त सतीश धनकड, 03 अप्रैल 2024 को अभियुक्त राजीव नयन मिश्रा, 10 अप्रैल रवि अत्री पुत्र गोरख सिंह, 18 अप्रैल 2024 को अभियुक्त अजीत कुमार पुत्र राजदेव चौहान, अजय कुमार चौहान पुत्र त्रिवेणी को गिरफ्तार किया।

असम के अफसरों से साझा कीं उच्च शिक्षा क्षेत्र की उपलब्धियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभवन में आयोजित बैठक में शिक्षा अनुभाग की ओर से असम राजभवन के अफसरों के समक्ष प्रस्तुतीकरण हुआ, जिसमें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियां साझा की गईं।

राज्यपाल ने विद्यालय में सभी मूलभूत व्यवस्थाओं की सुनिश्चितता, बच्चों के ड्रॉप आउट दर को रोकने व प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा दिये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की डिग्रियों को डिजिलॉकर में अपलोड करवाया गया, जिससे ससमय सर्टिफिकेट और डिग्री विद्यार्थियों को उपलब्ध हुईं और एक पारदर्शी व्यवस्था स्थापित हुई।

▸▸ राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक, अफसरों के समक्ष हुआ प्रस्तुतीकरण

विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ पंकज एल जानी ने कहा कि विद्यालय स्तर से ही बच्चों में शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से रचनात्मकता और कल्पना शक्ति का विकास किया जाना चाहिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल अशोक देसाई, असम राज्य के राज्यपाल के सचिव एसएस मीनाक्षी सुंदरम, एडीसी गौरव मालिक, प्रियंकर प्रतिम देका, अमलन वैश्य आदि उपस्थित थे।

जमानत के फर्जी आदेश बनाने वाला गैंग पकड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आगरा एसटीएफ ने न्यायालय का फर्जी आदेश बनाकर मुजरिमों की जमानत कराने वाले गैंग के सात लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से फर्जी कागजातों को तैयार करने का पूरा जखीरा भी बरामद हुआ है। अब तक कितने गुनाहगारों को इस गैंग ने जमानत दिलाई है, इसकी जानकारी ली जा रही है।

▸▸ फर्जी कागजातों को तैयार करने का जखीरा बरामद

एसटीएफ के मुताबिक, जमानत के खेल की जानकारी मिलने के बाद टीम लगातार सक्रिय थी। पहले दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। इसके बाद इन्हीं से पूछताछ करते हुए बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह आगरा न्यायालय में चल रहे मुकदमों से सम्बन्धित अभियुक्तों (जो जेल में है) की जमानत का 30-40 हजार रुपये में फर्जी रूप से जमानतदार लगाकर जमानत दिलाने का ठेका लेते हैं। गारंटरों को भी पांच-पांच सौ रुपए दिए जाते हैं। इसके अलावा दो और जमानतें इसी महीने कराई थी। एसटीएफ ने मयंक गुप्ता, सुनील कुमार, मोहित गुप्ता, प्रहलाद कुमार, बन्टी उर्फ उमाशंकर, मेराज हुसैन, अश्वनी कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

वर्ग पहेली-49

बाएं से दाएं

3.1. पहचानना, ताड़ना 2. अनुमान करना, दूर से देखकर समझना।
6.1. शक्ति
7.1. नीचे की ओर झुकने की क्रिया 2. पैर पड़ना 3. गुण
9.1. सिनकने की क्रिया या भाव 2. नाक से निकलने वाला कफ़ या मैल।
10.1. झपटकर या तेज़ी से आगे बढ़ना, तेज़ी से जाना 2. पाने के लिए हाथ बढ़ाना 3. टूट पड़ना।

ऊपर से नीचे

1.1. किसी वस्तु से अंग लगाना या सटाना, स्पर्श करना 2. उंगली या हाथ लगाना 3. दौड़ या खेल की बाज़ी में जा पकड़ना 4. दान के लिए कोई वस्तु स्पर्श करना 5. बहुत हलकी चपत लगाना।
2. ओढ़ने का छोटा कपड़ा, ओढ़नी, दुपट्टा, चुनरी।
4. एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने का साधन, (ट्रांसपोर्ट)।
5.1. किसी चीज़ में हवा भरना, हवा फूंकने का काम 2. धौंकनी या भाथी से हवा करना, धौंकना 3. भाथी चलाने वाला व्यक्ति 4. धुँकाई, धौंक 5. फूंकने की नली, नरकट।
6. बांस की पतली लचीली फट्टी जिससे टोकरी या पंखे आदि बनाए जाते हैं।
8.1. पाखंडी व्यक्ति, कपटी, वंचक 2. घमंडी 3. प्रताड़ना।



वर्ग पहेली -48 का हल

■	■	■	■	■	1 चि	
2 गु	लं	3 च	■	4 फ़ि	ग	र
■	■	5 ला	6 म	■		प
7 सु	र	वा	ह	न	■	रि
ले	■	■	ता	■	■	चि
मा	■	■	■	8 सा	के	त
9 न	हू	स	त	■	■	■

सुडोकू-128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8				1	5			6
		2		3	7		5	
	1					3	2	
	9		8			5		
		6				4		
		7			2		1	
	3						8	
	2		1	6				
4	7							3

सुडोकू -127 का हल

6	3	7	9	4	2	5	8	1
8	5	4	7	6	1	9	3	2
1	2	9	5	8	3	4	6	7
9	6	3	4	7	8	2	1	5
5	8	1	3	2	9	7	4	6
7	4	2	1	5	6	8	9	3
2	9	6	8	1	7	3	5	4
4	1	8	2	3	5	6	7	9
3	7	5	6	9	4	1	2	8

तैयारी हीट स्ट्रोक और संचारी रोगों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

12 विभाग मिलकर करेंगे संचारी रोगों की रोकथाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य में हीट स्ट्रोक के साथ ही मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के किसी भी मामले से निपटने के लिए स्वास्थ्य इकाइयां पूरी तरह तैयार हैं। इसके लिए 12 विभिन्न विभाग मिलकर संक्रामक रोगों से निपटने के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सहयोग कर रहे हैं। शिक्षा विभाग हमारे सबसे अहम भागीदारों में से एक है। यह बात मंगलवार को प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कही।

प्रमुख सचिव, यूपी राजकीय सैनिक स्कूल में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को गर्मी से संबंधित और वेक्टर जनित बीमारियों से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें, के बारे में स्वयं जागरूक होना होगा और इसके प्रति पर्याप्त सावधानी बरतनी होगी।

संयुक्त निदेशक मलेरिया डॉ.विकास सिंघल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग संचारी रोगों की रोकथाम की जानकारी और गतिविधियों के लिए शैक्षणिक संस्थानों का उपयोग कर रहा है। यदि युवा वर्ग बचाव के तरीकों पर ध्यान देने लगेगा तो हम संचारी रोगों पर बेहतर तरह से काबू पा लेंगे।

केजीएमयू की डॉ.मोनिका अग्रवाल ने कहा कि हमारे युवाओं और उनके समुदायों को उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने से जरूरत है। सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने कहा कि बीमारी को लेकर हमारे बच्चों और उनके परिवारों को शिक्षित करना कमजोर आबादी में संक्रमण के प्रसार को कम करने में अहम कदम है। उन्होंने बताया कि बुखार हो तो खुद से इलाज नहीं करना है। डाक्टर को दिखाना है। विशेषज्ञों ने विभिन्न संचारी रोगों के लक्षण और बचाव के तरीके के बारे में बताया।

इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.ऋतु श्रीवास्तव, सीएचसी सरोजिनी नगर के डॉ.चन्दन, सीफार और पाथ के सदस्य, लाला रामस्वरूप इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज रहीम नगर पडियाना, गौतमबुद्ध इंटर कालेज, हीरालाल इंटर कालेज व जीएसएम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहें।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र हुए सम्मानित

संचारी रोग नियंत्रण अभियान से जुड़े पोस्टर व मनमोहक पेंटिंग छात्रों ने प्रदर्शित किए। स्कूल के पांच युवा चैंपियन कशिश, अंशिका, वर्षिका, आकांक्षा व प्राची, जिन्होंने बीते फरवरी में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का नेतृत्व किया था और स्कूल व स्वास्थ्य केंद्र में नुक्कड़ नाटक किए थे, को संयुक्त निदेशक मलेरिया डॉ.विकास सिंघल ने सम्मानित किया।

डीजीपी ने किया 'मेरी पुलिस यात्रा' पुस्तक का विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सुरेन्द्र सिंह लौर द्वारा लिखित मेरी पुलिस यात्रा पुस्तक का विमोचन किया।

अलीगढ़ के ग्राम गौरोला निवासी सुरेन्द्र सिंह लौर वर्ष 1966 में बतौर उपनिरीक्षक के पद पर अपनी सेवाओं की शुरुआत कर 39 वर्षों तक उप्र. पुलिस सेवा में रहते हुए वर्ष 2004 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस उपाधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। लौर द्वारा लिखित पुस्तक मेरी पुलिस यात्रा में अपने सेवाकाल के अनुभवों का उल्लेख किया गया है। लौर को राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं सहित कई पुलिस अफसर मौजूद रहे।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा पूर्णरात्रि तक।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-स्वाती 25 अप्रैल 12.41 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे। कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों के माध्यम से आपको आज लाभ हो सकता है।

वृष — आज समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। आज कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

मिथुन — आज प्रेम संबंधों में धन को लेकर विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई को लेकर परेशानी होगी। साहस के कारण समाज में यश प्राप्त करेंगे। विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह दूरी रखनी चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।

कर्क — आज घर में नकारात्मक वातावरण हो सकता है। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। हल्का और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए।

सिंह — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारू रूप से पूर्ण होंगे। मेहनत का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

कन्या — आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिये जा सकते हैं। कारोबार के लिये आपको समय निकालना पड़ेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा होगा।

तुला — आज आप सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। जीवनस्तर में वृद्धि होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद कम होंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं।

वृश्चिक — आज दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। अनावश्यक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है।

धनु — आज आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जा सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

मकर — आज व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होंगे। आप परोपकार में धन खर्च करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका काफी अच्छा प्रदर्शन होगा। जीवनसाथी से आपको प्रेरणा मिलेगी। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

कुंभ — आज आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। पिताजी के साथ चर्चा लाभकारी रहेगी। निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने से बचें।

मीन — आज आपको उदासीन यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें। अपनी भावनाओं को सबके समक्ष व्यक्त न करें। बदहज़मी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। अनावश्यक विचारों के कारण नकारात्मकता महसूस कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
प्रेम दिवाने — सुबह : 11.40
धमाल — रात : 07.11

&pictures
मेरा तेरा हीरो — सुबह : 11.09
गजनी — शाम : 04.18

SONY PIX
सचिन : ए बिलियन ड्रीम्स — सुबह : 09.26
इन द हार्ट ऑफ द सी — शाम : 06.33

ZEE CINEMA
दुल्हन — सुबह : 09.10
बदलापुर — रात : 09.20

colors CINEPLEX
राफू चक्कर — सुबह : 10.31
वन टू का फोर — रात : 08.49

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात :09.20 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया...
ऑपरेटर - आपको क्या समस्या है?
गर्लफ्रेंड - मेरे पैर की ऊंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है
ऑपरेटर - और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
गर्लफ्रेंड - नहीं, एंबुलेंस तो मेरे बॉयफ्रेंड के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।

वीरू- सुना है कि शादियां आसमान में ही तय हो जाती हैं, जय- बिल्कुल ठीक, लेकिन यह भी याद रखना कि तूफान और बिजली भी आसमान से ही कड़कती हैं...।

विशेष राज्य का दर्जा और वाईएसआरसीपी के मुख्यमंत्री का कामकाज बना आंध्र प्रदेश में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा

त्रिकोणीय रण में फंसे जगन मोहन

चुनाव डेस्क

दो जून 2014 को आंध्र प्रदेश का बंटवारा करके इसके कुछ हिस्से को निकालकर तेलंगाना नया राज्य बनाया गया था। अब अमरावती आंध्र प्रदेश की राजधानी और विशाखापत्तनम सबसे बड़ा शहर है। विभाजन के बाद आंध्र प्रदेश में लोकसभा की 25 सीटें हैं। विधानसभा सीटों की संख्या 175 है। यहां से राज्यसभा के लिए 11 सांसद चुने जाते हैं। 2019 की तरह ही आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ कराए जा रहे हैं। राज्य में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। साल 2019 के विधान सभा चुनाव में जगन मोहन रेड्डी की पार्टी युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के आगे सारे विरोधी ढेर हो गए थे। विधानसभा की 151 सीटों पर वाइएसआर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया था, तो लोकसभा चुनाव में भी पार्टी शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 सीटें जीतने में सफल रही थी। पिछली बार की तरह इस बार भी राज्य में वाइएसआर कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ रही है, जबकि उसका मुकाबला करने के लिए एनडीए के बैनर तले भाजपा के साथ तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी है।

2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय दलों का खाता तक नहीं खुला था, वहीं राज्य में मुख्य विपक्षी दल एन चंद्रबाबू नायडू की अगुवाई वाली तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) को भी बड़ा झटका लगा। पार्टी महज तीन सीटों पर सिमट गई। टीडीपी को 2014 के चुनाव में राज्य में 15 सीटों पर जीत मिली थी। लेकिन वाइएसआर कांग्रेस की लहर के आगे एक दर्जन सीटें उसके हाथ से जाती रहीं। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने भी किस्मत आजमाई थी लेकिन उसे कोई जीत नसीब नहीं हुई। फिल्म एक्टर पवन कल्याण की पार्टी जन सेना ने 18 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट उसके खाते में नहीं आई।

- आंध्र प्रदेश में 13 मई को होगा लोकसभा और विधान सभा के लिए एक साथ मतदान
- इस बार टीडीपी-भाजपा-जनसेना ने गठबंधन करके बढ़ाई चुनौती, तो इंडी गठबंधन में कांग्रेस भी अगुवा
- 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा का नहीं खुला था खाता, टीडीपी को लगा था बड़ा झटका

आंध्र प्रदेश लोकसभा



- वाईएसआरसीपी 49.1%
- टीडीपी 39.6%
- भाजपा 1.0 %
- कांग्रेस 1.3 %
- अन्य 9.0 %

2019 दलीय परिणाम

पार्टी	सीट	वोट
वाईएसआरसीपी	22	1,55,37,006
टीडीपी	03	1,25,15,345
भाजपा	00	3,03,985
कांग्रेस	00	4,06,977
अन्य	00	2,84,9221

1998
तेलगू देशम के लक्ष्मी पार्वती गुट से हाथ मिलाकर संयुक्त आंध्र प्रदेश में भाजपा ने चार सीटों के साथ 18 प्रतिशत वोट लेकर देश भर में सबको चौंका दिया था।

2014
में भारतीय जनता पार्टी ने तेलगू देशम पार्टी के साथमिलकर चुनाव लड़ा और दो सांसदों के साथ नौ विधायकों को जीत दिलाकर आधार बनाया



जगन की बहन का साथ पाकर कांग्रेस राज्य की सत्ता पाने को आतुर

युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) जहां अकेले चुनाव लड़ रही है। वहीं इंडिया गठबंधन भी लोकसभा और विधान सभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारा करके मैदान में उतरा है। कांग्रेस के साथ हुए समझौते के मुताबिक सीपीएम एक लोकसभा और आठ विधानसभा सीटों के लिए चुनाव लड़ेगी, जबकि सीपीआई 14 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अराकू (आरक्षित) सीट से सीपीएम ने चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। कांग्रेस राज्य में सवा सौ से अधिक विधान सभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी खड़े कर चुकी है और एक दर्जन से ज्यादा लोकसभा सीटों पर उसके प्रत्याशी मैदान में उतर चुके हैं। आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों कर्नाटक और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में मिली सफलता से यहां भी कांग्रेस का कैडर उत्साहित है। मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला इसी साल की शुरूआत में कांग्रेस में शामिल हो गई थीं। शर्मिला ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था। अब वह आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में चुनावी अभियान को गति देने में जुटी हैं। शर्मिला अपने अभियान में भाजपा के विश्वासघात और विशेष राज्य के दर्जे को नकारने का मुद्दा उठा रही हैं।


चंद्रबाबू नायडू।

शर्मिला रेड्डी।

आंध्र प्रदेश- 2014 लोकसभा का दलीय जनादेश

पार्टी	सीट	वोट	वोट %
टीडीपी	15	1,17,29,219	40 .5
वाईएसआरसीपी	08	1,31,31,029	45 .4
भाजपा	02	20,77,079	7 .2
अन्य	00	11,75,052	4 .1
कांग्रेस	00	8,22,614	2 .8

आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव -2019 परिणाम

पार्टी	सीट	वोट	वोट %
वाईएसआरसीपी	152	15688569	49 .95
टीडीपी	22	12304668	39 .17
अन्य	01	3340394	10 .88

टीडीपी व जन सेना के साथ समझौते के बाद भाजपा 6 लोस व 10 विस सीटों पर मैदान में

- इस बार जगन मोहन रेड्डी को टक्कर देने के लिए यहां छह साल बाद एक बार फिर भाजपा ने टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू के साथ हाथ मिलाया है। आंध्र प्रदेश के लिए भाजपा द्वारा विशेष श्रेणी का दर्जा मंजूर नहीं किए जाने पर नायडू वर्ष 2018 में एनडीए से बाहर चले गए थे और दोनों पार्टियों ने फिर कभी गठबंधन नहीं करने की कसम खाई थी। लेकिन सियासत में दोस्ती और दुश्मनी बदलती रहती है। गठबंधन के नए राजनीतिक समीकरणों के बाद अब भाजपा राज्य में 6 लोकसभा और 10 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। तेलगुदेशम पार्टी (टीडीपी) 17 लोकसभा और 144 विधानसभा सीटों तथा पवन कल्याण की जनसेना 2 लोकसभा और 21 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

- **टीडीपी-जनसेना-भाजपा गठबंधन को चिरंजीवी का समर्थन दे सकता ताकत:** 2019 के विधानसभा चुनाव में टीडीपी को राज्य में करारी हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी केवल 23 विधानसभा सीटें जीतने में सफल हो सकी थी। वाईएसआरसीपी ने 151 विधानसभा सीटें जीत ली थीं। जन सेना को एक विधानसभा क्षेत्र में सफलता मिली थी। इस बार विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए मेगास्टार चिरंजीवी ने टीडीपी-जनसेना-भाजपा गठबंधन को अपना समर्थन दिया है। यूपीए-2 में मंत्री रहे चिरंजीवी आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद राजनीति में निष्क्रिय हो गए थे। उनके भाई और लोकप्रिय स्टार पवन कल्याण और उनकी पार्टी जनसेना एनडीए गठबंधन का पहले ही हिस्सा है। चिरंजीवी कापू जाति से आते हैं जो आंध्र में पिछड़ी जाति है। इस जाति का करीब 15% वोट माना जाता है। अगर यह वोट एनडीए गठबंधन को मिलता है तो न सिर्फ विधानसभा चुनाव बल्कि लोकसभा चुनाव में भी कई सीटों पर उलटफेर हो सकता है।
- **तेलंगाना के केसीआर जैसा हाल होने की जताई जा रही आशंका** : चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वाईएसआरसीपी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस बार के चुनावों में राजनीतिक समीकरणों, कामकाज और जनता की आकंक्षाओं के आधार पर मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के लिए अंधकारमय भविष्य की भविष्यवाणी की है। कुछ राजनीतिक जानकार भी आंध्र प्रदेश के चुनावों में जगन मोहन रेड्डी का इस बार तेलंगाना के केसीआर जैसा हाल होने की संभावना जता रहे हैं।

टीडीपी के साथ छोड़ने से 2019 में धड़ाम हो गया था भाजपा का वोट प्रतिशत

- एनडीए के सीट बंटवारे से साफ है कि भाजपा ने आंध्र प्रदेश में अपनी निरंतर अप्रासंगिकता को समाप्त करने के लिए टीडीपी और जनसेनी की लोकप्रियता पर निर्भर होने का फैसला किया है। टीडीपी के एनडीए से बाहर निकलने से 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर धड़ाम हो गया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को करीब 7 .20 प्रतिशत मत मिले थे। लेकिन 2019 के चुनाव में भाजपा का वोट बमुश्किल 1.0 प्रतिशत का आंकड़ा छूने में सफल हो पाया था।

भाजपा से टिकट कटने पर बिफरे लद्दाख के सांसद

चुनाव डेस्क

- अनुच्छेद 370 रद करने और लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाने पर दिया था बड़ा समर्थन

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने लद्दाख के मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काटकर मंगलवार को इस केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट से ताशी ग्यालसन को प्रत्याशी बनाने की घोषणा की। नामग्याल ने इस घटनाक्रम पर बगावती सुर में प्रतिक्रिया दी और कहा कि जल्द ही वह अपने अगले कदम की घोषणा करेंगे। ग्यालसन मौजूदा समय में लेह स्थित लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के अध्यक्ष-सह-प्रमुख कार्यकारी पार्षद हैं। भाजपा द्वारा लद्दाख लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा किए जाने के बाद नामग्याल ने कहा कि पूरे केंद्र शासित प्रदेश से उनके समर्थक इस फैसले पर असहमति व्यक्त कर रहे हैं। भाजपा द्वारा टिकट काटे जाने के बाद अपने बयान में नामग्याल ने कहा, आज, भाजपा ने लद्दाख लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद को बदलकर नए उम्मीदवार की घोषणा कर दी। इस दौरान कोई पारदर्शी कारण और पुख्ता तर्क नहीं दिया गया। नामग्याल ने कहा कि उन्होंने प्रतिबद्ध कार्यकर्ता के साथ हुए इस अन्याय को लेकर अपनी असहमति उचित माध्यम से पार्टी नेतृत्व को पहुंचा दी है। पूरे लद्दाख से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और मेरे समर्थकों ने इस फैसले को लेकर अपनी असहमति जताई है। नामग्याल ने कहा, ''हम बारीकी से स्थिति का आकलन करेंगे और लद्दाख के लोगों के हित को सबसे आगे रख कर अगले कदम पर फैसला करेंगे। मैं सभी समर्थकों के प्रति उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं। नामग्याल 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने के नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले का बचाव करने के लिए लोकसभा में दिए भाषण के वायरल होने के बाद सुर्खियों में आए थे। नामग्याल को हटाने का भाजपा का फैसला लेह में बौद्धों के एक वर्ग के बीच सत्तारूढ़ दल के प्रति नाराजगी के बीच आया है। स्थानीय सूत्रों ने कहा कि ग्यालसन पेशे से एक वकील हैं। उन्होंने बताया कि ग्यालसन इस सीट पर भाजपा की पकड़ बनाए रखने के लिए बेहतर स्थिति में हैं, जिसमें मुस्लिम बहुल कारगिल भी शामिल है। लद्दाख सीट पर 20 मई को मतदान होगा।

दूसरे चरण में नितीश के साथ कांग्रेस की परीक्षा

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। मुख्यमंत्री नितीश कुमार की प्रतिष्ठा भी इस चरण में फंसी हुई है। 2019 में किशनगंज सीट पर कांग्रेस जीती थी जबकि बांका, पूर्णिया, भागलपुर व कटिहार सीट पर जदयू काबिज है। जदयू मुखिया एवं मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने भागलपुर से सांसद अजय कुमार मंडल, कटिहार से सांसद दुलाल गोस्वामी, पूर्णिया से सांसद संतोष कुशवाहा और बांका से सांसद गिरिधारी यादव को पुनः मौका दिया है तो किशनगंज से उम्मीदवार बदल दिया है। यहां से मुजाहिद आलम जदयू से चुनाव लड़ रहे हैं।

पप्पू यादव की चुनौती ने पूर्णिया में बिगाड़ा राजद का खेल: अपनी जन अधिकार पार्टी लोकतांत्रिक का कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव अब इंडिया गठबंधन की ही मुसीबत बन गए हैं। महागठबंधन में यह सीट राष्ट्रीय जनता दल के कोटे में है लेकिन राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने यहां से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतर कर राजद उम्मीदवार के माथे पर भी बल ला दिया है। वह कांग्रेस जिंदाबाद के नारे तो लगा रहे हैं लेकिन सहयोगी पार्टी राजद और उसके मुखिया को कोसने से भी नहीं हिचक रहे हैं। यहां जदयू सांसद संतोष कुशवाहा और राजद प्रत्याशी बीमा भारती के बीच मुख्य मुकाबला है लेकिन पप्पू यादव इसे त्रिकोणीय बना रहे हैं। दो बार मधेपुरा और तीन बार पूर्णिया से सांसद रहे पप्पू यादव राजद के वोटों में सेंधमारी कर रहे हैं।

इसका सीधा लाभ जदयू को मिलता दिख रहा है, जबकि पूर्णिया सीट पर लगातार दो बार के जदयू सांसद संतोष कुशवाहा को हराने के लिए राजद ने उनकी ही पार्टी की विधायक बीमा भारती को मैदान में उतारा है। बीमा जदयू से बगावत कर राजद में शामिल हुईं थीं। उधर, पप्पू यादव को उम्मीद थी कि राजद- कांग्रेस में सीटों के बंटवारे में यह सीट कांग्रेस के खाते में जाएगी। इसी चाहत में उन्हेंने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में कर दिया था। लेकिन लालू प्रसाद यादव ने यह सीट कांग्रेस को न देकर अपने पास रख ली थी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार।

समाजवादियों का गढ़ बांका का रणक्षेत्र

- बांका सीट समाजवादियों का गढ़ रही है। यहां से जदयू ने अपने सांसद गिरधारी यादव को मौका दिया है जबकि राजद ने पूर्व सांसद जयप्रकाश नारायण यादव को समर में उतारा है। मोदी लहर को धता बताते हुए जयप्रकाश 2014 का चुनाव जीत गए थे लेकिन 2019 में जदयू के गिरधारी यादव ने कड़े मुकाबले में हराया था। गिरधारी चौथी बार सांसद बनने के लिए मैदान में हैं। यहां यादव मतदाताओं की संख्या करीब तीन लाख है तो राजपूत मतदाता भी साढ़े तीन लाख के करीब हैं। कुर्मी और कुशवाहा वोटों पर जदयू की निगाह है। राजपूत मतदाता निर्णायक साबित होते हैं।

कटिहार में हार का बदला लेने के लिए तारिक अनवर ने बिछाया जाल

- कटिहार सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का है। यहां अल्पसंख्यक मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। 2019 की मोदी लहर में यहां से जदयू के दुलाल चंद्र गोस्वामी जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के तारिक अनवर को हराया था। तारिक अनवर इस सीट से चार बार सांसद रह चुके हैं। 2014 की मोदी लहर में भी वे इस सीट को जीतने में कामयाब रहे थे। लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें से दो पर भाजपा, दो पर कांग्रेस, एक पर जदयू और एक सीट पर भाकपा माले का कब्जा है। तारिक अनवर लगातार मतदाताओं के बीच यह बताने में जुटे हैं कि क्षेत्र का विकास वे ही कर सकते हैं।

किशनगंज में कांग्रेस को कमजोर करने में लगी एआईएमआईएम की चुनौती

- किशनगंज लोकसभा सीट मुस्लिम बाहुल्य है। यहां एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी का जबरदस्त प्रभाव है। 2019 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवार को यहां तीन लाख वोट मिले थे। पार्टी ने यहां से फिर उम्मीदवार उतारा है। कांग्रेस ने 2019 में जीते मोहम्मद जावेद पर पुन: दांव लगाया है। 2009 और 2014 में यहां से कांग्रेस के असरारुल हक जीते थे। जदयू ने मुजाहिद आलम को कांग्रेस के मुकाबले उतारा है। यह सीट कांग्रेस का गढ़ है, लेकिन 1999 में यहां से भाजपा के शहनवाज हुसैन भी जीत चुके हैं। माना जा रहा है कि इस बार एआईएमआईएम का उम्मीदवार और अच्छे ढंग से लड़ा तो जदयू की जीत तय है।

अकोला से प्रकाश आंबेडकर को तीसरी जीत की तलाश

मुंबई। महाराष्ट्र की अकोला लोकसभा सीट से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पौत्र और वंचित बहुजन विकास आघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर चुनाव लड़ते हैं। यहां से आंबेडकर ने 11 बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और दो बार जीतकर संसद में पहुंचे। 2004 से इस सीट पर भाजपा लगातार जीत हासिल कर रही है। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना है। यहां हिंदीभाषी और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

11
बार लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले आंबेडकर दो बार जीतकर पहुंचे हैं संसद

अकोला सीट को त्रिकोणीय मुकाबले के लिए जाना जाता है। इस चुनाव क्षेत्र में 1984 में कांग्रेस प्रत्याशी तिकोने मुकाबले में ही जीती था। भाजपा ने 1989 में पहली बार विजय प्राप्त की थी। 1991 में भी यहां से भाजपा जीती। 1996 में भाजपा के पांडुरंग फुंडकर इस सीट से तीसरी बार विजयी हुए। तीनों चुनावों में उन्हें कांग्रेस के साथ प्रकाश आम्बेडकर की चुनौती का सामना करना पड़ा। 1998 के चुनाव में भारतीय रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी प्रकाश आम्बेडकर ने विजय प्राप्त की। 1999 के चुनाव में भी प्रकाश आम्बेडकर दोबारा चुने गए। इसके बाद 2004, 2009 और 2014 तथा 2019 के चुनावों में भाजपा प्रत्याशी के रूप में संजय धोत्रे ने लगातार विजय प्राप्त की। इन चारों चुनावों में हर बार भाजपा, कांग्रेस और भारतीय रिपब्लिकन पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हुआ। इस बार अकोला सीट से भाजपा ने संजय धोत्रे के पुत्र अनूप धोत्रे को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव डा.अभय पाटिल तथा वंचित बहुजन अघाड़ी से एड.प्रकाश आम्बेडकर के साथ कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और वंचित बहुजन के बीच माना जा रहा है।

दीदी का हाथ
पश्चिम बंगाल के बीर भूमि निर्वाचन क्षेत्र में तृण मूल कांग्रेस की प्रत्यशी शताब्दी राय को सफल जनसभा के बाद आशीर्वाद प्रदान करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

कांग्रेस इस बार दे रही चुनौती | इस बार भाजपा ने प्रदेश की मंत्री लता वानखेड़े को बनाया उम्मीदवार

सागर में कमल खिलाने को चेहरा बदलती रही भाजपा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। मध्य प्रदेश की सागर संसदीय सीट भाजपा का ऐसा मजबूत किला है, जिसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस पिछले कई चुनावों से कर रही है पर सफल नहीं हो पा रही है। भाजपा इस सीट पर 1996 से लगातार जीत रही है। लगातार चार चुनाव पार्टी नेता वीरेंद्र खटीक यहां से जीते। इसके बाद पार्टी ने 2009 में भूपेंद्र सिंह को मैदान में उतारा। तब भी कांग्रेस ने इस सीट पर कब्जा करने की कोशिश की पर नाकाम रही। भाजपा चुनाव दर चुनाव अपना चेहरा बदलती है और जीत जाती है। इस बार भी पार्टी ने लता वानखेड़े को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने भी इस किले को ढहाने के लिए ललितपुर- झांसी से सांसद रहे सुजान सिंह बुंदेला के बेटे गुड्डू राजा बुंदेला पर दांव लगाया है।

सागर कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। वीरेंद्र खटीक ने 1996 में इस सीट पर जीत दर्ज की और इसके बाद वे लगातार चार बार जीते। 2009 में पार्टी ने उन्हें टीकमगढ़ लोकसभा सीट से मैदान में उतारा। तब से वे इस सीट पर जीत रहे हैं और वर्तमान में केंद्र सरकार में राज्यमंत्री हैं। इस सीट पर वैसे तो मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में ही होता है, लेकिन बसपा इसे त्रिकोणीय बनाने की कोशिश लगातार करती है। हालांकि उसे जीत कभी नहीं मिली। इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों ने नए चेहरे पर दांव लगाया है। अब देखना यह है कि बार- बार चेहरा बदलकर मैदान मार रही भाजपा का दांव इस बार सही बैठता है या गुड्डू राजा बुंदेला के सहारे कांग्रेस भाजपा से यह सीट छीन लेती है। बसपा ने भी वरिष्ठ नेता रंजोर सिंह बुंदेला को समर में उतारा है। उनकी कोशिश इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की है।

आठ में से सात विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में विदिशा की तीन और सागर जिले की पांच विधानसभा सीटें आती हैं। सात सीटों पर भाजपा का कब्जा है जबकि एक सीट कांग्रेस के खाते में है। विधानसभा चुनाव के परिणाम को देखें तो भाजपा यहां मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस के लिए उसके पांव को उखाड़ना आसान नहीं होगा। हालांकि पार्टी कार्यकर्ता और उम्मीदवार लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और आरक्षण व संविधान बचाने के नाम पर वोट मांग रहे हैं।

बसपा से कांग्रेस में आए गुड्डू राजा बुंदेला

गुड्डू राजा बुंदेला की गिनती एमपी में बसपा के बड़े नेताओं के रूप में होती है। विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने बसपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ली थी। इसके बाद पार्टी ने उन्हें प्रदेश संगठन में महामंत्री का पद दिया था।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
रामपुर : शिवालिक-985 फ्लैग-1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1160

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	82200
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73700
सोना गिन्नी (प्रति नग)	54900-55100
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	74,150
सोना रवा	74,000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	84,100
चांदी (999)	84,100
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	74000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	73000
सिल्वर (पक्की)	810 (अनुमानित)

कानपुर मंडी

गेहूँ दड़ा 2300-2400, आरआर21 2450-2500, गेहूँ फारम 2550-2600, जौ 2000-2100, ज्वार 2000-4000, बाजरा 2100-2150, दमकाई 2200-2400, चना 5800 -5900, अरहर 9000-10000 मसूर 5500-5600, मटर 3700-4000, उड़द हरा 11000-11800, उड़द काला 6000-8000, मूँग 8500-8800, अरहर फूल 15800-16000, अरहर स्पेशल 13800-14000, चना दाल 7200-7300, मटर दाल 5050-5150, मसूर मलका 7150-7200, मसूर दाल 7350-7400, उड़द दाल 9500-13000, उड़द धोवा 10700-13250, मूँगदाल 9500-10500, मूँग धोवा 10000-11500, अरवा 2000 -2300, बासमती न01. 8500-10000, सेला 2500-3000, बासमती न02. 6500-7500, आटा 1380-1430, मैदा 1350-1400, सूजी 1410-1430, शाहपसंद 1325-1350, लाही 4900-5000, अलसी 4500 -4600, अण्डी 4600 -4700, तिल्ली 11500- 12700, बटाली 9000 -10200

कृषि निर्यात अप्रैल-फरवरी में 8.8% घटकर 43.7 अरब डॉलर हुआ

रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज पर लगे घरेलू प्रतिबंध से आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का कृषि निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-फरवरी के दौरान 8.8% घटकर 43.7 अरब डॉलर रहा। इसका मुख्य कारण लाल सागर संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर लगाए गए घरेलू प्रतिबंध हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-फरवरी अवधि में कृषि निर्यात 47.9 अरब डॉलर रहा था। देश के कृषि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी गिरावट देखी गई। यह 2023-24 में केवल 0.7% बढ़ी, जो 2022-23 में 4.7% थी।

आंकड़ों से पता चला कि एपीडा (कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) 'बास्केट' में 719 अनुसूचित कृषि उत्पादों का

निर्यात पिछले वर्ष के 11 महीनों के दौरान 6.85% घटकर 22.4 अरब डॉलर रहा। जबकि अप्रैल-फरवरी 2022-23 में यह 24 अरब डॉलर था। अधिकारी ने कहा कि चावल, गेहूं, चीनी और प्याज जैसी वस्तुओं पर निर्यात प्रतिबंध से पिछले वर्ष में पांच-छह अरब डॉलर का कृषि निर्यात प्रभावित हुआ है। 24 प्रमुख वस्तुओं में से 17 में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है। इसमें ताजे फल, भैंस का मांस, प्रसंस्कृत सब्जियां, बासमती चावल और केला शामिल हैं।

कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना पर काम जारी

नई दिल्ली। सरकार केला, आम, आलू और बेबी कॉर्न सहित 20 कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार कर रही है। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इनमें से प्रत्येक उत्पाद के लिए कार्ययोजना अगले 3-4 महीनों में तैयार होने की संभावना है। आगे की कार्रवाई के लिए राज्यों सहित सभी सबंधित पक्षों के साथ कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। इन वस्तुओं के निर्यात को बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि इनका उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ अधिक मात्रा में उत्पादन होता है और ये वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धी हैं। हमने 20 उत्पादों की पहचान की है। इस समय वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी कम है। हम इन सभी उत्पादों के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर काम कर रहे हैं।

प्रतिकूल मौसम से महंगाई बढ़ने का जोखिम

मुंबई, एजेंसी

प्रतिकूल मौसम के कारण महंगाई बढ़ने का खतरा हो सकता है। साथ ही वैश्विक स्तर पर लंबे समय से जारी तनावपूर्ण स्थिति से कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता बनी रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के अप्रैल के बुलेटिन में यह कहा गया है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 4.9% हो गई। इससे पहले पिछले दो महीनों में यह औसतन 5.1% रही थी। रिजर्व बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति पर पहुंचते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई को ध्यान में रखता है। केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के मोर्चे पर चिंताओं का हवाला देते हुए फरवरी, 2023 से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5% पर अपरिवर्तित रखा है। बुलेटिन में प्रकाशित लेख 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' में कहा गया कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि की गति बरकरार रही है और विश्व व्यापार का परिदृश्य सकारात्मक हो रहा है। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बॉन्ड प्रतिफल और कर्ज की ब्याज दर बढ़ रही है। ब्याज दर में कमी को लेकर जो संभावनाएं थी, वह कमजोर पड़ी हैं। आरबीआई ने कहा कि बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

मौजूदा हालात में पूंजी बफर व्यवस्था जरूरत नहीं

मुंबई। आरबीआई ने कहा कि उसने प्रति-चक्रीय यानी मुश्किल हालात से निपटने के लिए लाई गई पूंजी बफर (सीसीवाईबी) व्यवस्था को सक्रिय नहीं करने का फैसला किया है, क्योंकि मौजूदा हालात में इसकी जरूरत नहीं है। आरबीआई ने फरवरी, 2015 में कठिन समय से पार पाने के लिए पूंजी बफर व्यवस्था से संबंधित रूपरेखा लागू की थी। इसमें यह सलाह दी गई थी कि सीसीवाईबी को परिस्थितियों के हिसाब से जरूरत महसूस होने पर लागू किया जाएगा और इस बारे में सामान्य तौर पर पहले घोषणा की जाएगी। केंद्रीय बैंक की रूपरेखा के मुताबिक, सीसीवाईबी को लागू करने के मुख्य संकेतक के रूप में ऋण-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अंतर यानी कर्ज जीडीपी अनुपात और इसके दीर्घकालीन रुख के बीच अंतर पर गौर किया जाएगा। इसके साथ अन्य संकेतकों का तालमेल बिठाने के बाद ही कोई फैसला किया जाएगा।

डेटा खपत में जियो नं. 1 ऑपरेटर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में धाक जमाने के बाद रिलायंस जियो ने डेटा खपत के मामले में भी एक नया वैश्विक रिकॉर्ड कायम किया है, डेटा ट्रैफिक के मामले में वह नंबर एक सेवा प्रदाता बन गयी है।

टेलीकॉम कंपनियों के डेटा ट्रैफिक, ग्राहक आधार पर टीएफिशियंट की रिपोर्ट के अनुसार पिछली तिमाही में रिलायंस जियो के नेटवर्क पर कुल डेटा ट्रैफिक 40.9 एक्साबाइट रहा। डेटा खपत का यह स्तर तय करते हुए इस भारतीय दूरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दिया है। चीन की कंपनी अब दूसरे पायदान पर खिसक गई है। चाइना मोबाइल के नेटवर्क पर आलोच्य अवधि में डेटा खपत 40 एक्साबाइट से कम रही। चीन की

- **भारतीय दूरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दूसरे पायदान पर पहुंचाया**

एक और कंपनी चाइना टेलीकॉम तीसरे नंबर पर, तो भारतीय एयरटेल चौथे नंबर पर रही। जियो के अधिकारी ने कहा, 5जी सेवाओं के शुरु होने के बाद, रिलायंस जियो के डेटा खपत में पिछले वर्ष के मुकाबले 35.2 फीसदी का उछाल देखने को मिला। इसकी मुख्य वजह है जियो का ट्रू 5जी नेटवर्क और जियो एयर फाइबर का विस्तार। जियो के तिमाही नतीजों के मुताबिक जियो ट्रू 5जी नेटवर्क पर 10 करोड़ 80 लाख ग्राहक जुड़ चुके हैं और डेटा ट्रैफिक का 28 फीसदी हिस्सा अब 5जी नेटवर्क से आ रहा है।

वोडाफोन आइडिया ने एफपीओ के लिए 11 रुपये प्रति शेयर को मंजूरी दी

नई दिल्ली। दूरसंचार परिचालक वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) के बोर्ड ने अपने 18,000 करोड़ रुपये के एफपीओ के तहत पेशकश मूल्य 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है।

कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसके बोर्ड ने एंकर निवेशकों के लिए 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के पेशकश मूल्य को भी मंजूरी दी है। वीआईएल ने बताया कि निम्नलिखित प्रस्ताव भी पारित किए गए 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के पेशकश मूल्य को मंजूरी देना 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के एंकर निवेशक पेशकश मूल्य को मंजूरी देना। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने भारत के अब तक के सबसे बड़े अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश (एफपीओ) के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसके साथ वीआईएल को भारतीय दूरसंचार बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जहां उसे रिलायंस जियो और एयरटेल से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।

सिंगापुर, हांगकांग से मसाला उत्पादों पर रोक पर भारत ने मांगी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा**

मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित ब्योरा मांगा है। सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं पर एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों पर प्रतिबंध लगाया है।

वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है। मंत्रालय ने एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है। उनके उत्पादों में कथित तौर पर मान्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि कंपनियों से विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला उत्पादों को नकारे जाने के मूल कारण का निदान संबंधित निर्यातकों के साथ मिलकर किया जाएगा। सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से तकनीकी विवरण, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और निर्यातकों के बारे में ब्योरा मांगा गया है। सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग से भी विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला बोर्ड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध पर विचार कर रहा है।

एक नजर

मप्र में कार से 1.03 करोड़ नकद और चार किग्रा चांदी के आभूषण जब्त

मंदसौर (मप्र)। मंदसौर जिला पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान कार से 1.03 करोड़ की नकदी और चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किये हैं। पुलिस ने सोमवार को बताया कि कार सवार दो पुरुष और एक महिला को हिरासत में लिया गया। नई आबादी थाना प्रभारी वरुण तिवारी ने बताया कि देर रात कार को रोका और आगे की सीटों के नीचे डिब्बे बनाकर रखी गई नकदी और चांदी के आभूषण बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि जब्ती के बारे में आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा। मंदसौर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा।

नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को कोर्ट ने सुनाई 20 वर्ष कारावास की सजा

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के पोक्सो न्यायालय ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी मौसा को 20 साल के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। लोक अभियोजक रूपेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि मामला 16 जुलाई 2023 का केकड़ी के बोराड़ा थाने से जुड़ा है, जहां सगे मौसा ने 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। दुष्कर्म के मामले में पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश बन्ना लाल जाट ने अपने फैसले में दुष्कर्म के आरोपी मौसा को 20 साल का कारावास, 49 हजार के आर्थिक दंड से दंडित किया है। न्यायाधीश ने अपने फैसले में पीड़िता को प्रतिकर स्कीम में छह लाख रुपये दिये जाने के भी आदेश दिये हैं।

कश्मीर में आठ ड्रग तस्करों के खिलाफ केस

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने आठ कुख्यात ड्रग तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तस्करों को हिरासत में ले लिया गया है और बाद में जम्मू के सेंट्रल जेल कोट-भलवाल भेज दिया गया। आरोपी बांदी, कुंजर, ओगमुना, पट्टन, मिरगुंड वागुरा, क्रेरी और जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को ड्रग्स की आपूर्ति करके नशीली दवाओं के दुरुपयोग को बढ़ावा देने में शामिल थे।

पति ने की गला रेतकर पत्नी की हत्या

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ढिगावडा में मंगलवार अल सुबह एक व्यक्ति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि खेड़ला, मालाखेड़ा निवासी देवीदयाल मीना ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बहन काली की सुबह उसके पति ढिगावडा के श्रीराम ने गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस मौके पहुंची तो घर में काली का शव पड़ा था और उसका गला कटा था। अभी हत्या करने के कारणो का पता नहीं चला है। आरोपी मौके से फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विस्फोट में झुलसे तीसरे मजदूर की भी मौत

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर के पटाखा कारखाने में हफ्ते भर पहले हुए विस्फोट में झुलसे मजदूर की अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। अब मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। चोइथराम हॉस्पिटल के उप निदेशक (स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. अमित भट्ट ने बताया कि पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में झुलसे अर्जुन राठौर (27) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पहले मरने वालों में रोहित परमानंद और उमेश चौहान भी हैं। इंदौर शहर से 25 किलोमीटर दूर जंगल में एक खेत में चलाए जा रहे कारखाने में 16 अप्रैल को रस्सी बम बनाए जाने के दौरान विस्फोट हुआ था। शुरुआती जांच में सामने आया था कि कारखाने में एक बार में केवल 15 किलोग्राम बारूद रखने की मंजूरी थी, लेकिन वहां काफी मात्रा में बारूद था। कारखाने का संचालक मोहम्मद शाकिर खान फरार था जिसे इंदौर से 17 अप्रैल को पकड़ा गया था।

राष्ट्रीय

कांग्रेस ने आमजन का धन छीनकर अपने खास लोगों में बांटने की साजिश रची: मोदी

दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा न धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण को मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहती थी। उन्होंने फिर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में लोगों का धन छीनकर अपने 'खास' लोगों में बांटने की गहरी साजिश रची है। मोदी ने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा। कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह है। मोदी ने कांग्रेस पर यह टिप्पणी उस दिन की जबकि देश भर में हनुमान जयंती मनाई जा रही है।

मोदी ने टोंक के उनियारा में भाजपा की चुनावी सभा में कहा कि 2004 में जैसे ही कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनी उसके सबसे पहले आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण को कम कर

मुसलमानों को देने का प्रयास था। उन्होंने कहा कि मोदी संविधान को समझता है। मोदी संविधान के प्रति समर्पित है और मोदी बाबा साहब आंबेडकर की पूजा करने वाला व्यक्ति है। 'संपत्ति के पुनर्वितरण' संबंधी टिप्पणी पर उठे विवाद के बीच प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने लोगों का धन छीनकर अपने 'खास' लोगों को बांटने की गहरी साजिश रची है।

कांग्रेस उम्मीदवार की टिप्पणी पर पीएम बोले- देश तोड़ने की चाल है

सक्ती (छत्तीसगढ़)। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर उसके गोवा के उम्मीदवार की उस टिप्पणी पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि तटीय राज्य पर भारतीय संविधान थोपा गया है। मोदी ने इसे देश को तोड़ने की चाल करार दिया। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में चुनावी रैली में मोदी ने आरोप लगाया कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद से ही तुष्टिकरण में लगी है। मोदी ने दक्षिण गोवा के कांग्रेस उम्मीदवार विरीएटो फर्नांडिस के बयान पर कहा कि कांग्रेस को देश के बड़े हिस्से ने नकार दिया है इसलिए वह देश में अपने लिए ऐसे टापू बनाना चाहती है। प्रधानमंत्री जांजगीर-चांपा क्षेत्र के सक्ती कस्बे के चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा कि जब वह मुख्यमंत्री थे, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने भाषण दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। ये संयोग नहीं था। ये अकेला बयान नहीं था। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की लेकिन उच्चतम न्यायालय की जागरूकता के कारण वो अपने मंसूबे पूरे नहीं कर पाए। जब कर्नाटक में भाजपा सरकार आई तो उसने मुस्लिमों को दिये आरक्षण को खत्म किया।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले बांसवाड़ा में दिए उनके 90 सेकंड के भाषण में वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति उजागर होने के बाद कांग्रेस व गठबंधन में भगदड़ मच गई है। मैंने देश के सामने सत्य रखा। कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर अपने खास लोगों को बांटने की साजिश रचकर बैठी है। दो-तीन दिन पहले मैंने कांग्रेस की इस वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया था। इससे कांग्रेस को इतनी मिर्ची लगी है कि वे हर तरफ मुझे गालियां देने में जुटे हैं।

उच्चतम न्यायालय ने निलंबित की कांग्रेस विधायक की सजा

नई दिल्ली, एजेंसी

भ्रष्टाचार का मामला

- **विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को जारी किया नोटिस**
- **तीन साल कारावास और 50 हजार जुर्माने की हुई थी सजा**

उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस विधायक मोहम्मद मुकीम की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कटक-बाराबती के विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को नोटिस जारी किया। विधायक ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करें। पक्षों को सुनने और सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, याचिकाकर्ता की सजा को निलंबित करने का आदेश दिया जाता है। मुकीम को एक सतर्कता अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में तीन साल के कठोर कारावास की सज़ा सुनाई थी और उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। उनकी अपील को हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को रद किया था। भुवनेश्वर में सतर्कता मामलों के विशेष न्यायाधीश ने उन्हें 29 सितंबर 2022 को दोषी ठहराया था। सतर्कता विभाग ने कहा कि मेट्रो बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मुकीम ने अधिकारी संग मिलीभगत करके राज्य संचालित ओडिशा ग्रामीण आवास एवं विकास निगम लिमिटेड (ओआरएचडीसी) से ऋण की आड़ में रियल एस्टेट कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाया।

कांग्रेस विधायक पर कार्रवाई के लिए आयोग को लिखा पत्र

नई दिल्ली/बेंगलुरु। ईडी ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा कि विस चुनाव के दौरान रिश्वत देने सहित गैरकानूनी लेन-देन के लिए 42 करोड़ रुपये जुटाने के मामले में कर्नाटक से कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी पर कार्रवाई की जाए। कर्नाटक लोकायुक्त को लिखे पत्र में बेल्लारी शहर सीट से विधायक के खिलाफ सबूतों पर गौर करने और मामला दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

कर्नाटक सीएम का सूखा राहत राशि जारी करने में देरी पर धरना

बेंगलुरु, एजेंसी

- **सात महीने के गंभीर सूखे के बाद भी राहत राशि जारी नहीं करने का केंद्र सरकार पर सिद्धरमैया ने लगाया आरोप**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को केंद्र सरकार के सूखा राहत राशि जारी करने में देरी के खिलाफ धरना दिया और इस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की निंदा की।

सिद्धरमैया ने कहा कि विधान सौध परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन हुआ जहां विधानमंडल और राज्य सचिवालय हैं। इसक उद्देश्य भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा कर्नाटक और उसके लोगों के साथ किए 'अन्याय' की ओर जनता का ध्यान आकर्षित करना था। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और शाह 'कर्नाटक और इसके किसानों से नफरत करते हैं' जिसके कारण सात महीने के गंभीर सूखे के बाद भी सूखा राहत राशि जारी नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने 100 साल में इतना भीषण सूखा नहीं देखा है। उन्होंने सरकारी सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि राज्य के 240 में से 223 तालुक सूखा प्रभावित हैं। सिद्धरमैया ने सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा, कि मोदी और अमित शाह कर्नाटक और इसके किसानों से नफरत करते हैं। जब हमने उनसे राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के मानदंडों के अनुसार सूखा राहत सहायता प्रदान करने के लिए कहा, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, मंत्री रामलिंगा रेड्डी और कृष्णा बायरे गौड़ा और कुछ कांग्रेस सांसद और विधायक भी इस दौरान उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सहायता राशि जारी करने की मांग को लेकर केंद्र को कई ज्ञापन दिये गये लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का आकलन है कि एनडीआरएफ मानदंडों के अनुसार सूखा राहत कार्य के लिए 18,171 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। सिद्धरमैया ने कहा कि अपर्याप्त बारिश के कारण 48,000 हेक्टेयर में खड़ी फसलें नष्ट हो गईं और राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से प्रत्येक किसान को 2,000 रुपये का भुगतान किया जिससे 34 लाख किसानों पर कुल 650 करोड़ रुपये का खर्च आया।

भोजशाला: एएसआई ने सर्वे पूरा करने के लिए मांगा समय

इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में महीने भर से वैज्ञानिक छानबीन कर रहे एएसआई ने यह कवायद पूरी करने के लिए अदालत से आठ सप्ताह की मोहलत मांगी है। एएसआई ने इंदौर पीठ में दायर अर्जी में कहा कि परिसर की संरचनाओं के उजागर भागों की प्रकृति को समझने के लिए उसे कुछ और समय की दरकार है। कोर्ट ने इस पर अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख पहले ही तय कर रखी है। इस तारीख को एएसआई की ताजा अर्जी पर भी सुनवाई हो सकती है। कोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह में सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था।

श्रीराम के चित्र वाली प्लेट में बिरयानी परोसेने की शिकायत पर दुकानदार हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने शिकायत के बाद एक व्यक्ति को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया कि उसने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी में एक बार इस्तेमाल होने वाली (डिस्पोजेबल) प्लेटों में बिरयानी बेची थी जिन पर कथित तौर पर भगवान श्रीराम की तस्वीर थी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि दुकानदार ने एक कारखाने से 1000 प्लेट खरीदी थीं और उनमें से केवल चार पर भगवान श्रीराम का चित्र था। उसे प्लेटों पर भगवान श्रीराम के चित्र की जानकारी नहीं थी और कारखाना मालिकों ने भी इस बात की पुष्टि की है। दिल्ली पुलिस को शनिवार शाम को जहांगीरपुरी इलाके से किसी का फोन आया था कि एक व्यक्ति भगवान श्रीराम के चित्र वाली प्लेटों में बिरयानी बेच रहा है। टीम वहां पहुंची तो कुछ लोग दुकान के बाहर दिखे। उन्हें जांच का आश्वासन देकर शांत कराया गया। दुकान को पहले हिरासत में लिया गया और बाद में छोड़ दिया गया। प्लेट भी जब्त कर ली गई है। अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है और जांच जारी है।

भाजपा विधायक नीतेश राणे, गीता जैन पर भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र पुलिस ने मंगलवार को बंबई हाईकोर्ट को सूचित किया कि जनवरी में ठाणे जिले में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में उन्होंने भाजपा विधायकों नीतेश राणे और गीता जैन के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजुषा देशपांडे की खंडपीठ ने पिछले सप्ताह संबंधित पुलिस आयुक्तों से इस बारे में व्यक्तिगत रूप से सत्यापन करने को कहा था कि क्या दोनों नेताओं के भाषण अपमानजनक और भड़काऊ थे। सरकारी अभियोजक हितेन वेंगांवकर ने मंगलवार को कोर्ट से कहा कि पड़ताल से पता चलता है कि इस साल जनवरी में ठाणे के मीरा भायंदर इलाके में सांप्रदायिक हिंसा के बीच राणे और जैन द्वारा दिए गए भाषण अपमानजनक थे। वेंगांवकर ने कहा कि राणे पर मुंबई के मालवानी, मानखुर्द और घाटकोपर इलाकों में अपनी रैलियों में नफरत भरे भाषण देने का आरोप है।

कोर्ट का पूर्व विशेष डीजीपी की सजा निलंबित करने से इनकार

यौन उत्पीड़न का मामला

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न के मामले में तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजेश दास को सुनाई गई तीन साल की सजा निलंबित करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम दंडपाणि ने दास को निचली अदालत में आत्मसमर्पण करने से छूट देने से भी मनाकर दिया। 2021 में महिला अधिकारी का यौन उत्पीड़न के मामले में विल्लुपुरम कोर्ट ने दास को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी।

सैन्य खर्च करने वाला भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है।

- पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक है। साल 2014-18 और 2019-23 के बीच भारत का हथियार आयात 4.7 फीसदी बढ़ा है। भारत 9.8 फीसदी हथियार आयात के साथ दुनिया में पहले नंबर पर है। भारत ने रूस से सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। भारत के कुल हथियार आयात का यह 36 फीसदी रहा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 1960-64 के सोवियत समय के बाद यह पहली बार है जब भारत के हथियार आयात में रूस की हिस्सेदारी 50 फीसदी से कम है।

अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता

पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। हथियारों के आयात में संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा 34 प्रतिशत है, जबकि रूस का 19 प्रतिशत और चीन का 13 प्रतिशत है।

ये देश हैं सबसे बड़े खरीदार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के रिपोर्ट के मुताबिक भारत के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार सऊदी अरब (8.4%) हथियारों का आयात करता है। वहीं, कतर (7.6%), यूक्रेन (4.9%), पाकिस्तान (4.3%), जापान (4.1%), मिस्र (4.0%), ऑस्ट्रेलिया (3.7%), दक्षिण कोरिया (3.1%) और चीन (2.9%) ने खरीदा है।

रूस-यूक्रेन युद्ध प्रमुख कारण

सैन्य खर्चों के बढ़ने के मुख्य कारकों में से एक तो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध है। यूक्रेन सैन्य खर्च के आठवां देश रहा है। उसका खर्च 51 फीसदी बढ़कर 64.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

हमलों से परेशान खैबर के सीएम, आतंकियों से बात करने को तैयार

पेशावर। पाकिस्तान में आतंकवादियों का आतंक तेजी से बढ़ता जा रहा है। भारत का पड़ोसी मुल्क प्रतिबंधित पाकिस्तानी तालिबान के साथ सार्थक बातचीत नहीं करने की अपनी इस नीति पर डटा हुआ है। हालांकि, इस बीच खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर शांति बनाए रखने के लिए खूंखार आतंकवादी समूह के साथ बातचीत करने का आह्वान किया है।

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा नवंबर 2022 में संघर्ष विराम समाप्त करने के बाद से पाकिस्तान में आए दिन आतंकवादी हमले देखने को मिलते हैं। सबसे ज्यादा जिन क्षेत्रों को निशाना बनाया जा रहा है उनमें खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान और पंजाब शामिल है। आतंकी हमले इस्लामाबाद और कराची तक पहुंच गए हैं।

अमेरिका में 2 भारतीय छात्रों की सड़क हादसे में मौत

वाशिंगटन, एजेंसी

संयुक्त राज्य अमेरिका के एरिजोना में लेक प्लेजेंट के पास आमने-सामने की टक्कर में दो भारतीय छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि, मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। दोनों ही छात्र भारत के थे। वे अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के तौर पर पंजीकृत थे।

पेरिया पुलिस के अनुसार, 'स्टेट रूट- 74' के ठीक उत्तर में कैसल हॉट स्प्रिंग्स रोड पर 20 अप्रैल को शाम करीब छह बजकर 18 मिनट दो कारों के बीच टक्कर हो गई। पुलिस ने एक बयान में कहा, यह पता लगाया जा रहा है

कि वाहनों में टक्कर कैसे हुई। उसने बताया कि सड़क हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया की मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। उसने बताया कि दोनों भारतीय थे।

इंग्लिश चैनल पार करते समय नाव पलटी, पांच प्रवासियों की मौत

पेरिस। उत्तरी फ्रांस से खतरनाक इंग्लिश चैनल को पार करने की कोशिश करते समय मंगलवार को पांच प्रवासी मृत पाए गए हैं, इनमें एक बच्चा भी शामिल है। फ्रांसीसी मीडिया रिपोट के अनुसार, शव उत्तरी फ्रांस के विमेरॉक्स समुद्र तट पर पाए गए।

बता दें, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा कुछ प्रवासियों को एकतरफा टिकट पर रवांडा भेजने के नवीनतम प्रयास के कुछ ही घंटों के बाद हादसा हुआ है। मानवाधिकार समूहों ने इस कानून को अमानवीय और क्रूर बताया है।

उत्तरी फ्रांस में कैलाइस के आसपास का क्षेत्र ब्रिटेन के लिए सबसे छोटी सीमा पार करने का शुरुआती बिंदु है। फ्रांसीसी समुद्री अधिकारियों के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में लगभग 36 हजार लोगों ने छोटी नावों में सीमा पार की।

एक नजर



सालासर बालाजी ने जन्मदिन पर पहना 21 तोला सोने का नया चोला

सुजानगढ़। हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम में तीन दिवसीय लक्खी मेले का मुख्य मेला मंगलवार शुरू हुआ है। बालाजी साल में पांच बार वस्त्र पहनते हैं। मंगलवार को अपने जन्मदिन पर 21 तोले सोने का नया चोला पहना। सोने से बना बालाजी का चोला विशेष है। चोले पर राम नाम के शब्द उकेरे गए हैं। चोले में डायमंड, नग-नगीने, चांदी व मोतियों का भी उपयोग लिया गया है।

एलन मस्क अहंकारी हैं... ऑस्ट्रेलियाई पीएम हुए नाराज

सिडनी। एक ऑस्ट्रेलियाई अदालत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' को सिडनी में एक बिशप की चाकू मारकर हत्या पर टिप्पणी करने वाले कुछ पोस्ट को हाइड करने का आदेश दिया था, जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के मालिक एलोन मस्क और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के बीच जुबानी जंग गहरा गया है। बता दें कि, पिछले हफ्ते चर्च में एक सर्विस के दौरान बिशप मारा मारी इमैनुएल पर युवक द्वारा चाकू से हमला किया गया था और इसी से संबंधित पोस्ट को ऑस्ट्रेलियाई संघीय कोर्ट ने एक्स पर से हाइड करने के लिए कहा है।

सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को 20 साल की सजा

सिंगापुर। भारतीय मूल के एक विवाहित व्यक्ति को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराने के बाद सोमवार को 20 साल की सजा सुनाई गई। व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका को अन्य पुरुषों से संबंध होने के चलते मौत के घाट उतार दिया था। एम कृष्णन ने मल्लिका बेगम राहतांसा अब्दुल रहमान (40) की 17 जनवरी 2019 को मृत्यु हो गई थी। 40 वर्षीय कृष्णन ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय में अपना दोष स्वीकार कर लिया। जिसके बाद कोर्ट युवक को 20 साल की सजा सुनाई।

हिमाचल में बर्फबारी के कारण 98 सड़कें यातायात के लिए बंद

शिमला। पहाड़ों पर बर्फबारी और खराब मौसम का यह सिलसिला 27 अप्रैल तक बना हुआ है। इस दौरान प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में जहां पहाड़ों पर बर्फ की सफेद चादर बिछेगी, वही माध्यम से कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और ओलावृष्टि फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है। अभी भी 98 सड़कें यातायात के लिए बंद है।

मलेशिया: प्रशिक्षण के दौरान 2 सैन्य हेलीकॉप्टर टकराए, 10 क्रू की मौत

नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के लिए कर रहे थे अभ्यास, मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल

कुआलालंपुर, एजेंसी

मलेशियाई नौसेना के दो हेलीकॉप्टर बीच हवा में टकराने से 10 लोगों की मौत हो गई है। नौसेना ने एक बयान में कहा कि यह घटना मंगलवार को रॉयल मलेशियाई नौसेना के अभ्यास के दौरान घटी है। कई हेलीकॉप्टरों ने एक साथ उड़ान भरी थी, जिसमें से दो अचानक बहुत करीब आकर आपस में टकरा गए, हादसे में सवान चालक दल के 10 सदस्यों मौत हो गई।

मीडिया के अनुसार, नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि हेलीकॉप्टर अगले महीने नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण ले रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। सभी सवार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि अवशेषों को पहचान के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में कई हेलीकॉप्टरों को एक संरचना में नीचे उड़ते हुए दिखाया गया है। एक विमान किनारे की ओर मुड़ गया और दूसरे हेलीकॉप्टर के रोटर से टकरा गया, जिससे दोनों नीचे गिर गए और दुर्घटनाग्रस्त हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने खुद को मीडिया को बताया है कि, हेलिकॉप्टरों इतने क्षतिग्रस्त हो गए थे कि उन्हें पहचाना नहीं जा सका। बचावकर्मियों ने शवों को ढूंढने के लिए मलबे की तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों में तीन महिलाएं और सात पुरुष शामिल हैं।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने देश के दिल और आत्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नौसेना तुरंत यह पता लगाने के लिए जांच करेगी कि दुर्घटना का कारण क्या था। नौसेना ने कहा कि एडब्ल्यू 139 समुद्री ऑपरेशन हेलीकॉप्टर में चालक दल के सात सदस्य सवार थे। उस विमान का निर्माण अगस्ता वेस्टलैंड द्वारा किया गया है, जो इटेलियन डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर लियोनार्डो की सहायक कंपनी है। चालक दल के तीन अन्य सदस्य यूरोपीय बहुराष्ट्रीय रक्षा समूह एयरबस द्वारा निर्मित फेनेक हल्के हेलीकॉप्टर पर थे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि एडब्ल्यू139 नौसैनिक अड्डे के एक खेल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जबकि फेनेक पास के स्विमिंग पूल से टकरा गया।

पेराक राज्य में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के मलबे से क्रू सदस्यों को निकालते सैनिक।

झामुमो संपत्तियों की जांच पर 10 मई तक कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर भारत के लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम उठाने पर रोक लगाई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल के समक्ष शिकायत दायर करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है।

याचिका में लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी गई है। लोकपाल ने अपने आदेश में झामुमो के स्वामित्व वाली दो संपत्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय में 10 मई को आगे की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि सीबीआई को अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में लोकपाल को देने की अनुमति है। हालांकि, सुनवाई की अगली तारीख यानी 10 मई तक लोकपाल द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा। उधर दिल्ली हाईकोर्ट में झामुमो की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी पेश हुए। उन्होंने कहा कि दोनों संपत्तियां राजनीतिक दल की हैं, सोरेन की नहीं।

ब्रिटेन की संसद से रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी

लंदन, एजेंसी

- अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों को भेजा जाएगा रवांडा

ब्रिटिश संसद ने दो महीने की कशमकश के बाद आखिरकार रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी दे दी। इससे आम चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को काफी राहत मिली है।

पीएम सुनक ने उम्मीद जताई कि जुलाई तक रवांडा के लिए उड़ानें शुरू हो जाएंगी। रवांडा विधेयक को अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। इसके तहत अवैध शरणार्थियों को रवांडा भेजा जाएगा, इसके लिए वहां की सरकार के साथ संधि की गई है।

ब्रिटेन सरकार इसके लिए रवांडा को कुछ अग्रिम भुगतान भी कर चुकी है। प्रस्ताव के तहत रवांडा भेजे जाने के बाद शरणार्थी ब्रिटेन की नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिन्हें मंजूरी मिल जाएगी वे लोग ब्रिटेन में बस जाएंगे, लेकिन जिनका आवेदन खारिज होगा उन्हें वापस अपने देश भेज दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में ब्रिटेन में छोटी नौकाओं से इंग्लिश चैनल पार कर 45,744 अवैध शरणार्थी पहुंचे थे। ब्रिटेन के उच्च सदन लार्ड सभा में यह विधेयक अटका हुआ था। आखिर उसने

विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद विमान में पत्रकारों से बात करते ऋषि सुनक।

मंगलवार तड़के निर्वाचित सदन कामंस सभा की प्रधानता स्वीकार कर ली। इससे पहले सोमवार सुबह पीएम सुनक ने आश्चर्यजनक रूप से प्रेसवार्ता आयोजित कर लार्ड सभा से रवांडा विधेयक को न रोकने की अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने भी रवांडा विधेयक को मानवाधिकारों के विरुद्ध मानते हुए रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब ब्रिटेन खुद अफ्रीकी देश रवांडा को असुरक्षित मानता रहा है तो ऐसे में वह शरणार्थियों को वहां कैसे भेज सकता है।

250 किमी तक मारक क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल का हुआ परीक्षण

बालासोर। भारत लगातार अपनी मिसाइली ताकत को बढ़ाते हुए नए-नए किस्म के मिसाइलों का परीक्षण करता चला आ रहा है। इसी के तहत आज मंगलवार को रात करीब 7:30 बजे मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के एक नए संस्करण का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया। यह मिसाइल अपने सभी मानकों पर खरी उतरी। आज के इस प्रक्षेपण को स्ट्रैटेजिक फोर्स कमांड के तत्वाधान में किया गया। प्रक्षेपण के दौरान कमांड की परिचालन क्षमता एकदम सटीक रही, यह नई प्रौद्योगिकिए के सभी मानकों पर खरी उतरी मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के तटवर्तीय प्रक्षेपण केंद्र अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया।

पहले भी कई अत्याधुनिक मिसाइलों का सफल परीक्षण किया गया

इससे पहले भी भारत कई प्रकार के अत्याधुनिक मिसाइलों का परीक्षण किया है, चाहे नए किस्म के मिसाइल हो तो उनको समय की मांग के अनुसार नई-नई किस्म की एवं अत्याधुनिक साजो समान से लैस किया जाता है। यदि पुरानी मिसाइल हो चाहे वह बैलिस्टिक सीरीज की हो या फिर क्रूज सीरीज की, इन सभी मिसाइल को भी अत्याधुनिक बनाया जा रहा है।



जल्द ही और कई अत्याधुनिक और नए किस्म के बैलिस्टिक और क्रूज सीरीज की मिसाइल का परीक्षण भारत का डीआरडीओ यानी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन करने वाला है। यहां उल्लेखनीय है कि सुबह और दोपहर के समय मिसाइलों के सफल परीक्षण के बाद भारत मुख्यत: रात के समय बैलिस्टिक और क्रूज सीरीज की मिसाइल का परीक्षण करने में लगा है।

80 भूकंप के झटकों से कांपा ताइवान, कई इमारतें हिलीं

ताइपे। ताइवान में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबित, सोमवार देर रात आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 आंकी गई है।

सोमवार रात से लेकर मंगलवार तड़के तक 80 से अधिक भूकंप आए, जिसमें 6.3 तीव्रता सबसे शक्तिशाली था। कुछ भूकंपों के कारण राजधानी ताइपे की कुछ इमारतें भी हिल गई हैं। भूकंप बड़े पैमाने पर ग्रामीण पूर्वी काउंटी हुलिएन पर केंद्रित थे। इससे पहले आई रिपोर्ट के मुताबिक पूर्वी ताइवान के हुलिएन काउंटी के शौफेंग टाउनशिप में 9 मिनट के भीतर भूकंप के पांच झटके महसूस किए गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार किसी के कोई हताहत होने की सूचना नही है।

पहली बार 4 लाख पर्यटक पहुंचे

श्रीनगर : ट्यूलिप गार्डन में मार्च 23 से अब तक 3,99, 138 पर्यटक पहुंच चुके हैं। इनमें 2,738 विदेशी भी हैं। अकेले ईद के अगले दिन यहां 30,600 पर्यटक पहुंचे। अभी पर्यटन का एक हफ्ता अभी और बच्चा है। यह पहली बार है जब ट्यूलिप गार्डन में 4 लाख पर्यटक पहुंचे। ● एजेंसी

पंजाब में आतंकी गिरफ्तार, घाटी में करना चाहता था हमला

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने एक आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर पाकिस्तान में बैठे आका के निर्देश पर काम को अंजाम दे रहा था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी को जम्मू-कश्मीर में भय और अशांति पैदा करने के लिए लक्षित हत्याएं करने का काम सौंपा गया था।

डीजीपी ने कहा कि आरोपी को पाकिस्तान में बैठे उसके आका कथित रूप से निर्देश दे रहे थे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि काउंटर इंटेलिजेंस (पंजाब पुलिस), जालंधर ने सीमा पार बैठे आतंकियों द्वारा लक्षित हत्याएं करने की साजिश को नाकाम कर दिया।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने नए शोध में किया खुलासा, सौर मंडल के गठन के तुरंत बाद शुरू हुआ विशाल ग्रह का प्रवासन

ग्रहों को ऑर्बिट में स्थापित होने में लगे 60 से 100 मिलियन वर्ष

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : हमारे सौर मंडल के पृथ्वी समेत अन्य ग्रहों को अपनी ऑर्बिट बनाने में 60-100 मिलियन वर्षों का समय लगा। इन्हें एक स्थान में स्थापित करने में बड़ी भूमिका विशाल ग्रहों की रही। नए शोध के बाद यह रोचक जानकारी सामने आई है।

वैज्ञानिकों के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि हमारे सौर मंडल में प्राकृतिक स्थिरता कैसे आई। यह हम जानते हैं कि ग्रहों के निर्माण के साथ सौर मंडल कैसे अस्तित्व में आया। मगर इनको अपनी ऑर्बिट में स्थापित होने के बारे में हमारी जानकारी आज भी अधूरी है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों ने हाल ही में शोधकर, इस रहस्य से पर्दा उठाया है। शोधकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे सौर मंडल में करोड़ों वर्ष पहले जो कुछ हुआ, उसे सुलझाना चुनौतीपूर्ण है। मगर इतना जरूर है कि ग्रहों को प्राकृतिक स्थिरता की तलाश में बेतहाशा अलग-अलग द्रव्यमान वाली लाखों वस्तुएं, अरबों वर्षों तक परस्पर क्रिया करती रहीं। विशाल ग्रहों का प्रवास भी इस प्रक्रिया में शामिल रहा है।

शोध से पता चलता है कि विशाल ग्रह का प्रवासन सौर मंडल के गठन के तुरंत बाद शुरू हुआ।

ग्रहों का प्रवास एक सुस्थापित विचार है। ग्रैंड-टैक परिकल्पना के अनुसार बृहस्पति पहले 3.5 खगोलीय इकाई एयू की दूरी मे स्थापित हुआ। इसके बाद 1.5 एयू तक अंदर की ओर चला गया।

और फिर से 5.2 एयू पर वापस चला गया और यहीं पर प्राकृतिक अवस्था में स्थिर हो गया। शनि ग्रह भी इसी तरह से एक स्थान पर स्थापित होकर, अपनी कक्षा में चक्कर लगाने लगा। लीसेस्टर विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजिक्स एंड एस्ट्रोनॉमी के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। शोध डॉ. क्रिसा एवडेलिडौ के नेतृत्व में किया गया। डॉ. एवडेलिडौ के अनुसार हमारे ग्रहों की कक्षाएँ गतिशील प्रक्रियाओं के कारण अस्थिर हो गईं और फिर उन्होंने अपनी अंतिम स्थिति ले ली। जैसा कि हम आज देखते हैं।



हमारे सौर मंडल के गठन की प्रतीकात्मक तस्वीर।

जटिल सुंदर पहेली है सौर मंडल का अतीत

शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि सौर मंडल का इतिहास एक जटिल सुंदर पहेली है। जिसे समझ पाना आसान नही है। नए शोध से इस बारे में तथ्यात्मक जानकारी मिलती है। पृथ्वी पर जीवन का उद्भव कैसे हुआ, यह बेहद रोचक है। मगर इस ग्रह पर जीवन के अस्तित्व को बनाए रखना भी बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को हम सबको स्वीकार कर पृथ्वी के वातावरण को शुद्ध रखना होगा।

समुद्री चुनौतियों से निपटने को सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ओमान

नई दिल्ली। भारत और ओमान ने समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए एक दूसरे के साथ सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है इससे क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और रॉयल ओमान पुलिस तटरक्षक (आरओपीसीजी) के बीच मंगलवार को पांचवीं वार्षिक उच्च-स्तरीय बैठक में यह सहमति बनी। इस बैठक को समुद्री क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय अवैध गतिविधियों से निपटने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों में मील का पत्थर माना जा रहा है। रॉयल ओमान पुलिस कोस्ट गार्ड के सहायक कमांडिंग अधिकारी कर्नल अब्दुल अजीज मोहम्मद अली अल जाबरी ने बैठक में अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बैठक भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल की अध्यक्षता में हुई।

कर्नाटक सरकार का हुक्का बार प्रतिबंध का फैसला सही

बेंगलुरू, एजेंसी

- कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा- हुक्का सिगरेट से कम खतरनाक नहीं इससे फैलती हैं कई बीमारियां

कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के हुक्का बार पर प्रतिबंध जारी रखने के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि हुक्का भी सिगरेट जितना ही खतरनाक है। सिगरेट पर तो दुनिया भर में किसी न किसी तरह का प्रतिबंध है, लेकिन हुक्का पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

जहां सिगरेट-शराब पर चेतावनी लिखी होती है, वहीं हुक्के पर कोई चेतावनी तक नहीं होती। यह मान्यता है कि हुक्का ज्यादा नुकसान नहीं करता। कोर्ट ने कहा- यही वजह है कि हुक्का बार धड़ल्ले से चल रहे हैं। कोर्ट ने कहा- हुक्का में भी वहीं हानिकारक तत्व हैं, जो सिगरेट में हैं। दोनों में तंबाकू होता है। कई अध्ययनों में यह साफ है कि हुक्का से भी फेफड़ों का कैंसर

हो सकता है। यहां तक कि हुक्का सिगरेट से ज्यादा खतरनाक है क्योंकि हुक्के का एक सत्र करीब 1 घंटे का चलता है, जिसमें 200 पफ लेते हैं। यह 100 सिगरेट पीने जैसा है। कोर्ट ने कहा कि हुक्का पीने से हेपेटा इटिस और अल्सर जैसी बीमारियां हो रही हैं, क्योंकि हुक्का समूह में पीते हैं और एक-दूसरे को देते जाते हैं। ऐसा करने से सफाई का ध्यान नहीं रखा जा पाता और बीमारियां एक से दूसरे में फैलती हैं।